ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

डालटनगंज एवं रांची (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● आश्विन शुक्ल पक्ष 04 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 18 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-05 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

## नवरात्र : चौथा दिन

### मां कूष्माण्डा मंत्र



सुरासम्पूर्ण कलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे॥

**मां कूष्माण्डा ध्यान मंत्र-** रुधिर से परिप्लुत और सुरा से परिपूर्ण कलश को दोनों करकमलों में धारण करने वाली कूष्माण्डा दुर्गा देवी मेरे लिए शुभदायिनी हों।

## बिल्डर ज्ञान प्रकाश की जमानत पर सुनवाई 31 को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने 75 करोड़ रुपये का बैंक लोन लेकर धोखाधड़ी करने के मामले में जेल में बंद बिल्डर ज्ञान प्रकाश सरावगी की जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 31 अक्टूबर निर्धारित की है। मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जवाब दाखिल हो चुका है। ईडी के अधिवक्ता की अस्वस्थता की वजह से समय की मांग की गई। ज्ञान प्रकाश सरावगी को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। मामले में ईडी ने ईसीआईआर 1 /2022 दर्ज किया था। बैंक आफ इंडिया व यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया को 75 करोड़ रुपये का चूना लगाने के मामले में मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत अनुसंधान कर रही ईडी ने रांची के कांके रोड निवासी बिल्डर ज्ञान प्रकाश सरावगी सहित 10 आरोपितों के खिलाफ ईडी की रांची स्थित विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल किया है। अन्य आरोपितों में ज्ञान प्रकाश सरावगी का चार्टर्ड अकाउंटेंट अनीस अग्रवाल, अमित सरावगी, अभिषेक अग्रवाल और उनकी छह कंपनियां शामिल हैं। ज्ञान प्रकाश सरावगी 29 मार्च, 2022 से जेल में हैं। ईडी ने उसकी अब तक उनकी 38 करोड़ की अचल संपत्ति जब्त कर ली है।

### सीएम ने वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों की समीक्षा की, बोले

# सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे



### स्वास्थ्य सुविधा, सुरक्षा, आवागमन का पुख्ता रहे इंतजाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हॉकी स्टेडियम के आसपास क्षेत्र में जितनी एलइडी लाइट्स खराब हैं उन्हें जल्द बदलें। चैंपियनशिप के दौरान शहर में 24७7 बिजली व्यवस्था बहाल रहे। खिलाड़ियों एवं अतिथियों के आवागमन के लिए वाहन की पर्याप्त व्यवस्था करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्टेडियम की तैयारी, विभिन्न कनेक्टिविटी, अतिथियों की सुविधा, सुरक्षा, यातायात और भीड़ प्रबंधन, चिकित्सा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों की समीक्षा करते हुए कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल टीम के साथ-साथ एंबुलेंस का पुख्ता व्यवस्था रखें।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों के साथ झारखंड (रांची) की मेजबानी में 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक आयोजित होने वाले वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इसमें अधिकारियों ने झारखंड (रांची) की मेजबानी में विमेन एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों की बिंदुवार विस्तृत जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखी।

**हॉकी चैंपियनशिप का मिशन मोड में हो प्रचार-प्रसार :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि विमेन एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 का भव्य आयोजन राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। यह आयोजन राज्य सरकार द्वारा खेल के विकास के प्रति किए जा रहे कार्यों को प्रदर्शित करेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विमेन एशियन हॉकी चैंपियनशिप 2023 के आयोजन में किसी प्रकार की कोई कमी न रहे इसका पूरा ध्यान रखें। इस चैंपियनशिप का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार हो इस निमित्त मेकेनिज्म तैयार कर जल्द प्रचार-प्रसार शुरू करें। हॉकी चैंपियनशिप का प्रचार-प्रसार मिशन मोड में सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबलों का लाइव टेलीकॉस्ट एलइडी स्क्रीन्स पर सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम के अंदर एवं बाहर जितनी एलइडी स्क्रीन्स लगी हैं उनकी गुणवत्ता में सुधार करें।

## गागर में सागर

### दुर्गा पूजा पर निजी स्कूलों में छह और सरकारी स्कूलों में पांच दिनों की छुट्टी

**रांची।** शहर के सभी स्कूलों में दुर्गा पूजा की छुट्टी की घोषणा कर दी गयी है। निजी स्कूलों में 20 अक्टूबर से होगी। मिशन स्कूलों में भी 20 अक्टूबर से अवकाश रहेगा। निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को छह दिनों का अवकाश मिलेगा जबकि सरकारी स्कूलों को पांच दिनों का अवकाश मिल रहा है। सरकारी स्कूलों में 21 अक्टूबर से अवकाश रहेगा। सभी स्कूलों में 25 को अवकाश समाप्त हो जाएगा। मंगलवार 24 अक्टूबर को रावण दहन होगा और गुरुवार 26 अक्टूबर से सभी स्कूल अपने निर्धारित समय से चलेंगे।

### ओडिशा में करोड़ों की ठगी कर रांची में छिपे दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** ओडिशा पुलिस की इकोनॉमिक ऑफिंस विंग ने ओडिशा में करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपितों को सोमवार रात यहां दबोच लिया। इन गिरफ्तारी स्थानीय पुलिस के सहयोग से की गई। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने इसकी पुष्टि की है। रांची के पुंदाग थाना के प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि ओडिशा से आए इकोनॉमिक ऑफिंस विंग के अधिकारियों और जवानों के साथ क्षेत्र के बिमल श्याम विहार अपार्टमेंट में छापा मारकर अमर डेनिश और पीयूष कुमार उर्फ निशांत को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों मूल रूप से बिहार के भागलपुर जिले के रहने वाले हैं। इस समय दोनों रांची में छिपे हुए थे। दोनों के खिलाफ ओडिशा में इकोनॉमिक ऑफिंस विंग थाना में मुकदमा (संख्या -21/22) दर्ज हुआ था।रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा कहना है कि ओडिशा पुलिस आज दोनों को कोर्ट में प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड में लेगी। इसके बाद दोनों को भुवनेश्वर ले जाएगी।

### मुख्यमंत्री के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ओर से सरायकेला खरसांवा के आदित्यपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी (418/2014) को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट की सुनवाई मंगलवार को हुई। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने हेमन्त सोरेन के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 21 नवंबर को होगी। याचिकाकर्ता ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान वह अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गए थे। उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया था लेकिन उन पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले की सुनवाई पूर्वी सिंहभूम की निचली अदालत में चल रही है।

### सीएम ने स्वास्थ्य विभाग की अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की

# 108 एंबुलेंस सेवा को हर हाल में सुदृढ़ करें : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना, आयुष्मान भारत योजना, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के द्वारा संचालित अस्पतालों की स्थिति एवं 108 एंबुलेंस सेवा के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना तथा आयुष्मान भारत योजना का लाभ राज्य की जनता को वास्तविक और पूर्ण रूप से मिले यह सुनिश्चित करें। इन स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत जो नए प्रावधान किए गए हैं उनका पूरा उपयोग हो। इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रक्रियाओं में कोई जटिलता न रहे इसका पूरा ख्याल रखें। राज्य की जनता को चिकित्सा अनुदान का पूरा लाभ सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी मरीज को नियम के चक्करों में न उलझाएं। योजनाओं का लाभ लेने को लेकर कहीं कोई भ्रम की स्थिति न उत्पन्न हो इस निमित्त प्रक्रियाओं को सरल और सहज बनाएं।



मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य में संचालित 108 एंबुलेंस सेवा को लेकर निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। राज्य के भीतर 108 एंबुलेंस सेवा आगामी 15 नवंबर 2023 तक हर हाल में सुधरनी चाहिए। उक्त तिथि तक सभी एंबुलेंस पूर्ण रूपेण कार्यरत किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि एंबुलेंस सेवाओं में लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हर हाल में चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त करें। एंबुलेंस सेवा सुचारु रूप से जनता को समय से उपलब्ध होनी चाहिए। संवेदनहीनता किसी भी स्थिति में क्षमा योग्य नहीं होगा। बैठक में पंजीकृत श्रमिक वर्ग के स्वास्थ्य बीमा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पंजीकृत श्रमिकों को 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा लाभ दिए जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री के समकक्ष अधिकारियों द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के द्वारा संचालित नामकुम (रांची), आदित्यपुर (सरायकेला-खरसावां) एवं मैथन (धनबाद) स्थित अस्पतालों के अद्यतन कार्य प्रगति की रखी गई। आने वाले समय में बोकारो एवं देवघर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के नए अस्पताल की स्थापना को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा सेवा एवं परिवार कल्याण मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल, प्रधान सचिव वित्त विभाग अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, श्रम विभाग के सचिव राजेश शर्मा, श्रमायुक्त संजीव बेसरा, एमडी एनएचएम आलोक त्रिवेदी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर है विशेष जोर : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के ग्रामीण और सुदूर जनजातीय क्षेत्रों में सड़क परिवहन और आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाने पर सरकार का विशेष जोर है ।इस कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों को प्रखंड , अनुमंडल और जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू किया जाना है। ताकि, दूर दराज के गांव में रहने वाले लोगों को सुलभ परिवहन व्यवस्था उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को इस योजना को लेकर परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करते हुए कई अहम निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के रूट निर्धारण में सार्वजनिक उपयोगिता वाले स्थलों का विशेष ध्यान रखें ।इस योजना के तहत बसों के संचालन के लिए इस तरह रूट निर्धारित करें कि अस्पताल, विद्यालय, महाविद्यालय, साप्ताहिक हाट औ? स्थानीय बाजार और रेलवे स्टेशन अवस्थित हों। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी और इस योजना की उपयोगिता बनी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों को इस योजना के तहत संचालित बसों की जानकारी लगातार मिलती रहे, इसके लिए एक एप्प तैयार करें। इस एप्प में ऐसी व्यवस्था हो कि लोगों को यह पता चल सके की बस कब खुलेगी। बस कहां पहुंची है और कब तक उनके गंतव्य पर पहुंच जाएगी ।इससे ग्रामीणों को सूचना के अभाव में बसों के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना की उपयोगिता बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि इस योजना के तहत संचालित बसों के सिटीजन मॉनिटरिंग की पुख्ता व्यवस्था हो, ताकि कोई भी वाहन संचालक इसका नाजायज लाभ नहीं ले सके।

बैठक में परिवहन मंत्री चम्पाई सोरेन, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे परिवहन विभाग के सचिव कृपानंद झा और संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रदीप कुमार मौजूद थे।

### कुछ ऐसी है मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना

- इस योजना का पहला चरण में 250 बसों को संचालित करने की योजना है।
- इस योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिक, विद्यालय और महाविद्यालय के विद्यार्थी, दिव्यांग, एचआईवी पॉजिटिव, विधवा और झारखंड आंदोलनकारी को बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा होगी।
- इस योजना के तहत निर्धारित रूटों पर बस संचालित करने वाले बस संचालकों को वाहन खरीद पर सब्सिडी दी जाएगी। इसके अलावा परमिट और फिटनेस शुल्क माफ कर दिया जाएगा।

## दुर्गा पूजा को लेकर राज्य में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त, तैनात रहेंगे 10 हजार जवान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में दुर्गापूजा में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को लेकर 10 हजार जवानों की तैनाती की गई है। इसमें चार हजार 975 होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे। बुधवार से राज्य के 24 जिलों में अतिरिक्त बलों की तैनाती रहेगी। यह प्रतिनियुक्ति दुर्गापूजा समाप्ति 26 अक्टूबर तक रहेगी। जानकारी के अनुसार त्योहार को शांतिपूर्व संपन्न कराने के लिए सादे लिबास में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। जिलों में प्रतिनियुक्त जवान दंगा नियंत्रण उपकरणों, लाठी, हेलमेट, बाडी प्रोटेक्टर, केन शील्ड, टियर गैस गन, एंटी रायट गन, वाटर कैनन और वज्र वाहन के साथ तैनात रहेंगे। रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग में बम निरोधक दस्ता की भी तैनाती की गई है। सुरक्षा के लिहाज से जैप, आईआरबी, एसआईआरबी के कई कंपनी को तैनात किया गया है। राज्य में पूजा पंडालों में विशेष सुरक्षा इंतजाम किये गये हैं। संवेदनशील पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे से असामाजिक तत्वों पर नजर रखा जाएगा। संवेदनशील पूजा पंडालों को चिह्नित कर कड़ी निगरानी रखते हुए पर्याप्त संख्या में बल की तैनाती की गई है। साथ ही स्थानीय लोगों से लगातार संपर्क बनाए रखने के लिए सघन गश्ती और चेकिंग करने का निर्देश भी दिया गया है। इसके लिए अफवाहों से निपटने की भी खास तैयारी की गई है। सूचना तंत्र और सोशल मीडिया सेल को सक्रिय रहने की हिदायत दी गई है। अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों को चिह्नित कर सतर्कता बरती जा रही है। आपत्तिजनक पोस्ट डालकर, अफवाह फैलाकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले उपद्रवियों पर विशेष निगरानी रखने का भी आदेश दिया गया है। सबसे अधिक फोर्स की तैनाती राजधानी रांची, धनबाद, जमशेदपुर,बोकारो सहित अन्य शहरों में की गई है। वहीं दूसरी ओर राजधानी रांची में लगभग तीन हजार पुलिस वालों की तैनाती की गई है। इसके अलावा सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। झारखंड पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने मंगलवार को बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## हजारीबाग : डैम में डूबने से 6 स्कूली छात्रों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जिले के इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल पार्क के शालपर्णी जंगल से सटे लोटवा डैम में नहाने गए छह स्कूली छात्रों की डूबने से मौत हो गई। घटना मंगलवार की है। बताया गया कि ये सभी हजारीबाग के माउंड एग्माउंट स्कूल में प्लस टू में पढ़ते थे। मंगलवार सुबह करीब दस बजे सात छात्र हजारीबाग से बाइक और स्कूटी पर सवार होकर डैम में नहाने पहुंचे थे। यह डैम हजारीबाग नेशनल पार्क के पास स्थित है। सभी ने स्कूल ड्रेस डैम के किनारे उतार दिया और नहाने के लिए उतर गए। माना जा रहा है कि इनमें से कोई एक गहरे पानी में चला गया, जिसे बचाने के चक्कर में छह छात्र डूब गए। एक छात्र किसी तरह बाहर निकला। घटना की सूचना जैसे ही इचाक पुलिस को मिली, वह घटनास्थल पर पहुंची। डूबने वाले छात्रों में हजारीबाग के ओकनी मोहल्ले का रजनीश पांडे और सुमित कुमार, मटवारी का मयंक सिंह, दीपूगढ़ा का प्रवीण गोप, पीटीसी चौक का ईशान सिंह और मटवारी गांधी मैदान कॉलोनी का शिवसागर शामिल हैं। वहीं, एक छात्र शानू कुमार को मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में भर्ती कराया गया है। सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, लोटवा डैम में हादसे की दुखद खबर से मन व्यथित है।



### आईसीसी वर्ल्ड कप 2023

दक्षिण अफ्रीका - 207/10 ( 42.5 ओवर)

नीदरलैंड - 245/08 (43 ओवर)

**आज का मैच**

न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान चेन्नई (2 बजे से)

### 9-17 वर्ष की आयु के बच्चे रोज 3 घंटे सोशल मीडिया पर बिता रहे

# मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान का खतरा

**- आरएनएम**

**नई दिल्ली।** हाल ही में हुए एक राष्ट्रीय सर्वे के अनुसार भारत के 9-17 वर्ष की आयु के आधे से ज्यादा भारतीय युवा प्रतिदिन 3 घंटे से अधिक समय सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग पर बिता रहे हैं। इस सर्वे में देश के लगभग 50,000 माता-पिता शामिल थे। सर्वे में पाया गया कि 9 से 17 वर्ष की आयु के दस में से प्रत्येक छठा युवा प्रतिदिन तीन घंटे से अधिक सोशल मीडिया या गेमिंग प्लेटफॉर्म पर बिताते हैं।



अकेले महाराष्ट्र में 17 प्रतिशत माता-पिता ने कहा कि उनके बच्चे हर दिन 6 घंटे से ज्यादा समय तक ऑनलाइन रहते हैं। यही जवाब देश के 22 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने भी दिए। केवल 10 प्रतिशत माता-पिता ने कहा कि सोशल मीडिया या गेमिंग पर समय बिताने के बाद उनका बच्चा खुश महसूस करता है। अध्ययन से यह भी बात सामने आई है कि सोशल मीडिया सकारात्मक प्रभावों की तुलना में अधिक नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है।

अमेरिकी सर्जन जनरल डॉ. विवेक मूर्ति के अनुसार यदि कोई बच्चा हर दिन सोशल मीडिया पर 3 घंटे या इससे ज्यादा समय बिताता है तो उसमें डिप्रेशन देखा जा सकता है और उसके मानसिक स्वास्थ्य के भी नुकसान का गहरा खतरा है।

सोशल मीडिया के साथ लंबे समय तक जुड़ाव से आक्रामकता, अधीरता, अतिसक्रियता और अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों की संभावना बढ़ जाती है। सर्वे के मुताबिक 9-18 साल के बच्चे गैजेट के आदि हो गए हैं और इनके बिना रहना नहीं चाहते हैं। गैजेट के हद से ज्यादा इस्तेमाल के कारण बच्चों में सिर दर्द, बैक पेन व अवसाद देखने को मिल रहा है।

### निलंबित आईएएस अफसर छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई 20 को

**रांची।** जमीन घोटाले के आरोपित निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक ने बहस के लिए समय देने का आग्रह किया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने जमानत पर बहस के लिए 20 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व सोमवार को छवि रंजन की ओर से ममाले में जमानत याचिका दाखिल की गयी थी। यह मामला चेशायर होम रोड में फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़ा है। इससे पहले उन्होंने बरियातू के सेना की जमीन से जुड़े दूसरे केस में जमानत याचिका दाखिल की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था।

## विधानसभा में विधायक अमर बाउरी को मिला नेता प्रतिपक्ष का दर्जा

**रांची।** भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री अमर बाउरी को झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा मिल गया है। विधानसभा सचिवालय ने इस संबंध में मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर की अधिसूचना के अनुसार बाउरी को 16 अक्टूबर की तिथि से ही नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 2019 में दिसंबर महीने में हुए विधानसभा चुनाव के बाद से ही नेता प्रतिपक्ष का पद खाली था। मुख्य विरोधी दल भाजपा ने चुनाव के तुरंत बाद इस पद के लिए किसी का चयन नहीं किया था। बाद में फरवरी 2020 में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व वाली झारखंड विकास मोर्चा के भाजपा में विलय होने के बाद मई 2020 में उन्हें भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था लेकिन उनके खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष के न्यायाधिकरण में दलबदल का मामला लंबित रहने के कारण अब तक उन्हें नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता नहीं दी गई थी। करीब तीन महीने के इंतजार के बाद केन्द्रीय राज्य पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक विभाग मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को पत्र भेज कर जानकारी दी कि अमर कुमार बाउरी को भाजपा विधायक दल के नेता और जय प्रकाश पटेल को सचेतक की कमान सौंपने की बात केंद्रीय नेतृत्व से कही है, जिसकी औपचारिक मंजूरी मिल गई है और इस संबंध में वह आगे की कार्रवाई करें। इसके बाद ही भाजपा ने विधानसभा सचिवालय को इस संबंध में सोमवार को पत्र भेजा था।

## गागर में सागर

### भगत सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का बसपा नेता ने किया उद्घाटन

**नावा बजार।** बिश्रामपुर मझीआव विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड पांडू ग्राम नेवरी में वीर भगत सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए बसपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी राजन मेहता उनके द्वारा टॉस कर मैच का उद्घाटन किया गया। उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों से हाथ मिलाते हुए अच्छे खिलाड़ी बनकर देश एवं समाज का नाम रोशन करने की बात कही। इस मौके पर उपस्थित सीलदीली पंचायत मुखिया प्रतिनिधि डॉ. बालमुकुट पासवान, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुनील पाल , इस कार्यक्रम के कमेंट्री कर रहे शिक्षक रमेश ठाकुर राजेंद्र राम संजय ठाकुर पप्पू ठाकुर अजय ठाकुर सोनू रवि, लक्ष्मी मेहता सफी अलम, मनीष सिंह अनिल मेहता संजय मेहता कमेटी के पदाधिकारी एवं सैकड़ो दर्शक उपस्थित थे।

### पूजा पंडाल में वृंदावन के कलाकारों ने किया रासलीला का आयोजन

**हरिहरगंज।** नवयुवक सांस्कृतिक समिति हरिहरगंज के द्वारा शहर के आरसी लाल चौक के किनारे सोमवार की रात वृंदावन से आये कलाकारों ने रासलीला का मंचन किया। इससे पहले बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन व विशिष्ट अतिथि पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पूजा कमेटी के द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# सहायक अध्यापकों ने बीआरसी में जड़ा ताला

### कहा-क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी से लगातार संपर्क किया गया, किंतु वह अनसुनी करते रहे



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के कक्षा 6 से 8 के सहायक अध्यापकों का प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार से सेवा संपुष्टि व माह जनवरी से वर्धित चार प्रतिशत इंक्रीमेंट लंबित रहने से क्षुब्ध सहायक अध्यापकों ने बीआरसी कार्यालय हैदरनगर में मंगलवार को तालाबंदी कर जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने मौजूद बीईईओ महेंद्र प्रजापति व बीपीओ नरेन्द्र कुमार सिंह को बाहर कार्यालय में तालाबंदी कर धरना पर बैठ गये। क्षेत्र में आये उपायुक्त को भी सहायक अध्यापकों ने शिक्षा अधिकारियों के कार्यशैली से अवगत कराकर न्याय की गुहार लगायी। उपायुक्त शशिरंजन ने निश्चित कार्रवाई का आश्वासन दिया। सहायक अध्यापकों ने कहा कि प्रखंड स्तरीय प्राधिकार का गठन किया जा चुका है। बावजूद सदस्य सचिव सह क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी राम नरेश राम के उदासीन रवैये, स्वेच्छाचारिता व टालमटोल नीति से अब तक प्राधिकार का बैठक भी नहीं किया जा सका है। जिससे सहायक अध्यापक माह जनवरी से अब तक वर्धित इंक्रीमेंट से भी वंचित हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिये क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी से लगातार संपर्क किया गया, किंतु अनसुनी करते रहे। उन्होंने यह भी कहा कि उनका कार्यशैली शिक्षकों को अनावश्यक तंग करने, भयादोहन करने का रहा है। जिससे क्षेत्र के शिक्षकों में रोष व्याप्त है। मौके पर एकीकृत सहायक अध्यापक संघ के पलामू जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सहायक अध्यापक प्रतिनिधि विजय बहादुर सिंह, विरेंद्र कुमार सिंह, मशकूर अहमद, शशिभूषण सिंह, निरंजन सिंह, वीरेंद्र मेहता, एकबाल अहमद, श्रवण श्रीवास्तव, अनूप कुमार, लवकेश सिंह, योगेंद्र साहू, राजेन्द्र पाल, लखन कुमार, शगुफ्ता खातून सहित कई सहायक अध्यापक शामिल हैं।

# मोतियाबिंद के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा, आंखों की होगी जांच

**नवीन मेल संवाददाता**



**विश्रामपुर ।** सामुदायिक केंद्र द्वारा एक अनूठी पहल शुरू की गई है। इसके तहत मोतियाबिंद के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस दौरान शिविर लगाकर लोगों के आंखों की जांच होगी। मोतियाबिंद पाये जाने पर उसका मुफ्त उपचार भी किया जायेगा। इसके लिए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा एक जागरूकता रथ भी क्षेत्र में मंगलवार को रवाना किया गया। यह रथ विश्रामपुर के सभी स्वास्थ और उप स्वास्थ केंद्रों पर भी जायेगी। रथ को सीएस डॉ. अनिल कुमार और चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से झंडा दिखाकर आज रवाना किया। सीएस अनिल कुमार सिंह ने कहा कि विश्रामपुर सीएचसी का यह अनूठा प्रयोग कबीले तारीफ है। विश्रामपुर में सफलता के बाद इसे पूरे जिले में लागू करने का प्रयास किया जायेगा। चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमार ने कहा कि लोगों को मोतियाबिंद से बचाव और उसके उपचार के बारे में बताया जायेगा। हमारा प्रयास है कि यहां के लोगों को हर तरह का चिकित्सीय लाभ मिले। स्वास्थ्य सेवा लोगों के घर तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि आगामी 20 अक्तूबर को बसना और भंडार स्वास्थ्य केंद्र में रथ पहुंचने पर शिविर आयोजित की जायेगी,जिसमे लोगों के आंखो का जांच होगा.मौके पर डॉ मनोज कुमार,बीपीएम पंकज पांडेय, बीएम पंकज सिंह,अनिल कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# पूर्व विधायक की पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** विधानसभा के पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता की पहल पर हरिहरगंज प्रखंड के शिकारपुर गांव में जले ट्रांसफार्मर के जगह पर 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर विभाग द्वारा मंगलवार को उपलब्ध कराया गया है। ट्रांसफार्मर लग जाने से गांव के लोगो को बिजली समस्या से राहत मिलेगी। पूर्व विधायक श्री मेहता ने बताया कि ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर जल जाने से बिजली समस्या की बात बताई थी। लोगों की समस्या को देखते हुए बिजली विभाग के पदाधिकारियों से बात कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। इसके लिए विजय पासवान, कामेश्वर मेहता, भगवान शर्मा, पूर्व प्रमुख सीताराम पासवान, संजय पासवान, विकास साव, चंदन साव, मुकेश साव, डॉ. दिलीप कुमार सहित कई ग्रामीणों ने पूर्व विधायक के प्रति आभार जताया है।

### टैलेंट सर्च एग्जाम का आयोजन, बच्चे सम्मानित

**हरिहरगंज।** प्रखंड के कौवाखोह पिरोजी स्थित द कॉन्सेप्ट क्लासेस में मंगलवार को विज्ञान व गणित विषय का टैलेंट सर्च टेस्ट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन। जिसमे कक्षा 5 से कक्षा 10वीं तक के 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सेंटर के तरफ से टॉप सुपर 30 की सूची तैयार की गयी। जिन्हें संस्थान के निदेशक मुकेश आर्यन, सहायक शिक्षिका प्रीति कुमारी तथा शिक्षक अनुज कुमार द्वारा सफल विद्यार्थियो को मेंडल, कप व पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया।

# प्रखंड प्रमुख राजकुमारी ने किया विद्यालयों का औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने मंगलवार को प्रखंड के कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय निमहत 11:15 बजे बंद पाया गया। जबकि प्रधानाध्यापक द्वारा सूचना पट्ट पर किसी प्रकार का सूचना नही लगाया गया था। प्रखंड प्रमुख ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार सुबह से ही विद्यालय बंद था। इसके अलावे उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय किशुनपुर व गड़ेरियाड़ीह कामत प्रधानाध्यापक द्वारा वितीय वर्ष 2022-23 में आवंटित रंग-रोगन की राशि की निकासी कर ली गयी है। जबकि विद्यालय का रंग रोगन भी नही किया गया है। उन्होंने विभागीय जांच कर पदाधिकारियों से उचित कारवाई की मांग की है।

**प्रशासन ने सड़क किनारे अतिक्रमण को हटाया**

# अतिक्रमण करने वाले को देना होगा जुर्माना : कार्यपालक पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र में मंगलवार को प्रशासन ने सड़क किनारे तथा बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण को हटाया। नगर पंचायत के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया तथा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के नेतृत्व में मेन रोड़ तथा दुर्गा मंदिर के समीप दुकानदारों द्वारा सड़क पर किये गये अतिक्रमण को हटाया गया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे बने फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को पांच सौ जुर्माना देना होगा। वहीं दुर्गा मंदिर मोड़ के समीप ऑटो लगाने पर जुर्माना वसूल किया जायेगा। पदाधिकारी ने बताया कि दक्षिण की ओर जाने वाले ऑटो न्यू बस स्टैंड यात्री शेड में रहेंगे। जबकि उत्तर की ओर जाने वाले तालाब के समीप रहेंगे। शहर को सुसज्जित करने का प्रयास किया जायेगा। वहीं नियम कानून के उल्लंघन करने वाले पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। अतिक्रमण अभियान में एएसआई संजय कुमार सिंह सहित कई पुलिस के जवान शामिल थें।

### प्रधानमंत्री आवास शत प्रतिशत पूरा करें : बीडीओ



**पाटन।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत लंबित आवास को पूर्ण कराने हेतु प्रखंड सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सभी स्वयंसेवक के साथ लंबित आवास का लाभुकवार समीक्षा की गई जिसमें 31 अक्टूबर 2023 तक हर हाल में सभी लंबित आवासों को शतप्रतिशत पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया । साथ ही वैसे लाभुक जिनकी मृत्यु हो चुकी है उनके योग्य आश्रित का चयन कर ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव 2 दिनों में उपलब्ध कराएंगे। जो लाभुक बाहर हैं उनके परिवार के सदस्यों से समन्वय बनाते हुए कार्य प्रारंभ कराये एवं आवास निर्माण कार्य मे शिथिलता बरतने वाले लाभुकों पर राशि वसूली हेतु हर हाल में 2 दिन में अंदर सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास कोऑर्डिनेटर शिवम जायसवाल उपस्थित थे।

### मध्य विद्यालय का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**विश्रामपुर।** बीडीओ विक्रम आनंद ने मंगलवार को स्थानीय मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की उपस्थिति से लेकर पठन - पाठन तक की जानकारी प्रभारी प्राचार्य अशोक तिवारी से ली। स्कूल परिसर में फैले गंदगी को देखकर बीडीओ विक्रम आनंद भड़क गये। उन्होंने प्रभारी प्राचार्य अशोक तिवारी को कड़ी फटकार लगाई और स्कूल परिसर को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। कहा कि शिक्षक और बच्चे यत्र तत्र मूत्र त्याग नही करें। सभी लोग मूत्रालय और शौचालय का उपयोग करें। हर हाल मे स्कूल परिसर को स्वच्छ रखें। उन्होंने शिक्षा के स्तर को भी बनाये रखने का निर्देश दिया। कहा कि शिक्षा के इस मंदिर में कोई भी लापरवाही या अनियमितता बर्दास्त नही की जायेगी। मौके पर कई शिक्षक और अभिभावक मौजूद थे।

**उपायुक्त-सह-अध्यक्ष,जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार,पलामू**
**(आपदा प्रबंधन प्रभाग)**

**अपील**

**दुर्गा पूजा के दौरान शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पन्डाल बनाये जाते हैं। दुर्गा पूजा के दौरान आग दुर्घटना एवं भगदड़ जैसे हादसों से बचने के लिये दुर्गा पूजा समिति निम्नलिखित सुरक्षा निर्देशों का पालन अवश्य करें .....**

- पन्डाल की दूरी किसी मकान या संरचना से कम से कम 15 से 20 मीटर रखें।
- पन्डाल की दूरी किसी गैस गोदाम, बिजली के उपकेन्द्र, ट्रान्सफर्मर, रेलवे लाईन, हाई टेंशन लाईन से कम से कम 20 से 25 मीटर रखें।
- पन्डाल को बनाने में नायलॉन की रस्सी एवं सिन्थेटिक कपड़ों का प्रयोग न करें।
- पन्डाल में प्रवेश एवं निकास के अलग–अलग रास्ते रखें। प्रवेश एवं निकास गेट पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा कर्मचारियों की व्यवस्था करें।
- मुख्य प्रवेश गेट एवं निकास के गेट कम से कम 5 मीटर चौड़ा होना चाहिये।
- प्रवेश कतार लगाकर करायें तथा पुरुष एवं महिला के लिये अलग–अलग कतार की व्यवस्था करें।
- निकास के रास्ते को जगह–जगह पर तीर के निशान के संकेत से प्रदर्शित करें, जिससे आम जनता को किसी इमरजेंसी के समय सुरक्षित निकास में मदद मिल सके।
- भगदड़ से बचाव के लिये भीड़ प्रबंधन की योजना पहले से बना कर रखें एवं उसे व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों के साथ साझा करें।
- पन्डाल में बिजली की वायरिंग किसी योग्य एवं प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन से करायें एवं हमेशा आई0एस0आई0 मार्क कॉपर के केबल का ही प्रयोग करें। नंगे तारों पर अच्छी प्रकार से टेप लगा कर रखें एवं उसे पहुंच से दूर रखें।
- कुर्सी पर बैठने के लिये बनाये गये दो पंक्तियों के बीच कम से कम 2.5 फीट का अन्तर रखें और सीट के दोनों ओर कम से कम 2.5 मीटर का स्थान खाली रखें।
- पन्डाल में ज्वलनशील पदार्थो को एकत्र करके न रखें।
- किचन पन्डाल से कम से कम 20 मीटर दूर रखें।
- पन्डाल के आसपास एवं आग संभावित क्षेत्र के आसपास पर्याप्त मात्रा में फायर एक्सटिंग्यूसर, पानी एवं बालू की व्यवस्था रखें।
- दुर्गा पूजा समिति पूजा शुरु होने से पूर्व अपने निकटतम फायर स्टेशन से आग से बचाव का अनापत्ति प्रमाण पत्र अवश्य प्राप्त करें।
- पन्डाल में प्रशिक्षित स्टाफ की देखरेख में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रखें।
- कार्यक्रम के दौरान एम्बुलेंस एवं अग्नि शमन सेवा को तैयार रखें।
- किसी भी आपातकाल से बचने के लिये वैकल्पिक मार्ग पहले से चिन्हित कर रखें।
- कार्यक्रम के दौरान लाउडस्पीकर द्वारा लोगों को सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी एवं चेतावनी देते रहें।
- पूजा के दौरान सुरक्षा के लिये पन्डालों में सी0सी0टीवी कैमरा जरुर लगा कर रखें।

**किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस सहायता के लिये 100, अग्नि शमन सहायता के लिये 101 एवं कन्ट्रोल रुम के लिये 06562–231589 नम्बर पर सम्पर्क करें।**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, पलामू द्वारा जनहित में जारी।

ह0/–
उपायुक्त,पलामू

PR 309314 Palamu(23-24).D

**कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, चतरा।**
**(आपूर्ति शाखा)**

**-: प्रेस विज्ञापन:-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरकार के संयुक्त सचिव, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, रांची के ज्ञापांक–549/रांची, दिनांक–27.02.2020 झारखण्ड राज्य के सभी जिलों में राष्ट्रीय खाद्य सूरक्षा अधिनियम 2013 लागू है। जिसके अन्तर्गत अन्त्योदय अन्न योजना (AAY) एवं पूर्वविक्ता प्राप्त ग्रहस्थ योजना (PHH) के माध्यम से खाद्यान्न एवं अन्य सामाग्रियों का वितरण किया जा रहा है। ऐसी सूचना प्राप्त हो रही हैं कि इस अधिनियम के अन्तर्गत कुछ ऐसे व्यक्ति AAY एवं PHH कार्ड बनाने में सफल हो गये हैं जो निर्धारित मानकों के आलोक में पात्र नहीं हैं। विदित हो कि सरकार द्वारा लाभूकों का चयन निर्धारित मानकों के आलोक में किया जाना है और **झारखण्ड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2022 की धारा 4 के उपधारा 3** के तहत दिये गये मानकों के अनुसार वैसे व्यक्ति/परिवार इस अधिनियम के अन्तर्गत लाभ लेने के पात्र नहीं होगें :–

(क) परिवार का कोई भी सदस्य, भारत सरकार/राज्य सरकार/केन्द्र शासित प्रदेश या इसके परिषद/उद्यम/प्रक्रम/उपक्रम अन्य स्वायत निकाय जैसे विश्वविद्यालय इत्यादि/नगर निगम/नगर पर्षद/नगरपालिका/न्यास इत्यादि में नियाजित हो, अथवा:
(ख) परिवार का कोई सदस्य, आयकर/सेवा कर/व्यावसायिक कर देते हैं, अथवा,
(ग) परिवार के पाँच एकड़ से अधिक सिंचित भूमि अथवा दस एकड़ से अधिक भूमि हैं, अथवा,
(घ) परिवार के किसी सदस्य के नाम से चार पहिया मोटर वाहन हैं, अथवा,
(ड़) परिवार के पास कमरों में पक्की दिवारें तथा छत के साथ तीन या इससे अधिक कमरों का मकान है, अथवा,
(च) परिवार के पास रेफिजेटर/एयर कंडिशनर/वॉशींग मशीन है, अथवा,
(छ) परिवार का कोई सदस्य, सरकार द्वारा पंजीकृत उद्यम का स्वामी या संचालक है, अथवा,
(ज) परिवार के पास मशीन चालित वार पहिये वाले कृषि उपकरण (ट्रैक्टर इत्यादि) हैं।

वैसे लाभूको जो निर्धारित मानकों के आलोक में पात्र नहीं है। उन्हें सूचित किया जाता है कि वे अपने राशन कार्ड/आवेदन पर ग्राम पंचायत के मुखिया/पंचायत समिति/अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि से हस्ताक्षर करवाकर प्रखण्ड आपूर्त्ति पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांकः–01.11.2023 तक अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें। सभी प्रखण्ड आपूर्त्ति पदाधिकारी इस प्रकार प्राप्त सभी राशन कार्ड/आवेदन पर अपना अनुसंशा एवं हस्ताक्षर के साथ दिनांक 04.11.2023 तक जिला आपूर्त्ति कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगें ताकि उस पर तदनुसार अग्रेतर निर्णय/कार्यवाही किया जा सके। भविष्य में अपात्र व्यक्ति/परिवार द्वारा अधिनियम का लाभ लिए जाने की सूचना प्राप्त होने पर उनके राशन कार्ड को रद्द करने के अतिरिक्त झारखण्ड लक्षित जन वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2022 के धारा (7) उपधारा (ii) के तहत निम्नलिखित कार्यवाही की जायगी :–

(क) आपराधिक कार्यवाही प्रांरभ की जायगी,
(ख) लिए गए राशन की वसूली राशन लिए जाने की तिथि से भू–राजस्व के बकाए के सदृश्य बाजार दर पर 12 प्रतिशत प्रतिवर्ष के ब्याज पर वसूली की जायगी।
(ग) यदि वह भारत सरकार/राज्य सरकार/कन्द्र शासित प्रदेश या इनके परिषद/उद्यम/प्रक्रम/उपक्रम/अन्य स्वायत निकास जैसे विश्वविद्यालय इत्यादि/नगर निगम /नगर परिषद/नगरपालिका /न्यास इत्यादि में नियोजित हो तो उपरोक्त के अलावा उस पर विभागीय कार्यवाही भी प्रारंभ की जायगी।

जिला आपूर्त्ति पदाधिकारी,
चतरा।

PR 309303 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 23-24 (D)

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–रौशन कुमार पासवान, उम्र–22 वर्ष, रंग–साँवला, ऊँचाई–5 फीट, 7 ईंच पहनावा– सफेद रंग का सर्ट और काला रंग का पैंट पहने हुए है।**

उपरोक्त लापता पुरूष रौशन कुमार पासवान, पिता –संजय पासवान, स्थायी पता–विशुनपुरा पोस्ट– कौचा, थाना–विशुनपुरा, जिला–गढ़वा, वर्तमान पता–मोहन नगर उडिया ब्रेक चुरी मध्य, पोस्ट– डकरा, थाना–खलारी, जिला–राँची जो घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नही आए है जिसके संबंध में खलारी थाना सनहा संख्या–14/23, दिनांक–15.05.23, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूश कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक खलारी,राँची। –9431742777
पु0नि0सह थाना प्रभारी खलारी, राँची। –9431706188

PR.NO.309370 Police(23-24):D वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

**ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- **239/RII/2023-24/RWD/LOHARDAGA** दिनांक :- **16.10.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ LOHARDAGA/ 13 /SRPKG-03/ 2022-23 | (i) आर0ई0ओ0 रोड माराडीह से ढोवा मोड़ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.200 कि0मी0)<br>(ii) पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड मन्हो से बिजली ऑफिस तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.850 कि0मी0)<br>(iii) जीमा से चटकपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.710 कि0मी0)<br>(iv) महुवा टोली से कुजरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.900 कि0मी0)<br>(v) हिरही (हर्रा टोली) से लोहरदगा कुडू मेन रोड से हिरही पाड़ा टोली तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.600 कि0मी0)<br>(vi) डी0ए0भी0 स्कूल जुरिया से पुरनाडीह सेमर टोली तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.350 कि0मी0) | 6,46,01,499.00 | छः करोड़ छियालीस लाख एक हजार चार सौ निनानवे रू0 मात्र | 09 माह | तृतीय |

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **20.10.2023**
3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **01.11.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **02.11.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
5.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
6.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2913010
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR309305 (Rural Work Department)23-24*D

**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)**
Email: - nphussainabad@gmail.com

**आम सूचना**
**"स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता –2023"**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्रांतर्गत "स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता –2023" 2.0 अन्तर्गत आगामी "स्वच्छ सर्वेक्षण–2024" को देखते हुए दुर्गा पूजा 2023 के अवसर पर "स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता" के माध्यम से पूजा पंडालों के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाने का कार्य किया जाना है। पूजा एवं त्योहारों के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ एवं पंडालों के इर्द–गिर्द ठोस अपशिष्ट का बढ़ाना आम बात है। जिसको कम करने का उत्तरदायित्व आम नागरिकों का भी है। उक्त प्रयास में अगामी दुर्गा पूजा में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु "स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता" का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। निकाय अन्तर्गत आने वाले पूजा पंडालों की स्वच्छता का मूल्यांकन दिनांक 20 से 24 अक्टुबर 2023 के दौरान निकाय द्वारा गठित टीम/समिति के द्वारा नीचे दिये गए तालिका में अंकित मापदण्डों के आधार पर किया जाएगा। मापदंड निम्नवत् है:–

| क0 | मापदंड | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1 | पूजा पंडालों/प्रतिमा निर्माण सामग्री में प्रकृति संरक्षण की झलक | 10 |
| 2 | पूजा पंडालों में कागज, पत्ता, जुट, या किसी बायोडिग्रेडेबल सामग्री से बने सामग्री का उपयोग। | 10 |
| 3 | पूजा पंडाल/परिसर में पेयजल, सरबत पीने के लिए Reusable ग्लास या कागज का ग्लास उपयोग। | 10 |
| 4 | पूजा पंडालों में प्रवेश व निकासी द्वारा अलग–अगल तथा महिला एवं पुरुष हेतु अलग–अलग कतार की व्यवस्था सुनिश्चित करना। | 10 |
| 5 | पूजा पंडाल/परिसर में Volunteer, ID Card के साथ होने चाहिए। | 10 |
| 6 | पूजा पंडाल/परिसर में सफाई के लिए स्वयं से किए गए व्यवस्था/उपाय। | 10 |
| 7 | पूजा पंडाल/परिसर में आस–पास के दुकानदारों एवं आम नागरिकों द्वारा गंदगी न फैलाना। | 10 |
| 8 | नशा मुक्ति, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने व स्वच्छता से संबंधित विज्ञापन पट्ट का प्रदर्शन और ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से प्रचार–प्रसार। | 10 |
| 9 | विज्ञापन के लिए बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग या फिर होडिंग के लिए Led Screen या स्टैंडी का प्रयोग। | 10 |
| 10 | पूजा पंडाल के आकार के अनुसार पर्याप्त संख्या में हरा एवं निला डस्टबिन की व्यवस्था कर आगन्तुकों द्वारा प्रयोग। | 10 |
| 11 | पूजा पंडाल से निकलने वाले कचड़े का पृथक्करण | 10 |
| 12 | पूजा पंडाल से निकलने वाले बायोडिग्रेडेबल कचड़े का डिस्पोजल | 10 |
| 13 | पूजा पंडाल से निकलने वाले नन–बायोडिग्रेडेबल कचड़े का निस्तारण करने के लिए निकाय को सौंपना | 10 |
| 14 | थूकने का स्थान की व्यवस्था और नागरिकों द्वारा उसका उपयोग | 10 |
| 15 | निकाय द्वारा चिन्हित विसर्जन स्थल में पूजा समिति के तत्वधान में प्रतिमा का विसर्जन | 10 |
| 16 | पूजा समिति या नागरिकों द्वारा किये गये इनोवेटिव वर्क | 10 |
| | कुल अंक | 160 |

पर्व/त्योहार के अवसर पर नापगरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता हेतु निकाय स्तर से स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मूल्यांकन अष्टमी, नवमी एवं दशमी को नगर पंचायत, गठित दल के द्वारा किया जायेगा, तथा उपरोक्त माप दंडों के आधार पर रैंकिंग करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले पूजा पंडालों को पुरस्कृत किया जायेगा। इस संदर्भ में जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Whatsapp No.7079214082,9608702990 पर या नगर पंचायत हुसैनाबाद कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

PR.NO.309300 District(23-24):D प्रशासक, नगर पंचायत हुसैनाबाद।

# दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा बड़ा तालाब के पास बना पुल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के साहित्य समाज चौक स्थित बड़ा तालाब के पास बना पुल घटना को आमंत्रित कर रहा है। बताते चलें कि इस रास्ते से प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। यदि इस जगह पर दुर्घटना हो जाती है तो लोगों का बचना मुश्किल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुल के पास सेफ्टी दीवार नहीं रहने की वजह से यहां कई बार दुर्घटना हो चुकी है। कुछ महीने पहले ही यहां पर एक ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पुल में जा गिरा था। जिसमें चालक अपनी चतुराई से बच गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस जगह पर सेफ्टी दीवार नहीं बनाया गया तो आने वाला समय में यहां पर कोई बड़ी घटना घट सकती है। वहीं कुछ वर्ष पहले ही एक युवक की शराब के नशे में पुल में गिरकर मौत हो गई थी।

## कजरी रेलवे ट्रैक से मिला युवक का शव

**मेदिनीनगर।** कजरी देवी मंडप के समीप डाउन पटरी के बगल में रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला है।घटना कब का है और शव किसका है इसकी जानकारी नहीं मिली है। शव से दुर्गंध निकल रहा है। इसकी जानकारी लाइन मैन द्वारा रेलवे को दिया गया है। हालांकि शाम तक शव को उठाया नही गया था। शव की पहचान नहीं हो सकी है।आशंका जताई जा रही है कि रेल से गिरकर युवक की मौत हुई होगी।

# 10 लाख की लागत से वृंदावन का चंद्रोदय मंदिर बनकर तैयार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शारदीय नवरात्र को लेकर पलामू जिले में तैयारियां पूरी हो चुकी है। अलग अलग स्थानों पर भव्य पंडाल बन कर तैयार हो चुके हैं। वहीं, शहर के आबदागंद में सम्राट क्लब के द्वारा राधा नगरी वृंदावन का प्रसिद्ध मंदिर चंद्रोदय मंदिर का प्रारूप तैयार किया गया है। मूर्ति में भी खास बंगला सेट मूर्ति बनाया गया है। इस पंडाल को बनाने के लिए खास तौर पर कोलकाता से कारीगर को बुलाए गए हैं। पंडाल भी इस बार खास तौर से वृंदावन के चंद्रोदय मंदिर की तर्ज पर बनाया गया है। एक और खास बात यह है कि वृंदावन से कथा वाचिका पूर्णिमा किशोरी को बुलाया गया है। जो नवरात्र में श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान करायेंगी। प्रतिदिन संध्या 7 बजे से रात 10 बजे तक कथा पंडाल परिसर में ही होगा।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह के तहत संगोष्ठी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज, मेदिनीनगर पलामू में विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह के तहत एक संघ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य समिति पलामू और वाईएसएनएम कॉलेज के राजनीतिक शास्त्र विभाग का सहयोग लिया गया। इस कार्यक्रम में जिला मानसिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद समीन के मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कई उदाहरणों में बताया कि बड़ों और बच्चों में किस तरह के सामाजिक पहलू और जीवन में स्टूडियो का सामना करना पड़ता है। आत्महत्या , हत्या आदि की भावना उत्पन्न होती है। मानसिक रोगी, चिंता, तनाव, मिर्गी की बीमारी, सिक्जोफेनिया, बच्चों में मंदबुद्धि, लर्निंग डिसएबिलिटी, ऑकसेसिव- कंपल्सिव डिसऑर्डर, अवसाद आदि के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में कॉलेज की प्रोफेसर कार्यशाला डॉ. मोहिनी गुप्ता, श्रीमती सीमा कुमारी, डॉ. मिनी टुडू, डॉ. जेनिफर गुड़िया, डॉ. ललिता भगत, डॉ. शालिनी मुर्मू, डॉ. दीपक पंडित, डॉ. सुप्रिया सोनालिका और अन्य शिक्षक एवं शिक्षक सचिव मौजूद थे।

## पुलिस ने आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार



**मेदिनीनगर।** शहर थाना की पुलिस ने कांड संख्या 119/21 और 144/22 के अभियुक्त छोटा डब्लू उर्फ अभिषेक सिंह, पिता- रणवीर सिंह के जेलहाता स्थित आवास पर इस्तेहार चिपकाया। एसआई जितेंद्र कुमार और एएसआई अनिल कुमार के नेतृत्व में इस्तेहार लगाने की कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार छोटा डब्लू ऊर्फ अभिषेक सिंह भारतीय दंड संहिता की धारा 386/387 का आरोपी है।

### जल प्रदूषण की रोकथाम को लेकर पलामू जिला प्रशासन की अनूठी पहल

# इस वर्ष ग्रीन जोन में विसर्जित होंगी मां दुर्गा की प्रतिमाएं

**जिला प्रशासन बनाएगा कृत्रिम जल कुंड, प्रतियोगिता का आयोजन**

**पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने वाली पूजा समितियों को मिलेगा 50, 25 व 10 हजार का पुरस्कार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एनजीटी एवं झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार जिले में दुर्गा पूजा समितियों के सहयोग से सभी मूर्तियों का विसर्जन तालाब, नदी आदि में नहीं करके कृत्रिम जल कुंड यानी ग्रीन जोन में कराने की एक अनूठी पहल जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए पूजा समितियों से जुड़े लोगों प्रेरित कर उनका सहयोग लेने की कवायदे शुरू कर दी गई है। सहयोग करने वाली समितियां जिला स्तर पर आयोजित होने वाले आस्था से स्वच्छता प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगी। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित होने वाली आस्था से स्वच्छता प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 50,000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 25,000 रुपए और तृतीय पुरस्कार के रूप में 10,000 रुपए की राशि प्रदान की जायेगी।




## मूर्ति विसर्जन करने हेतु नियम व शर्तें

प्रशासन द्वारा तैयार किये गए कृत्रिम कुंड में पृथक्करण करते हुए मूर्ति एवं पूजा सामग्री का विसर्जन करना है। रुटलाइन का अनुपालन करते हुए कतारबद्ध तरीके से मूर्ति विसर्जन करना है। बायोडिग्रेडेबल सामग्री का पृथक्करण करते हुए विसर्जन करें और प्लास्टिक वेस्ट का पृथक्करण एवं सुरक्षित निस्तारण करना है। पूजा पंडालों में कम से कम दो डस्टबिन का प्रयोग करें और विसर्जन के दौरान रासायनिक रंग का प्रयोग नही करना है। उपायुक्त ने क्या कहा इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि परंपरा के अनुसार मूर्ति चिकनी मिट्टी से बनायी जाती है पर पिछले कुछ वर्षों से प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनाई जा रही है। प्लास्टर ऑफ पेरिस में कई हानिकारक रसायन शामिल होते हैं।इन मूर्तियों को सजाने के लिए प्लास्टिक एवं थर्माकॉल से बनी सामग्री का प्रयोग किया जाता है।ऐसे पदार्थ जैव अपघटनीय नही होते हैं, इन मूर्तियों को जब जल में विसर्जन किया जाता है तो यह विषाक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ₹आस्था से स्वच्छता₹ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। हमारा प्रयास है की लोग जागरूक हों, जिससे हमारे तालाब,नदी के पानी विषाक्त न हो।

## नेशनल आईटीआई में रोजगार मेला 19 को



**हरिहरगंज।** प्रखंड के कौवाखोह स्थित नेशनल आईटीआई में आउट इलेक्ट्रीशियन एवं फाइटर के छात्र-छात्राओं के लिए 19 अक्टूबर को रोजगार मेला लगाया जा रहा है। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले इस रोजगार मेले में युवक-युवतियों को रोजगार पाने का मौका मिलेगा। मेले में मंगोज सोरेन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा बंसल वायर कंपनी के लिए आवेदकों को परखेंगी। इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित दिन आईटीआई में पहुंचकर अपनी योग्यता और अनुभव के आधार पर विभिन्न कंपनियों के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल हो सकती हैं। उक्त जानकारी संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन ने दी। उन्होंने बताया कि मेले में 200 युवाओं को रोजगार नौकरी के अवसर मिलेंगे। दोपहर 2 बजे तक चलने वाले इस रोजगार मेले में प्रशिक्षण प्राप्त सभी आवेदक शामिल हो सकते हैं। इस मौके पर अनुदेशक अरविंद कुमार सिंह, राहुल ठाकुर आदि मौजूद थें।

## गागर में सागर

### थोड़ी सी असावधानी बड़ी दुर्घटना : किशोर

**मेदिनीनगर।** अभिभावक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडे ने कहा कि हजारीबाग की घटना में बच्चों की सावधानी बरतनी की जरूरत थी। यह किसकी लापरवाही है यह तो बाद में जांच में पता चलेगा। पर इसकी भरपाई मुश्किल है। हजारीबाग इचाक थाना क्षेत्र नेशनल पार्क के समीप लौटवा डैम में छह बच्चों के डूबने से मौत हो गई है। सभी हजारीबाग के माउंट एग्मोउंट स्कूल के 12वीं के विद्यार्थी थे। श्री पांडे ने कहा कि जानकारी के अनुसार शहर के मटवारी स्थित लॉज में रहकर पढ़ाई करते थे। लोटवा डैम में एक बजे यह घटना घटी है। 7 साथी लॉज से लोटवा डैम नहाने गए थे, जिसमें छह की मौत हो गई है। भगवान पवित्र आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

### पर्यावरणविद ने पौधरोपण कर मनाया पोती का जन्मदिन

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर जायसवाल ने पौधारोपण कर पोती आशिविका का जन्म दिन मनाया। मौके पर शामिल लोगों को उन्होंने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाकर उसे यादगार बनाया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत लोग अपने जन्मदिन या जीवन के किसी भी महत्वपूर्ण अवसर को यादगार बनाने के लिए पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचायें । मौके पर पर्यावरणवीद का पूरा परिवार मैजूद था।

# एलिट बीएड कॉलेज में दो दिनी ओरियंटेशन कार्यक्रम संपन्न

**दीप प्रज्वलित कर डॉ. आशा सिन्हा ने किया शुभारंभ**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एलिट पब्लिक बी.एड कॉलेज के सेमिनार हॉल में दो दिवसीय 16 अक्टूबर से ओरियंटेशन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ एलीट ग्रुप की सचिव डा.आशा सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया । इस दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत नए छात्रों को कॉलेज के वातावरण और संसाधनों से परिचित करा कर इसके माध्यम से नए सत्र का शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को कॉलेज के इतिहास और उसके लक्ष्य तथा पाठ्यक्रम कॉलेज के संसाधनों ,कॉलेज के नियम ,परीक्षा प्रणाली पाठ्यसहगामी क्रिया। स्कूल इंटर्नशिप, कॉलेज के अनुशासन तथा अन्य गतिविधियों के बारे में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकों के द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं ने अपना परिचय के साथ एलिट बी.एड कॉलेज को चुनने का आधार बताया कि एलिट पब्लिक बीएड कालेज लगातार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। जिससे प्रभावित होकर उन्होंने इस महाविद्यालय का चयन किया ।ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन मंगलवार को कॉलेज प्राचार्य द्वारा किया गया ।ओरिएंटेशन कार्यक्रम के तहत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदंबा सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले नवप्रवेशित छात्रों को अपने लक्ष्य और बेहतर शिक्षक तथा सफल इंसान बनने के लिए सफल होने के गुण बताये गये।

# डीसी व एसपी ने किया पूजा पंडालों का निरीक्षण, फ्लैग मार्च



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** दुर्गा पूजा के दौरान पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था की स्थिति को सामान्य रखने के लिए पलामू डीसी शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, डीडीसी रवि आनंद ने मंगलवार को पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सबसे पहले अनुमंडल के कपूर्री मैदान में निर्माणधीन पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। इसके बाद जपला स्टेशन परिसर के पूजा पंडाल का निरीक्षण किया और समिति के सदस्यों से पूजा कार्यक्रम से संबंधित तैयारियों के बारे में जानकारी ली। इसके बाद मुख्य बाजार होते हुए शहर के महावीर जी भवन पहुंचकर पूजा स्थल का जायजा लिया। वहीं अधिकारियों ने पूजा समिति के लोगों से कहा कि हो सकें तो सीसीटीवी लगायें। ताकि असामाजिक तत्वों के लोग गलत कार्य नहीं कर सकें। साथ ही उन्होंने ने पुलिस पदाधिकारियों को संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर पुलिस बल प्रतिनियुत करने का निर्देश दिया। साथ ही डीसी एसपी ने सभी क्षेत्र के थाना प्रभारीयों को अपने -अपने क्षेत्रों में गस्ती तेज करने और अलर्ट मोड रहने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मूर्ति विसर्जन रूट में फ्लैग मार्च भी किया। साथ ही शांति व्यवस्था बनाये रखने में आम लोगों से सहयोग भी मांगा। मौके पर एसडीओ कमलेश्वर नारायन, एसडीपीओ अजय कुमार, बीडीओ रतन सिंह, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, दंगवार ओपी प्रभारी रविशंकर कुमार, महिला थाना प्रभारी सुरबाला भृगंराज, एसआई सौरभ कुमार, शौकत खान, एएस आई, धर्मेंद्र कुमार, रवि रंजन कुमार, बीर बहादुर सिंह, सोम प्रकाश समेत कई पुलिस जवान मौजूद थे।

## वज्रपात से दो भैंस की मौत

**मोहम्मदगंज।** आंधी व बारिश के बीच हुई वज्रपात से मंगलवार को मोहम्मदगंज में खुटे से बंधे दो भैसों की मौत हो गयी। धान की फसल को पशुओं से बचाने के लिये भौराहतर के पशुपालक मिठू यादव ने घर से दूर अपने सभी पशुओं को खुले में उक्त स्थान पर बांध रखा था। इस दौरान हुई वज्रपात के चपेट में उनके दो भैंस आ गये। घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। बताया जाता है कि इस घटना में करीब 50 हजार का नुकसान हुआ है। पशुपालक मिठू यादव का जीविकोपार्जन का साधन एकमात्र यही था। घटना की जानकारी के बाद मुखिया कमला देवी ने पशुपालक को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

### मानस यज्ञ में सीता राम विवाह का आयोजन

# 'चारो दूल्हा में बढका कमाल सखिया' गीत से गूंजा माहौल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पोलपोल में चल रहे श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ में पाठ प्रसंग के तीसरे दिन मंगलवार को सीताराम विवाह का आयोजन किया गया। मौके पर समिति के लोगो ने गाजे-बाजे के साथ बारात निकाली । बारात बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप तक पहुंचा । यज्ञ मंडप में सीता राम विवाह का काल्पनिक रूप से दो जोड़ों का विवाह कराया गया। विवाह के दौरान महिलायें गीत गा रही थी। चारों दूल्हा में बड़का कमाल सखिया गीत ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।विवाह पूर्णतः पारंपरिक था। मौके पर सैकड़ों महिलाओं ने पूजा अर्चना की। महिलाएं गीत और झूमर गाकर बारात की शोभा बढ़ा रही थी। वही आचार्य ओमप्रकाश पांडेय, व्यास मधुरेश जी महाराज ने गोत्रोचार व मंगलाचार कर विवाह को संपन्न कराया।प्रभु श्रीराम के मस्तक पर चंदन लगाया व महिलाएं मां जानकी की मांग में सिंदूर भरी।भगवान की आरती उतारी गयी । मौके पर समिति के अध्यक्ष आनंद सिंह, उपाध्यक्ष शिव कुमार सिंह सचिव शशि सिंह, कोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद, ललित कुमार सिंह , सुशील कुमार सिंह ,उमाशंकर सिंह, अखिलेश सिंह, लिलेश्वर सिंह, पन्नु सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# छात्र-छात्राओं के बीच स्कूली बैग का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** थाना क्षेत्र के इटको पंचायत स्थित राजकृत मध्य विद्यालय इटको प्रांगण में मुखिया प्रतिनिधि सफिर आलम ने वर्ग प्रथम से अष्टम तक के 333 छात्र-छात्राओं के बिच झारखंड सरकार द्वारा आवंटित स्कूली बैक का वितरण किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सफिर आलम ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सभी प्रकार के सुविधा विद्यालयों में उपलब्ध करा रही है ताकि विद्यालय में बच्चे पहुंच कर शिक्षा ग्रहण के साथ बच्चों का मानसिक ,शारीरिक विकास हो सके। सरकर द्वारा सभी सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों को प्राइवेट सेक्टर की तरह संचालित कर उच्च शिक्षा देने का कार्य कर रही है। छात्र-छात्राओं को निशुल्क नामांकन, पोशाक, पुस्तक, स्टाईपन, स्कूली बैग, जूता ,मौज ,स्वेटर, वितरित कर रही हैं। बच्चों में स्कूली बैग व पोशाक से एकरूपता आती है। मौके पर जगदीश सिंह ,नीतेश सिंह, कन्हाई प्रसाद शिक्षिका विक्टोरिया टोप्पो नीलोफर नाज मुख्य रूप से मौजूद थे।

## धर्म

### अर्जुन पाण्डेय ने की श्रीमद्भागवत कथा आयोजन समिति की घोषणा

# देवेंद्र तिवारी अध्यक्ष व शैलेश दूबे बने महासचिव

**बारालोटा के प्रांगण में 21 से 28 नवंबर तक आयोजित होगा श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ**

**सुप्रसिद्ध कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर सात दिनों तक सुनयेंगे भागवत कथा**





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के हाउसिंग कालोनी, बारालोटा के प्रांगण में 21 से 28 नवंबर तक आयोजित होने वाले श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ व सुप्रसिद्ध भागवत कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज के सात दिवसीय भागवत कथा के लिए आयोजन समिति गठित कर दी गई है। इस बाबत झारखण्ड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी की अध्यक्षता में हाउसिंग कालोनी यज्ञ स्थल पर आयोजित बैठक में श्री मद्भागवत कथा समिति के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इसमें मुख्य संरक्षक अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय ने राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी को सर्वसम्मति से यज्ञसमिति का अध्यक्ष घोषित करते हुए कमिटि विस्तार का दायित्व दिया । वहीं शैलेश दूबे को महासचिव और राकेश पाण्डेय (कजरिया)को कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। इस घोषणा का सभी लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, समाजसेवी ज्ञानचंद पाण्डेय, दीपक कुमार सिंघानिया व आलोक पाठक को मार्गदर्शक मंडल का सदस्य बनाया गया। बैठक में लिए गये निर्णयानुसार कृष्णकांत चौबे (मुखिया),मनु प्रसाद तिवारी, बलराम पाण्डेय, प्रवीण सिंह,दुर्गा प्रसाद जौहरी, ललन सिन्हा, अविनाश वर्मा, नंद कुमार यादव, सोनु सिंह नामधारी, संतोष शुक्ला, नवीन तिवारी, संजीव उपाध्याय (छोटन उपाध्याय) एवं आशीष भारद्वाज को सर्वसम्मति से संरक्षक घोषित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी परिवार द्वारा सनातन धर्म को लेकर जो धार्मिक कार्य किया जा रहा है यह सनातन संस्कृति को आगे बढ़ायेगा। यह महायज्ञ पलामू के इतिहास में दर्ज होगा। बैठक में शिवनाथ अग्रवाल,इंद्रजीत सिंह डिंपल,राजेन्द्र पाण्डेय, जोंटी पाण्डेय, श्वेतांग गर्ग, अजीत तिवारी, रामप्रकाश तिवारी, राजीव रंजन, राजू रॉय, विक्रांत सिंघानिया, चंदन तिवारी, विकास दूबे, अनील दूबे, दिलीप त्रिपाठी, प्रवीण तिवारी (बंटू),मनीष भिवानियां,गोरख पाठक, आशुतोष पाण्डेय (लक्की), संजय मिश्रा, भास्कर दूबे, परितोष पाण्डेय, मनीष तिवारी, ज्ञानेश तिवारी, आनंद प्रकाश दूबे, दिलीप तिवारी, वृक्ष सिंह, रजनीकांत तिवारी, छोटू पाण्डेय, बिटटू दूबे,विक्रांत त्रिपाठी, विशाल पाण्डेय, राज पाण्डेय, रविन्द्र दूबे, वीएम पाण्डेय, राजीव पाण्डेय, सतीश पाण्डेय, लल्लू पाण्डेय, संजय पाण्डेय व बिक्कू शुक्ला सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# विधायक पुष्पा देवी ने किया सड़क का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड अंतर्गत कुरुआ मोड़ से तरहसी तक सड़क का कार्य लगभग 9 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास क्षेत्र के विधायक श्रीमती पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार द्वारा संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिला समिति सदस्य विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, पाटन मंडल विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य निरंजन पासवान, पाटन मंडल कोषाध्यक्ष रघुनाथ शाह, मीडिया प्रभारी सत्येंद्र सिंह, मंडल कार्य समिति सदस्य कुश कुमार सिंह, महामंत्री शांति पांडे, बूथ अध्यक्ष उमा सिंह, बबल शाह, ओम प्रकाश पांडे, पंचायत अध्यक्ष गुड्डू सिंह, कृष्ण उपाध्याय, विकास उपाध्याय, जोगिंदर सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामदेव सिंह, गंगा प्रसाद, गोल्डन कुमार, पाटन चौक दुर्गा कमेटी के सभी सदस्य गण एवं सैकड़ो कार्यकर्ताओं ग्रामीण के बीच इस सड़क का निर्माण कार्य संपन्न किया गया।

## गागर में सागर

### थाना प्रभारी ने बच्चों को किया जागरूक

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने मंगलवार को बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं को सड़क सुरक्षा यातायात नियम, साइबर क्राइम, डायन व भूत कुप्रथा से संबंधित जानकारी दी। इस मौके पर रामेश्वर उपाध्याय ने छात्राओं से कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके हम स्वयं की और सामने वाले की भी जान बचा सकते हैं। हमारा जीवन अमूल्य है इसको क्षण भरके लापरवाही से आज लोग अपनी जान गंवा दे रहे हैं। कहा कि जब भी पिता, भाई या अपने करीबी लोग बाइक चलाते हैं तो उन्हें जरूर हेलमेट पहनने को कहें। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलानी चाहिए। कार चलाते समय हमेशा सीट-बेल्ट बांधनी चाहए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात नहीं करनी चाहिए। हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए। सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करनी चाहिए। सड़क दुर्घटना पर 100 नंबर या स्थानीय पुलिस को सूचित करें, जरूरी हो तो उसे 108 एम्बुलेंस को कॉल करें व एक अस्पताल तक भेजने में मदद करें। वहीं डायन, भूत कुप्रथा के बारे में बताया कि यह सिर्फ एक अंध विश्वास है। साइबर क्राइम के बारे में घरों व आसपास के लोंगो को जागरूक करें।

### धुरकी के बीडीओ को दी गई विदाई

**धुरकी।** बीडीओ अरूण कुमार सिंह के तबादला होने पर प्रखंड कार्यालय के सभागार मंगलवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सिंह ने बीडीओ का प्रभार सीओ जुलफिकार अंसारी को दिया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने सिंह के कार्यकाल की प्रशंसा की। जनप्रतिनिधियों व अंचला अधिकारी ने माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। सिंह ने कहा कि धुरकी के सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व ग्रामीणों का सहयोग एवं प्यार हमेशा यादगार बना रहेगा। वहीं मौके पर प्रखंड प्रमुख शंति देवी, सुनिता कुमारी, प्रभारी बीपीओ राजीव कुमार, छवि सिंह, शशी विश्वकर्मा, संतोष जायसवाल, सुदर्शन गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### नेता प्रतिपक्ष बाउरी को दी गई बधाई

**भवनाथपुर।** अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चंदन कियारी (बोकारो) के विधायक अमर कुमार बाउरी को भाजपा केंद्रीय व राज्य नेतृत्व द्वारा विधानमडल नेता प्रतिपक्ष मनोनीत किए जाने पर भवनाथपुर के विधायक भानू प्रताप शाही के आवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक कर दूसरे को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी गई। मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, जिला मंत्री बबलु पटवा भगत, दयानंद यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री उपेंद्र दास, मनोज पहाड़िया, अनिल कुमार चौबे, संजय यादव, राजा सिंह, धनंजय सिंह, रामकृपाल द्विवेदी, विक्रांत सिंह, रामकेवल पासवान, ओमप्रकाश गुप्ता, पुष्प रंजन, दिनेश राम, राजेश बैठा, विनोद सिंह, अधिवक्ता मृतुंजय तिवारी, मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, संध्याकर बिस्वकर्मा, दिलीप यादव, बिभूती भूषण चौबे, सुनिल सिंह, सुनिल रवि, धनंजय कुमार, मनोज सिंह खरवार, मंगल यादव, बलजीत सोनी, अशोक सेठ आदि मौजूद थे।

### बाइकों की टक्कर में युवक हुआ घायल

**गढ़वा।** गांधी थाना क्षेत्र के डूमर सोता गांव निवासी सागर चौहान का पुत्र चंद्रदीप चौहान मोटरसाइकिल के टक्कर में घायल हो गया। उसे सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि चंद्रदीप चौहान अपने घर से कंडी बाजार करने गया हुआ था। वापस घर लौटने के दौरान कांडी थाना के पास विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल ने इसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उसे घायल अवस्था में उठाकर कंडी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति में मझिआव स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया। वहां से भी गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक जख्मी

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के टाटी दिरी गांव निवासी मुख्तार अंसारी का पुत्र सद्दाम अंसारी मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सद्दाम अंसारी अपने घर से मेराल थाना क्षेत्र के पर सही गांव अपने ससुराल गया हुआ था। लौटने के क्रम में सही गांव में ही एक कुत्ता अचानक उसकी बाइक के सामने आ गया, जिसे बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### ग्राइंडर मशीन से हाथ काटने से जख्मी

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के पेशका गांव निवासी नंदू विश्वकर्मा का पुत्र अजय कुमार विश्वकर्मा ग्राइंडर मशीन से हाथ काटने से जख्मी हो गया। उसे गढ़वा सदर अस्पताल में लाया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि अजय गढ़वा शहर के चिनिया रोड स्थित नहर चौक पर एक घर में वेल्डिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान ग्राइंडर मशीन चलाने के क्रम में ग्राइंडर छींटक कर उसके हाथ में लग गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ में काम कर रहे लोगों ने उसे सदर अस्पताल लाया।

### सीढ़ी से गिरकर महिला घायल, गंभीर

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के छापरवार कला गांव निवासी पंचम चंद्रवंशी की पत्नी चंद्रमणि देवी सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। परिजनों ने बताया कि चंद्रमणि देवी अपने घर की सीढ़ी पर चढ़कर छत पर गई थी। वापस उतारने के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया। इससे चंद्रमणि देवी गिरकर घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

## मंत्री ने पूजा पंडालों का किया भ्रमण, मां दुर्गा का आशीर्वाद लेकर कहा

# केंद्र के भरोसे नहीं रहेगा झारखंड गरीबों को मिलेगा अबुआ आवास

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



शारदीय नवरात्र प्रारंभ होते ही विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव व टोला में स्थापित पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान मंत्री ने पूजा अर्चना कर मां दुर्गा से गढ़वा की सुख-समृद्धि, अमन-चैन एवं बेहतर विकास की कामना की। उन्होंने गढ़वा वासियों सहित संपूर्ण प्रदेश वासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंत्री ने सभी पूजा पंडालों में सहयोग राशि भी प्रदान की। विभिन्न स्थानों पर आयोजित रामलीला कार्यक्रम का मंत्री ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान रामलीला के कलाकारों को मंत्री ने सम्मानित भी किया। वहीं चिनिया मंत्री ठाकुर ने चिनिया मुख्यालय सहित प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर देवी दुर्गा मां का दर्शन करते हुए आशीर्वाद ग्रहण किया। बाजार में स्थित जय भवानी संघ दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों से मुलाकात कर सहयोग राशि दी। ततपश्चात बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर दुर्गा पूजा मंडप परिसर में माता रानी का दर्शन किया।

मौके पर मंत्री ने कहा कि मां दुर्गा ने महिषासुर का वध कर असुरी शक्तियों का विनाश किया। कहा जाता है कि जब मां दुर्गा ने महिषासुर का वध किया, तब वह समय आश्विन माह का था, इसलिए हर साल आश्विन माह की प्रतिपदा से लेकर पूरे नौ दिनों तक नवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है, जिसे शारदीय नवरात्रि कहते हैं। शारदीय नवरात्रि सांसारिक इच्छाओं को पूरा करने वाली मानी जाती है। मंत्री ने कहा कि राज्य में पहली बार जनता की चुनी हुई झारखंडी जनमानस की सरकार बनी है। राज्य की जनता ने झारखंड में देश का एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया है। सत्ता के लोभियों को यह बात हजम नहीं हो रही है। केंद्र सरकार झारखंड के विकास को अवरुद्ध करना चाहती है। यही कारण है कि राज्य से आठ लाख गरीबों के आवास स्वीकृत कर के केंद्र को भेजा गया है, परंतु केंद्र सरकार पैसा नहीं दे रही है। मंत्री ने कहा कि झारखंड अब आवास के लिए केंद्र के भरोसे नहीं रहेगा। झारखंड में अब अबुआ आवास राज्यवासियों को दिया जाएगा। वह भी पूरे तीन कमरा, शौचालय, बाथरूम एवं रसोई के साथ दिया जाएगा। उम्मीद है कि कल के कैबिनेट में यह पास भी हो जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने 15 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। राज्य के सभी गरीब जनता को पक्का मकान मिलेगा। दो साल के अंदर राज्य का कोई भी गरीब पक्का मकान विहीन नहीं रहेगा। इसे ही जनता के प्रति जिम्मेवारी एवं संवेदनशीलता कहते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ऐसी सोच है कि आने वाले समय में हम राज्य एवं राज्यवासियों को इतना समृद्ध बना देंगे कि राज्य की जनता खुद ही राशन कार्ड फाड़कर फेंक देगी व बाजार से खरीदकर अनाज खायेगी। मंत्री ने कहा कि वे जितनी तत्परता से क्षेत्र के विकास के लिए लगे रहते हैं आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने सोचा भी नहीं है। यही कारण है कि गढ़वा में आज चारों तरफ विकास की किरण दिखाई पड़ रही है। मौके पर मुख्य रूप से चंद्रचूड़ सिंह, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, फरीद खान, दिलीप गुप्ता, अरविंद यादव, संजय सिंह छोटू, शरीफ अंसारी, दीपमाला, फुजैल अहमद, अशर्फी राम, चंदा देवी, अराधना सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# कटौती कर राशन देने पर लाभुकों का हंगामा

## जरही व डंडई के डीलरों पर मनमानी का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**



प्रखंड क्षेत्र स्थित जरही गांव के जन वितरण दुकानदार नेहा महिला स्वयं सहायता समूह की ओर से कटौती कर लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि दुकानदार प्रति व्यक्ति खाद्यान्न में एक किलो की कटौती कर लाभुकों को खाद्यान्न देने का काम कर रहा है। इससे आक्रोशित लाभुकों ने मंगलवार को दुकान पर जमकर बवाल काटा। इस दौरान दुकानदार के खिलाफ खूब नारेबाजी भी की। लाभुक इतने आक्रोश में थे कि वे दुकान को रद्द करने की बात पर अड़े हुए थे।

दुकान पर राशन लेने पहुंचे लाभुक पुनीत कुमार, मंज चौधरी, रमेश प्रजापति, सामरिया देवी, कुंती देवी, पनवा देवी, फुलमतिया देवी इत्यादि लोगों ने बताया कि उक्त दुकानदार द्वारा पहले 100 ग्राम प्रति किलो की कटौती कर हम लोगों को राशन दिया जा रहा था। लेकिन अक्टूबर माह में उनके द्वारा प्रति व्यक्ति 1 किलो की कटौती कर खाद्यान दिया जाने लगा। हमने इसका विरोध किया तो धमकी दी जाने लगी कि जहां जाना है जाइए। लाभुकों ने बताया कि घर पर खाने के लिए किसी भी तरह का अन्न नहीं होने के कारण उनके कहे अनुसार हम सभी प्रति व्यक्ति 1 किलो की कटौती कर खाद्यान्न लेने को मजबूर हो गए। इस बीच गांव के समाजसेवी संजय चौधरी ने बताया कि नेहा महिला समूह पूरी तरह से भ्रष्ट व्यवस्था के तहत अपनी दुकान को चलाने का काम कर रहा है। उनके द्वारा बेरोक टोक लाभुकों के खाद्यान्न की कटौती की जाती है। इससे पहले भी प्रखंड के विभागीय पदाधिकारी के पास कई बार उनकी शिकायत पहुंची है। लेकिन किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। उधर प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई गांव के जन वितरण दुकानदार विंध्याचल महिला समूह द्वारा भी खाद्यान्न कटौती कर लाभकों के बीच वितरण करने का मामला प्रकाश में आया है। उनके द्वारा भी प्रति किलो 50 ग्राम की कटौती की जा रही है। लाभुक देवराज सिंह ने बताया कि मुझे भी कटौती कर राशन दिया गया। सोमवार को सभी लाभुकों इसी तरह राशन दिया गया। वहीं लाभुक ओम प्रकाश मेहता ने बताया कि उक्त दुकानदार द्वारा निजी तराजू पर तौलकर खाद्यान्न दिया गया।

# व्यवसाइयों को धमकाने वाले गिरोह का मुख्य सरगना सहित 2 गिरफ्तार

## 1 रिवाल्वर, 1 देसी पिस्तौल, 6 कारतूस, मोबाइल फोन, सिमकार्ड बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**




पुलिस ने व्यवसाइयों को धमकाने वाले गिरोह के मुख्य सरगना सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्य सरगना ऊंचरी निवासी सुहेल खान उर्फ सोनू खान एवं निमियाडीह गांव निवासी आशिक अंसारी के पास से एक रिवाल्वर, एक देसी पिस्तौल, 6 कारतूस, एक काले रंग का बैग सहित विभिन्न कंपनियों के कई मोबाइल फोन व सिमकार्ड बरामद किये हैं। उक्त जानकारी एसपी दीपक कुमार पांडे ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी।

उन्होंने बताया कि सुहेल खान, छोटू रंसाज के साथ आपराधिक घटनाओं का अंजाम दे रहा था। इस बीच दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और दोनों अलग हो गए। उसके के बाद से सुहेल अपना एक गिरोह तैयार कर गढ़वा और पलामू के व्यवसाइयों सहित बस स्टैंड के एजेंट को विहार के औरंगाबाद यूपी के दुद्धी में अपना ठिकाना बनाकर अलग-अलग जगह से धमकाकर लेवी वसूलने का काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि सुहेल खान पर गढ़वा सहित पलामू के मेदिनीनगर में करीब आठ मामले दर्ज हैं, जिसमें लूट, धमकी सहित अन्य मामले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सुहेल पिछले कुछ दिनों से गढ़वा के कुछ व्यवसाइयों को धमका रहा था। सुहेल ने करीब 20 लख रुपये की लेवी वसूली की थी। उक्त मामलों में सुहैल पर जून और अगस्त माह में अलग-अलग थानों में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। गढ़वा एसडीपीओ अवध कुमार यादव, बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में राजा पहाड़ी के पास से उक्त दोनों को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी दल में बंशीधर नगर थाना प्रभारी नीतीश सिंह, मझिआंव थाना प्रभारी विवेक पंडित, पुलिस अवर निरीक्षक प्रवीण सिंह, अजीत कुमार सिंह, अभिमन्यु सिंह सहित आरक्षी व टेक्निकल सेल शामिल थे।

## अंचलकर्मियों की ग्रामीणों ने की प्रशंसा, उक्त भूमि पर विस्थापित लोगों को बसाने की मांग

# वर्षों बाद वॉटरवेज की भूमि अतिक्रमण मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**



डंडई वॉटरवेज की 90 डिसमिल भूमि वर्षों बाद मंगलवार को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त हो गई। उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर शनिवार को कार्रवाई शुरू की गई थी। इस बीच अधिकांश अतिक्रमणकारियों ने धीरे-धीरे अपनी-अपनी दुकानें वॉटरवेज की स्थल से हटा लीं। वहीं कुछ लोगों ने अंतिम दिन तक स्थल से दुकानें नहीं हटाईं। ऐसे लोगों के खिलाफ अंचल कर्मियों को बुलडोजर का सहारा लेना पड़ा।

कार्रवाई के दौरान अंचल निरीक्षक राजेंद्र यादव पुलिस बल के साथ स्थल का मुआयना करते रहे। साथ ही भूमि समतलीकरण कार्य को लेकर जेसीबी के चालक को निर्देशित भी करते रहे। इस बीच एक दो अतिक्रमणकारियों से उनकी हल्की नोकझोंक भी हुई। बावजूद वे दृढ़ता के साथ वॉटरवेज की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने में जुटे रहे। कार्रवाई के दौरान प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों के हजारों ग्रामीण उक्त स्थल पर पहुंच गए। आंचल कर्मियों की कार्रवाई को वे सभी सड़क के किनारे खड़े होकर देखते रहे। लोगों ने अंचल कर्मियों की कार्रवाई की प्रशंसा की।

ग्रामीणों का कहना है कि पहले पता नहीं चलता था कि यह भूमि अतिक्रमण कारियों के कब्जे में है, लेकिन अंचल कर्मियों की कार्रवाई के बाद साफ दिखने लगा कि इतना बड़ा भूभाग वर्षों से अवैध कब्जे में था। ग्रामीणों ने उक्त भूमि पर कमरों का निर्माण कराकर विस्थापित हुए लोगों को पुनः पुनर्स्थापित करने की आंचल कर्मियों से मांग की। वहीं राजस्व कर्मचारी इंडेश्वर बैठा ने बताया कि डंडई में 6 एकड़ 45 डिसमिल भूमि गैर मजरुआ है। इसमें सिर्फ 2 एकड़ भूमि पर बाजार स्थापित है, जबकि 90 डिसमिल वॉटरवेज और उसमें 1 एकड़ भूमि की ग्रामीणों के द्वारा बंदोबस्त करा ली गई है। शेष 2 एकड़ 55 डिसमिल जमीन आज भी अतिक्रमणकारियों के कब्जे में है। सीआई राजेंद्र यादव ने बताया कि वॉटरवेज की 90 डिसमिल भूमि वर्षों से अतिक्रमणकारियों के कब्जे में थी। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर लिया गया है। कहा कि गैरमजरुआ जमीन पर जो भी लोग स्थापित होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का काम किया जाएगा।

# खरौंधी में मेरी माटी, मेरा देश के तहत कलश लेकर निकाली गई प्रभातफेरी

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**




प्रखंड क्षेत्र के अरंगी स्थित किसान इंटर कॉलेज के प्रांगण में मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र गढ़वा की ओर से प्रखंड स्तरीय मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला प्रवक्ता आजसू सह पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी, कालेज के प्रचार्य अवधेश सिंह कुशवाहा, समाजसेवी डॉ. रामनाथ मेहता ने संयुक्त रूप से किया। इससे पूर्व मिट्टी संग्रह कलश को लेकर प्रभातफेरी निकाली गई। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव को हमलोगों ने धूमधाम से मनाया है। अमृत महोत्सव के अंतिम कार्यक्रम के रूप में हमारे देश को आजाद कराने में शहीद हुए वीर, वीरांगनाओं के बलिदान को सम्मान देने के लिए मेरी माटी, मेरा देश अभियान की शुरुआत की गई है। वहीं बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। मौके पर खरौंधी थाना के एसआई सुनील दास, जेएसलपीएस जीआरपी सिमा कुमारी, मनीषा कुमारी, सतवंती देवी, जितेंद्र मेहता, रेखा देवी, बबलू राम आदि मौजूद थे।

## मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

**भवनाथपुर।** प्रखंड स्तरीय मेरी माटी, मेरा देश का कार्यक्रम के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा सिंदुरिया में कलश यात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा, बीडीओ नंदजी राम ने संयुक्त रूप से इसका शुभारंभ किया। मौके पर मुखिया नंदलाल पाठक, बीडीसी प्रतिनिधि प्रदीप गुप्ता, विद्यालय के एचएम उर्मिला देवी, सहायक शिक्षक रामनंदन बैठा, राकेश चौबे, उदय गुप्ता तथा युवा क्लब सिंदुरिया के अध्यक्ष विकास वियार, सदस्य उपेंद्र, जितेंद्र, अरविंद, पप्पू, रौशन, धर्मेंद्र, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।

# चिनिया में हुआ मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम, निकाली गई कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**



प्रखंड मुख्यालय स्थित आवासीय उच्च विद्यालय परिसर में नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयंसेवक धनंजय यादव के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने गणमान्य व्यक्तियों के घर जाकर मिट्टी एवं चावल एकत्रित कर आवासीय विद्यालय परिसर से थाना मोड़ अंबेडकर चौक तक कलश यात्रा निकाली। जनसमूह ने पांच प्राण की शपथ ली। वहीं स्वयंसेवक सुनीता कुमारी ने बताया कि युवाओं के साथ मिलकर अमृत कलश यात्रा प्रत्येक गांव में निकाली गई है। वहीं मुख्यालय के आवासीय उच्च विद्यालय परिसर में एक नुक्कड़ नाटक पेश किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आवासीय विद्यालय प्रधानाध्यापक लालेश्वर सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजेश प्रसाद, मुखिया पति चरकू परहीया, दुर्गा यादव, मुकेश सोनी, जयप्रकाश गुप्ता, मनोज प्रसाद, सतवंत कुमार यादव, विनोद यादव आदि थे।

**पहल** | कई नये चेहरों को मिली जिम्मेदारी, मंत्री ने नव चयनित पदाधिकारियों का किया स्वागत

# झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड कमेटियों का किया गया विस्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



झामुमो युवा मोर्चा रंका अनुमंडल कमेटी सहित रंका, रमकंडा एवं चिनिया प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू ने पदाधिकारियों का मनोनयन कर सूची जिला कमेटी को सौंप दी है।

गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को अपने आवास पर सभी नवचयनित पदाधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी युवा एवं उजार्वान हैं। ये सभी संगठन को काफी मजबूती प्रदान करेंगे। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने बताया कि रंका अनुमंडल कमेटी में पप्पू यादव को अध्यक्ष, बनारसी सिंह को सचिव, मनोज भुइंहर को संगठन सचिव, लालमोहन पासवान को कोषाध्यक्ष, एजाज अंसारी को मीडिया प्रभारी तथा विकेंद्र कोरवा, सुरेश कोरवा, राजकिशोर रवि, संतोष यादव, चंद्रशेखर सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि रंका प्रखंड कमेटी में दीपक सोनी को युवा मोर्चा का अध्यक्ष, अलीम अंसारी को सचिव, मुन्ना सिंह, नारद सिंह खरवार को संगठन सचिव, रामबाबू ठाकुर को कोषाध्यक्ष, रिंकु अग्रवाल को मीडिया प्रभारी, मुख्तार अंसारी, अभिजीत गुप्ता, संतोष रवि, मुकेश तिवारी, दिलीप सिंह खरवार को उपाध्यक्ष, रमकंडा प्रखंड कमेटी में इमित्याज अंसारी को अध्यक्ष, सुरेंद्र राम को सचिव, नागेंद्र यादव को संगठन सचिव, राजनाथ यादव को कोषाध्यक्ष, मुनील कुमार पासवान को मीडिया प्रभारी, देवनाथ राम, रामचंद्र पांडेय, रामसेवक सिंह, सत्यनारायण सिंह खरवार व कलामुद्दीन अंसारी को उपाध्यक्ष तथा चिनिया प्रखंड कमेटी रामवृक्ष सिंह खरवार को अध्यक्ष, बेलाल अंसारी को सचिव, नसरूल्लाह अंसारी, मंदीप यादव को संगठन सचिव, भरत कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष, अनूप कुमार कोरवा को मीडिया प्रभारी, शंभु पासवान, गोपाल यादव तथा संतोष प्रसाद यादव को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

मौके पर मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अरविंद यादव, राजकिशोर यादव उपस्थित थे।

# विधायक प्रतिनिधि बनीं रेखा, मंत्री ने सौंपा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे को महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने चौबे को मंगलवार को अपने आवास पर मनोनयन पत्र सौंपा। मौके पर मंत्री ने कहा कि रेखा चौबे काफी कर्मठ एवं कर्तव्यनिष्ठ नेत्री हैं। इनके कुशल नेतृत्व में महिला एवं बच्चों का अधिकार बेहतर तरीके से प्राप्त हो सके इसके लिए इन्हें इस विभाग का विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। मंत्री ने कहा कि वे संबंधित विभाग के पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर विभाग के कार्य से आमजनों को लाभान्वित करेंगी। मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, चंदा देवी, दीपमाला, आराधना सिंह आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### एलसीडीए जिला कमेटी हुई सम्मानित

**बालूमाथ।** लातेहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता एवं सचिव विजय कुमार समेत कोषाध्यक्ष उमा शंकर चैतन्य, उपाध्यक्ष संतोष चंद्र गोस्वामी, संगठन सचिव राजीव कुमार व सह सचिव चंद्रकांत जयसवाल को रौनियार विकास सोसायटी, बालूमाथ ने माला पहनकर सम्मानित किया। सोसायटी ने निर्वाचित लातेहार जिला केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन की टीम को संतुलित एवं कल्याणकारी बताते हुए टीम की उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में रौनियार विकास समिति के केदारनाथ गुप्ता, संजीव कुमार, संतोष प्रसाद गुप्ता, दिलीप कुमार गुप्ता, निरंजन कुमार गुप्ता, सुनिल कुमार गुप्ता, अशोक प्रसाद गुप्ता, विपिन बिहारी गुप्ता,आंनद बिहारी गुप्ता, रवि रंजन गुप्ता, उमेश कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, श्याम बिहारी गुप्ता, मोहन कुमार गुप्ता, सुजीत कुमार गुप्ता आदि शामिल हैं।

### पंचायतों की मिट्टी को किया गया संग्रहित

**बरवाडीह।** बालक उच्च विद्यालय परिसर में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत पंचायतों से वीर शहीदों के सम्मान में लाई गई मिट्टी के संग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से जिप सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, मुखिया कालो देवी शामिल हुए। नेहरू युवा केंद्र के लेखपाल रामाशीष चौधरी, सरिक राजा ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनीता खलखो, उज्जवल सिंह, सूर्यकांत शुक्ला, अरशद अंसारी, रमेश कुमार, चूड़ामणि सिंह, संदीप तिर्की, सुषमा कुमारी, मंजू कुमारी, नेहा कुमारी, शुभम शर्मा, अभिषेक कुमार, विनोद प्रसाद, रोशन कुमार, अमन कुमार आदि मौजूद थे।

### मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

**बारियातु।** नेहरू युवा केंद्र लातेहार के तत्वाधान में प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत आदर्श मध्य विद्यालय में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनीता देवी, विशिष्ट अतिथि झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मालती कुमारी, आईसीटी शिक्षक सानू कुमार, एनवाईकेएस के एमटीएस मनीष गौतम, प्रखंड युवा स्वयंसेवक बबीता कुमारी, जय बजरंग युवा क्लब के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर सहायक अध्यापक संजीव कुमार, युवा जागृति क्लब गाड़ी के अध्यक्ष अनिल ठाकुर आदि मौजूद थे।

### विद्या मंदिर के छात्रों ने पाया प्रथम स्थान

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के समीप विद्या विकास समिति झारखंड के तत्वाधान में आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव 2023 का आयोजन 15 व 16 अक्टूबर को 3 सी बोकारो इस्पात नगरी में संपन्न हुआ, जिसमें झारखंड प्रांत के सभी विभागों से सफल हुए प्रतिभागियों इस स्टेट लेवल प्रतियोगिता के अन्य विषयों- जैसे वैदिक गणित, कंप्यूटर, विज्ञान, अंग्रेजी, संस्कृत, संस्कृत बोध, पत्र वाचन में भाग लिया। सरस्वती विद्या मंदिर के 31 बच्चों ने विभिन्न विषयों में स्टेट लेवल प्रतियोगिता में केवल शामिल ही नहीं हुए बल्कि प्रथम स्थान हासिल किया। कंप्यूटर विषय के विषयाचार्य रितेश रंजन गुप्ता ने बताया कि दशम कक्षा की छात्रा शांभवी सुहाना नम्रता सेन गुप्ता, अनन्या कुमारी ने 10 में से सभी 10 प्रश्नों का सही जवाब देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं अंग्रेजी, वैदिक गणित, विज्ञान, संस्कृत व पत्रवाचन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### शारदीय नवरात्र पर राम कथा का उद्घाटन

**हंटरगंज।** प्रखंड के पांडेयपुरा में दुर्गा पूजा समिति की ओर से शारदीय नवरात्रा के अवसर पर नौ दिवसीय राम कथा का मुख्य अतिथि मुखिया रेणु देवी, जिप सदस्य सुरेश पासवान, पंचायत समिति सदस्य लखन दास, सुरेश पासवान, युगल किशोर प्रसाद शिक्षक, पूजा समिति के समिति के अध्यक्ष विजय साहू, कोषाध्यक्ष सुमन प्रसाद, सचिव आदित्य कुमार आदि ने सामूहिक रूप से उद्घाटन किया। राम कथा कथावाचक अमृता त्रिपाठी द्वारा की जाएगी। मौके पर पूर्व अध्यक्ष धीरज कुमार, पूर्व सचिव संतोष साह, अशोक साहू, पूजा समिति सदस्य संदीप कुमार, राजेश कुमार, मोनू कुमार, मीडिया प्रभारी रोहित अलवेला, निशांत तिवारी, मनीश कुमार, मंच संचालक पवन प्रसाद, बबलू प्रसाद, राजेश मेडिकल, सौरव कुमार, सौरव सिंह, रूजन कुमार, अंकित कुमार, सोनू कुमार, रंजीत कुमार, मोनू तिवारी, रितिक कुमार आादि मौजूद रहे।

### दिव्यांगों के बीच उपकरण का वितरण



**मयूरहंड।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी कार्यालय परिसर में मंगलवार को एलएमको संस्था भुनेश्वर के तत्वावधान में दिव्यांगो के बीच निरूशुल्क उपकरण का वितरण किया गया। इस दौरान संस्था द्वारा व्हील चेयर, ट्राईल साइकिल, एनएसजी कीट, रोलेटर किल्लिपर, हियरिंग कीट, ब्रेलकीट, सीपी चेयर एवं बैसाखी का वितरण चयनित लाभुकों के बीच किया गया। वहीं संस्था द्वारा दिव्यांगों का रजिस्ट्रेशन किया गया। मौके पर संस्था के निर्मल कुमार, रंजन कुमार, धनंजय महराज के अलावा बीआरसी कार्यालय कर्मी व अभिभावक उपस्थित थे।

## महज चौबीस घंटे के अंदर 96 गांवों में एक साथ वनाधिकार समिति के गठन की तैयारी की गई थी

# टंडवा के कई गांवों में वनाधिकार समिति का नहीं हो सका पुनर्गठन

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा(चतरा)**

टंडवा प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में मंगलवार को वनाधिकार समिति का गठन नहीं हो सका। इसका कारण कहीं समुचित प्रचार-प्रसार का अभाव तो कहीं नियुक्त पर्यवेक्षकों का ससमय नहीं पहुंचने का कारण बताया जा रहा है।

ज्ञात हो कि उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड कार्यालय से सोमवार को ही पत्र जारी कर महज चौबीस घंटे के अंदर 96 गांवों में एक साथ वनाधिकार समिति के गठन की तैयारी की गई थी। हालांकि, मंगलवार दोपहर 3 बजे तक कसियाडीह, नावाडीह, सेरनदाग, बिंगलात, घाघरा, कुडलौंगा, मासिलौंग, सनहा, राहम समेत दर्जनों गांवों में समिति के गठन नहीं होने की सूचना है। कसियाडीह पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि वे पर्यवेक्षकों की बाट काफी देर तक जोहते रहे। वहीं पंसस राजेश चौधरी ने बताया कि अल्प समय में बगैर समुचित प्रचार-प्रसार कराये एफआरए समिति के गठन का प्रयास पूरी तरह से संदेहास्पद है। वहीं सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा ने कहा कि जिला प्रशासन ग्रामीणों के बीच समुचित प्रचार-प्रसार हेतु न्यूनतम एक सप्ताह का समयांतराल रखकर तिथि का निर्धारण करे जिससे गठन निर्विरोध व पारदर्शी हो सके। क्षेत्र के लोगों की मानें तो लगभग 15 वर्षों के बाद वनाधिकार समिति के पुर्नगठन हेतु जिला प्रशासन ने पहल किया है।

राहम पंचायत से उपेन्द्र पांडेय ने बताया कि मुखिया ने बैठक स्थगित होने की बातें लोगों से कही है, जबकि सनहा के अशोक महतो ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा गुपचुप तरीके से समिति गठन किया गया, जिसकी शिकायत बीडीओ से की गई है। नव गठित वनाधिकार समिति के माध्यम से जहां नवागंतुक कई परियोजनाओं को वन अनापत्ति प्रकिया पारदर्शी तरीके से क्रियान्वयन कराया जा सकेगा वहीं भूमिहीनों को वनपट्टा उपलब्ध कराने में भी प्रशासन को काफी सहुलियत होगी।

### किसुनपुर वनाधिकार समिति के अध्यक्ष बने संतोष प्रजापति

**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार को टंडवा प्रखंड क्षेत्र के किसुनपुर में वनाधिकार समिति के पुर्नगठन हेतु बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता खुदन प्रजापति ने किया। वहीं पर्यवेक्षक के तौर पर प्रतिनियुक्त रोहित कुमार मौजूद थे। इस दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष संतोष प्रजापति, सचिव संतोष राम समेत 15 सदस्यीय वनाधिकार समिति का गठन किया गया। मौके पर महेंद्र महतो, जितेन्द्र महतो, मुंशी महतो, प्रभु महतो, शिवदयाल साहु, भोला भुईयां समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।



# शादी के तीन दिन बाद महुआ के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## पिता ने थाने में आवेदन देकर पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की, एफआईआर दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

थाना क्षेत्र के हिसरी ग्राम निवासी बिपिन कुमार सिंह (23) पिता अजय सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बिपिन की तीन दिन पूर्व डाढ़ा गांव में शादी करवाई गई थी। शादी के महज तीन दिन के अंदर मुक्की स्थित महुआ के पेंड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की सुचना मिलते ही थाना के एएसआई बिंदेशवर महतो सदलबल घटना स्थल पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया।



मृतक के पिता ने थाना में आवेदन देकर बताया कि बिपिन सोमवार रात्रि अपने कमरे में सोया हुआ था। मंगलवार के अहले सुबह पांच बजे मैं किसी काम को लेकर उठाने गया तो उसकी की पत्नी शिम्पी कुमारी ने बताया कि तीन बजे के आसपास पानी पीने की बात कहकर रूम से बाहर गए तब से वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन बाद ग्रामीण से जानकारी मिली की मुकी आहरा के समीप महुआ के पेड़ में फांसी पर लटका एक शव है। तब हम सभी परिवार ग्रामीणों के साथ उक्त स्थल पर पहुंचे तो देखा कि शव उसके पुत्र का ही है। आगे बताया कि 14 अक्टूबर को डाढा के ग्रामीणों ने मेरे पुत्र को बारियातु हाई स्कूल के पास बुलाकर बंधक बनाकर डाढ़ा गांव ले गए। कुछ ही देर बाद डाढ़ा निवासी द्वारा हिसरी निवासी सुनील सिंह के मोबाइल पर फोन कर कहा गया कि बिपिन की शादी करानी है। आप लोग डाढ़ा गांव आईए।

हम कुछ ग्रामीणों के साथ डाढ़ा गांव पहुंचे। डाढ़ा के ग्रामीणों से शादी के लिए एक माह का समय मांगा, पर मेरी बात नहीं सुनी गई। 15 अक्टूबर को मेरे पुत्र की शादी शिम्पी कुमारी के साथ कराकर मेरे घर हिसरी पहुंचा दी गई। तब से मेरा पुत्र मानसिक रूप से काफी तनाव में रह रहा था। पिता ने डाढा, बालूमाथ, झाबर चतरा जिले के बगरा (चतरा ) गांव के कुछ लोगों का नाम देकर पुलिस से निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। वहीं घटना के संबंध में थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि मृतक के पिता द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। एफआईआर दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। अचानक उक्त घटना होने से परिजन सहित आसपास में मातम पसर गया है।

# ट्रैक्टर पलटने से 3 मजदूर घायल, 2 की हालत गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

थाना क्षेत्र के मंगरा पंचायत में अमडीहा कचनपर मार्ग में मंगलवार सुबह एक ट्रैक्टर के पलटने से तीन मजदूर घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। जानकारी के अनुसार ईंट भट्टा व्यवसायी देवराज अग्रवाल का खाली ट्रैक्टर उस मार्ग से गुजर रहा था। इसी बीच संतुलन बिगड़ जाने के कारण ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें ट्रॉली में बैठे तीन मजदूर घायल हो गए। इनमें बनारसी राम, ललन कुमार मंगरा निवासी एवं सुनील सिंह रंका (गढ़वा) का निवासी बताया गया है। दुर्घटना के उपरांत ग्रामीण ने इसकी सूचना 108 के माध्यम से बरवाडीह अस्पताल को दी, जिससे ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर आशीष रंजन, स्वास्थ कर्मी राजेश चंद्र सिन्हा, दानिश कुमार ने तीनों का इलाज किया। वहीं घटना की सूचना पाकर जिप सदस्य संतोषी शेखर ने तत्काल अस्पताल पहुंच कर घायलों का इलाज करवाया। गंभीर रूप से घायल बनारसी राम एवं सुनील सिंह को मेदिनीनगर रेफर किया गया है। मजदूर ललन सिंह की हालत ठीक बताई गई है। घटना की सूचना मिलने पर बरवाडी थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# खिड़की का ग्रिल उखाड़ कर घर में घुसे चोर, लाखों की चोरी

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

शहर से सटे धोबी टोला मुहल्ले में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने वन विभाग कर्मी दुलारचंद बैठा के घर नकद समेत करीब तीन लाख रुपये की चोरी कर ली। घटना देर रात की बताई जा रही है। इस संबंध में बताया जाता है कि दुलारचंद बैठा अपने रिश्तेदार के घर दशगात्र में शामिल होने गए हुए थे। चोरों ने दुलारचंद के घर में पीछे खिड़की का ग्रिल उखाड़कर घुसे और चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घर के सभी कमरों के एक एक सामान को तितर बितर कर दिया। गृहस्वामी दुलारचंद ने बताया कि 15 हजार रुपये नकद और ढाई लाख रुपये मूल्य के जेवर की चोरी हुई है। इधर, घटना की सूचना पाते ही चंदवा थानेदार बब्लू कुमार सदल बल उक्त घर पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जल्द ही चोर सलाखों के पीछे होंगे।



### 9 बकायदारों का काटा गया विद्युत कनेक्शन

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के सलिमपुर में मंगलवार को विद्युत विभाग ने छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी विभाग के सहायक अभियंता हरी मोहन प्रसाद व कनीय अभियंता तरुण कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। छापेमारी में किरकिरा व सालिमपुर के 9 बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। इन बकायेदारों पर लगभग एक लाख बासठ हजार दो सौ पचास रुपए बिजली बिल बकाया था। इधर कनीय अभियंता ने बिना बिजली बिल जमा किए विद्युत जलाते पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। छापेमारी में संतोष कुमार, महावीर दांगी, पंकज कुमार, रमेश तिर्की, विकास कुमार आदि शामिल थे।

# जनता दरबार में डीसी ने सुनीं जनसमस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने ाभी शिकायतों की जल्द जांच कराते हुए समाधान का आश्वासन दिया। बरियातु ग्राम निवासी महेश प्रसाद ने अपने पुश्तैनी जमीन जो उनके पिता ने अन्य हिस्सेदारों की सहमति के बिना अवैध तरीके से बिक्री कर दी है उस संबंध में उपायुक्त को आवेदन देकर उक्त भूमि का म्यूटेशन रोकने की मांग की। जनता दरबार में मुख्य रूप से राशन कार्ड, भूमि संबंधित, मुआवजा भुगतान, नियोजन आदि से संबंधित आवेदन आये, जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित किया।




## पहल | उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई डीएमएफटी शासी परिषद की बैठक

# 7998 योजनाओं को किया गया अनुमोदित

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

प्रशिक्षण सह कौशल विकास केंद्र (डीएमएफटी) के सभागार में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला शासी परिषद की बैठक हुई।



इसमें मुख्य रूप से राज्य के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सह सदर चतरा के विधायक सत्यानंद भोक्ता, चतरा सांसद सुनिल कुमार सिंह, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, समेत जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट शासी परिषद के सभी सदस्य एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कुल 7998 योजनाओं को अनुमोदित किया गया। बैठक में एसडीओ मुमताज अंसारी ने डीएमएफटी मद से किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। साथ ही पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में अब तक किए गए अनुपालन की भी जानकारी दी गई। पूर्व से संचालित परियोजनाओं की प्रगति की बिंदुवार जानकारी दी गई। वहीं अनुमोदन के लिए प्रस्तावित योजनाओं को एक-एक कर प्रस्तुत किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक कार्य योजना पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा शासी परिषद द्वारा अन्य योजनाओं पर भी सर्वसम्मपति से अनुमोदन किया गया। चतरा कॉलेज में सोलर आधारित डीप बोरिंग का अधिष्ठापन, टण्डवा खनन से प्रभावित क्षेत्रों में सोलर आधारित डीप बोरिंग के द्वारा पेयजल की आपूर्ति, नगर परिषद अंतर्गत ड्राय क्षेत्र में डीप बोरिंग। चतरा ब्लड बैंक का उन्नयन कार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चतरा का भवन निर्माण/अन्य संसाधन मुहैया करया जाना, उपस्कर, सदर अस्पताल परिसर में एएनएम होस्टल का मरम्मति एवं अन्य उपस्कर की व्यवस्था, सदर अस्पताल परिसर में पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण, पुराने सदर अस्पताल भवन मरम्मति/उन्नयन एवं आवश्यक सामग्री आपूर्ति तथा पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों/स्वास्थ्य उपकेंद्रों में एएनएम होस्टल का निर्माण एवं उपस्कर की व्यवस्था, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों/स्वास्थ्य उपकेंद्रों में सोलर आधारित पावर सप्लाई योजना का कार्यान्वयन, पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण, पुराने भवनों का उन्नयन/मरम्मति एवं आवश्यक उपस्कर की आपूर्ति, मरीज प्रतिक्षा गृह (वेटिंग हॉल) का निर्माण एवं आवश्यक उपस्कर की व्यवस्था, चतरा जिला में मोबाइल मेडिकल यूनिट सर्विसेस एवं मेडिकल कैंप की सुविधा। बैठक में अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, डीएफओ उत्तरी राहुल मीना, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिले के सभी कार्यालय प्रधान, बीडीओ समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

### ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
1st Call
निविदा सूचना संख्या–DWSD/GAR-15/2023-24 दिनांक–17.10.2023

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 27/10/2023 को 12:30 बजे अपराह्न तक।
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 06/11/2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य Online Submit करने की तिथि एवं समय :– 06/11/2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.inपर ऑनलाईन के माध्यम से।
6. निविदा खोलने की सम्भावित तिथि एवं समय :– 07/11/2023 को 05:00 बजे अपराह्न।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता:– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
8. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क न0. :– 9973003856
10. ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन न0. :– 0651–2490920

| क0 सं0 | कार्य का नाम | ग्रुप नम्बर | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 125/115 mm dia and **70 mtrs deep Drilled Tube well** with installation of IM-II Hand pump with 32mm dia. GI Medium class riser pipe by DTH (FDS/KPO/copro) RIG machin with 125 mm dia blue casing UPVC pipe with drain & platform on turnkey basic in different location in Garhwa district for the year 2023-24. | GAR/DT/70 mtr-01 | 50 Nos | 44,58,870.00 | 90,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/70 mtr-02 | 50 Nos | 44,58,870.00 | 90,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/70 mtr-03 | 50 Nos | 44,58,870.00 | 90,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/70 mtr-04 | 100 Nos | 89,17,740.00 | 1,79,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/70 mtr-05 | 100 Nos | 89,17,740.00 | 1,79,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/70 mtr-06 | 100 Nos | 89,17,740.00 | 1,79,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/70 mtr-07 | 92 Nos | 82,04,321.00 | 1,65,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| 2 | Construction of 125/115 mm dia and **90 mtrs Exta deep Drilled Tube well** with installation of IM-II Hand pump with 32mm dia. GI Medium class riser pipe by DTH (IS:15500 part-2/2004)) RIG machin with 125 mm dia blue casing UPVC pipe with drain & platform on turnkey basic in different location in Garhwa district for the year 2023-24. | GAR/DT/90 mtr-01 | 45 Nos | 45,53,369.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/90 mtr-02 | 45 Nos | 45,53,369.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/90 mtr-03 | 45 Nos | 45,53,369.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/90 mtr-04 | 45 Nos | 45,53,369.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/90 mtr-05 | 45 Nos | 45,53,369.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/90 mtr-06 | 45 Nos | 45,53,369.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/90 mtr-07 | 45 Nos | 45,53,369.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/90 mtr-08 | 85 Nos | 86,00,808.00 | 1,73,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/90 mtr-09 | 68 Nos | 68,80,647.00 | 1,38,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| 3 | Construction of 125/115 mm dia and **120 mtrs Exta deep Drilled Tube well** with installation of IM-II Hand pump with 32mm dia. GI Medium class riser pipe by DTH (IS:15500 part-2/2004)) RIG machine with 125 mm dia blue casing UPVC pipe with drain & platform on turnkey basic in different location in Garhwa district for the year 2023-24. | GAR/DT/120 mtr-01 | 75 Nos | 97,46,240.00 | 1,95,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/120 mtr-02 | 75 Nos | 97,46,240.00 | 1,95,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/120 mtr-03 | 75 Nos | 97,46,240.00 | 1,95,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/120 mtr-04 | 75 Nos | 97,46,240.00 | 1,95,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/120 mtr-05 | 75 Nos | 97,46,240.00 | 1,95,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/120 mtr-06 | 75 Nos | 97,46,240.00 | 1,95,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/120 mtr-07 | 75 Nos | 97,46,240.00 | 1,95,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/120 mtr-08 | 75 Nos | 97,46,240.00 | 1,95,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/120 mtr-09 | 75 Nos | 97,46,240.00 | 1,95,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/DT/120 mtr-10 | 45 Nos | 58,47,762.00 | 1,17,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |

नोट– (1) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(2) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट न0- http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
(3) झारखण्ड सरकार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉंची–4 का आदेश ज्ञापांक 120, रॉंची दिनांक 03.10.2023 द्वारा प्राप्त आदेश के आलोक में।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 309392 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

## गागर में सागर

### शोकाकुल परिवार से मिली आजसू नेत्री नीरू, सहायता का दिलाया भरोसा

**किस्को।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाखर के तिसिया ठाकुर टोली निवासी सुकरा उरांव का 35 वर्षीय पुत्र दुखा उरांव की गांव के ही करम तालाब में डूबने से मौत होने की सूचना पर आजसू पार्टी की लोहरदगा विस प्रभारी नीरू शांति भगत शोकाकुल परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया एवं हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। भगत ने कहा कि दुखा उरांव काफी कुशल और सरल स्वभाव के रूप में जाने जाते थे। मौके पर आजसू पार्टी की केंद्रीय महिला मोर्चा प्रवक्ता अंजू देवी, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, आदिवासी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मनोज उरांव आदि मौजूद थे।

### डीसी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**लोहरदगा।** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने मंगलवार को ईवीएम वेयरहाउस, लोहरदगा का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में गीता चौबे, विशेष कार्य पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, ईवीएम/वीवीपैट, मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, झारखण्ड, रांची भी उपस्थित रहीं। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम समेत निर्वाचन कार्यालय, लोहरदगा के कर्मी भी उपस्थित थे।

### कांग्रेस कमेटी का भौतिक सत्यापन

**भंडरा।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें पार्टी की मजबूती व प्रखंड कांग्रेस कमेटी का भौतिक सत्यापन किया गया। मौके पर जिला महासचिव सह जिला प्रभारी मोहन दुबे ने कहा कि देश में कांग्रेस पार्टी लगातार अपना जनाधार बढ़ा रही है। राज्य में भी जनता भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण भी राज्य की जनता विगत दिनों में हुए उप चुनाव में दिखा चुकी है। आगामी 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से तैयार है। पार्टी की मजबूती को लेकर भंडरा प्रखंड के सभी पंचायत, प्रखंड व मंडल कमेटी का सत्यापन किया जा रहा है। कहा कि भंडरा प्रखंड में जो भी कमिटी के अब तक पुनर्गठन नहीं हुआ है। वह यथाशीघ्र अपनी कमेटी का पुनर्गठन कर ले, ताकि इसकी सूचना जिला कार्यालय को भी दी जा सके। कांग्रेस के जो भी कार्यकर्ता पार्टी में अपनी सक्रिय भूमिका नहीं निभा रहे हैं वैसे कार्यकर्ता को भी सक्रिय किया जाए। मौके पर जुगल भगत ने कहा कि देश की जनता भाजपा द्वारा की जा रही धर्म की राजनीति को समझ चुकी है। मौके पर विजय उरांव, तबरेज मिरदाहा, बासुदेव उरांव, राजकुमार साहू, फगुआ उरांव, मोबारक अंसारी, चंदर उरांव, रंजन उरांव, सलाउद्दीन अंसारी, गौसुल मिरदाहा, निरंजन उरांव, इम्तियाज अंसारी, बिरसु उरांव सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### क्षेत्रीय एथलेटिक्स के लिए विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की टीम रवाना



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा के आठ एथलीट्स क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। 17 से 19 अक्टूबर तक रजरप्पा विद्या मंदिर में आयोजित प्रतियोगिता के लिए मंगलवार को टीम रवाना हुई। टीम में गोला फेक में नैतिक राज और आकांक्षा पांडे, हैमर थ्रो में अभय साहू, 3000 मीटर दौड़ में पूनम कुमारी, हाई जंप में सुजल बाखला, ट्रिपल जंप और 200 मीटर दौड़ में नीलिमा कुमारी, भाला फेंक में अल्पना शैली उरांव तथा 6 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ एवं 1500 मीटर दौड़ में रोहित उरांव शामिल है। टीम के साथ मार्गदर्शक शिक्षक की भूमिका में यशोदा कुमारी और रेणु कुमारी साथ गई। प्राचार्य उत्तर मुखर्जी ने शुभकामनाओं के साथ टीम को रवाना किया। टीम की सफलता के लिए समिति के पदाधिकारी और शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कर्मियों तथा विद्यार्थियों ने भी शुभकामनाएं दी हैं।

### राशन की मांग को लेकर लाभुकों ने डीसी कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

**लोहरदगा।** कैरो प्रखंड क्षेत्र के गीतिलगढ़ से पहुंचे सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए नियमित राशन देने की मांग की है। लाभुकों का कहना है कि गितिलगड़ में सरिता महिला मंडल द्वारा गत तीन माह से राशन का नियमित वितरण नहीं किया जा रहा रहा है। दो माह के राशन और अंगूठा लगवा कर मात्र एक माह के राशन का ही वितरण किया जाता है। एक तो सुखाड़ वाली स्तिथि है ऊपर से राशन नही मिलने से लाभुकों की परेशानी बढ़ी है। लाभकों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए सरिता महिला मंडल को निलंबित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि दो माह के राशन पर अंगूठा लगवा कर सिर्फ एक माह का ही दिया जाता है। उसमें भी वजन में कमी पाई जाती है। ग्रामीणों का कहना था कि अविलंब सरिता महिला मंडल के लाइसेंस को रद्द किया जाए तथा गितिलगढ़ में नियमित राशन वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# बाल विवाह के खिलाफ मशाल लेकर सड़क पर उतरीं महिलाएं

## मार्च में शामिल लोगों ने कहा-न तो बाल विवाह का समर्थन करेंगे और न ही इसे बर्दाश्त करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




पूरे देश में चल रहे 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के तहत गैर सरकारी संगठन लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान की अगुवाई में महिलाओं ने हाथों में मशाल लेकर सड़क पर उतर कर जागरूकता का संदेश दिया। जिले में 500 से ऊपर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में महिलाओं, बच्चों, लोगों ने शपथ ली कि वे न तो बाल विवाह का समर्थन करेंगे और न इसे बर्दाश्त करेंगे।

बड़े पैमाने पर हुए इन कार्यक्रमों में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला बाल संरक्षण इकाई के विरेंद्र कुमार, अनुरंजन कुमार, सभी प्रखंड के बीडीओ, सीडीपीओ, प्रमुख बार एसोसिएशन के सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, जेएसएलपीएस के डी, पीएम अनिता केरकेट्टा, प्रबंधक विनोद होरो, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के कार्यकर्ता सहित लोहरदगा जिले के सभी गांवों के लोगों ने हिस्सा लिया और इसे सफल बनाने में योगदान दिया। गांवों में पूरे दिन इस अभियान के समर्थन में उतरे लोगों की चहल पहल रही और इस दौरान सभी ग्राम, टोलों, कस्बो में रैली, शपथ, पेंटिंग प्रतियोगिता, नुकड़ नाटक, प्रभात फेरी, कैंडल मार्च, गीत संगीत आदि जैसे तमाम कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लोगों ने हाथों में मशाल एवं कैंडल लेकर मार्च भी किया। लोगों को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि नए भारत में बाल विवाह की कोई जगह नहीं है। इस मार्च में स्कूली बच्चों, ग्रामीणों, धार्मिक नेताओं सहित समाज के सभी वर्गों और समुदायों के लोगों ने हिस्सा लिया। संस्थान के सचिव ने कहा, 'बाल विवाह वो अपराध है जिसने सदियों से हमारे समाज को जकड़ रखा है।' कार्यक्रम प्रबंधक विक्रम कुमार के कहा कि पितृसत्ता बाल विवाह का खाद-पानी है। कई लोगों के लिए यह सामान्य होता है कि वह उस व्यक्ति की पहचान को एक गुलाम तक सीमित कर दें, जिसे वे खरीदकर लाए हैं। कानूनों के क्रियान्वयन में कमी होना बाल विवाह का सबसे बड़ा कारण है, जिसका परिणाम है कि समाज समझ पाया है कि बाल विवाह आपराधिक न्याय से जुड़ा मुद्दा है।

### बाल विवाह विषय पर निबंध लेखन में सिफा नाज प्रथम



**गुमला।** प्रधान जिला और सत्र न्यायाधिश सह अध्यक्ष संजय कुमार चांधरियावी के मागदर्शन में डालसा की ओर से बालिका राज्यकृत उच्च विद्यालय में मंगलवार छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, बाल विवाह, बाल उत्पीड़न, बुजुर्ग लोगों के भरण पोषण के अधिकार, साइबर फ्रॉड, डायन उत्पीड़न, विभिन्न सरकारी योजनाओं आदि की जानकारी दी गई। वहीं वर्ग 8 की छात्राओं के बीच पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम सृष्टि कुमारी, द्वितीय ए. प्रवीन तथा तृतीय पुरस्कार एस. अंजुम को दिया गया। वहीं बाल विवाह विषय पर निबंध लेखन में सिफा नाज, नाजनीन फरहद व मोनिका कुमारी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार दिया गया। छात्राओं को डालसा ने प्रशस्ति पत्र दिया। कार्यक्रम में डालसा सचिव पार्थ सारथी घोष, लिगल डिफेंस अधिवक्ता बुन्देश्वर गोप, पीलए सदस्य शंभु सिंह, मेडिएटर जया सेन गुप्ता, प्रकाश कुमार, मनीष कुमार, जोसेफ किंडो, नीलम लकड़ा आदि मौजूद थे।

## संस्कृति महोत्सव में इंटर कॉलेज को प्रथम पुरस्कार



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा को प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त हुआ। महोत्सव बोकारो सेक्टर 3 स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में 15 एवं 16 अक्टूबर को आयोजित हुआ, जिसमें महाविद्यालय की सांस्कृतिक टीम ने झारखंड का परंपरागत लोक नृत्य प्रस्तुत किया। निर्णायकों द्वारा सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार की घोषणा करते हुए टीम के सभी 15 सदस्यों को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही टीम का चयन क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव के लिए हो गया। अब इंटर कॉलेज की यह टीम झारखंडी लोक नृत्य की प्रस्तुति भागलपुर के कहलगांव में 30 एवं 31 अक्टूबर को आयोजित क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव में करेगी। टीम के सदस्यों में पूर्णिमा भगत, रितु कुमारी, मधु श्वेता कुजूर, प्रिया कुजूर, अनिमा लकड़ा, पूनम कुमारी, सुजीत उरांव, मंतोष उरांव, अनित उरांव, अंकित उरांव, विकास उरांव, धर्मदेव उरांव, सचिन भगत, अजीत उरांव और संदीप उरांव शामिल है। टीम की सफलता पर समिति और विद्यालय के पदाधिकारी एवं सदस्यों और शिक्षक शिक्षकों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

वहीं प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में आचार्य पत्र वाचन में महाविद्यालय की अर्थशास्त्र की महिला आचार्य नीतू कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा त्वरित भाषण में कक्षा 12वीं की छात्रा रोशनी उरांव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों का चयन क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव में आचार्य पत्र वाचन और त्वरित भाषण में सहभागिता के लिए हुआ।

## कुडू के युवक की तमिलनाडु में सड़क हादसे में मौत

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

थाना क्षेत्र की डोरो टोली कॉलोनी के रहने वाले एक युवक की तमिलनाडु में सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार डोरो टोली निवासी जलेसर राम का पुत्र नितेश राम (22) बीते करीब 15 साल से तमिलनाडु के तूतूकुड़ी स्थित देवा मछली प्लांट में नौकरी कर रहा था। छोटे भाई मुकेश राम से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात अपनी बाइक से जा रहा था। तभी सामने से आरही तेज रफ़्तार बाइक ने टक्कर मार दी। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। गांव के लोगों ने बताया कि नितेश तीन भाइयों में सबसे बड़ा और कमाऊ सदस्य था। शव कंपनी द्वारा कुडू भेजा गया है। परिजनों ने बताया कि बुधवार उसका शव गांव पहुंचेगा और उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इधर उसकी बीमार मां को अभी तक उसे बेटे की मौत की सूचना नहीं दी गयी है।

### कैरो में मोटरसाइकिल दुर्घटना में अधेड़ व्यक्ति की मौत

**कैरो।** कैरो व भंडरा थाना के सीमा पर स्थित बंडा कब्रिस्तान के समीप मंगलवार शाम में उतका निवासी 55 वर्षीय सुदर्शन यादव की मोटरसाइकल दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुदर्शन यादव मंगलवार को भंडरा साप्ताहिक बाजार गये थे। शाम में लौटने के दौरान बंडा ग्राम कब्रिस्तान के समीप एक निमाणाधीन मकान में उनकी मोटरसाइकल जा टकराई। इससे सिर पर गहरी चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सुदर्शन यादव अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री छोड़ गए। भंडरा थाना पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

### डांडिया नाइट झूमती नजर आई महिलाएं

**लोहरदगा।** शारदीय नवरात्रि पर अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला समिति व अग्रवाल यूथ सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में अग्रसेन भवन में डांडिया नाइट का आयोजन हुआ। इसमें हिंदी फिल्मी गाने, गुजराती और पंजाबी भक्ति गीतों की धुन पर महिलाएं खूब झूमती नजर आईं। इससे पूर्व लोहरदगा महिला थाना प्रभारी किरण पंडित आदि अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरुआत की। अग्रवाल समाज की महिलाओं द्वारा अतिथियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। जिले में शारदीय नवरात्रि को लेकर लोगो में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। जिले में जगह-जगह पर डांडिया नाइट और भक्ति जागरण का आयोजन हो रहा है।

## फिट इंडिया के तहत हुईं खेल-कूद प्रतियोगिताएं

**नवीन मेल संवाददाता। भरनो(गुमला)**



केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से फिट इंडिया, राष्ट्रीय एकता दिवस, स्वच्छता अभियान 3.0, सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0, मेरी माटी, मेरा देश, पीएम विश्वकर्मा योजना, खादी महोत्सव, एक भारत- श्रेष्ठ भारत एवं केंद्र सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर गुमला, भरनो में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परिसर में दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस क्रम में फिट इंडिया के तहत विद्यालय प्रांगण में खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर उक्त विद्यालय की वार्डन झरियो केरकेट्टा, शिक्षक शिक्षिकाओं में प्रफुल्लित एक्का, मनोज कुमार साहू, दिव्य स्वर्ण टोप्पो, लक्ष्मी कुमारी, रीना केसरी, ओमेगा खेस, ज्योति कुमारी, विश्वनाथ बेरा, मुनुमुन केसरी और केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान उपस्थित रहीं। सबसे कबड्डी प्रतियोगिता में टीम नाइनटीन एवं टीम सेवनटीन के बीच टक्कर का मुकाबला हुआ। इसके बाद छात्राओं के बीच 200 मीटर रेस का आयोजन किया गया। प्री प्रोग्राम के तहत आयोजित खेल कूद के विजेताओं को 18 अक्टूबर को होने वाले विशेष कार्यक्रम में मुख्य एवं गणमान्य अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भरनो की शिक्षिका शिक्षिकाओं के साथ केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के अंजनी मिश्रा एवं संजय साहू की महती भूमिका रही।

## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार
### (समाज कल्याण शाखा)
### इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार जिला अन्तर्गत ओल्ड एज होम, 25 (पचीस) बेड के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्ताधारी स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था से इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। स्वयंसेवी/गैर सरकारी संस्था को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, लातेहार में किया जायेगा।

अतः इच्छुक स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति ¼Expression of Interest½ का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, लातेहार को संबोधित करते हुए स्थान–जिला समाज कल्याण कार्यालय, लातेहार में दिनांक 08/11/2023 को पूर्वा0 /अपराह्न 03.00 बजे तक हाथो–हाथ अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते है। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति दिनांक 10/11/2023 को 12.00 बजे पूर्वा0 / अपराह्न में जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष खोला जायगा। जिसमें स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि को उपस्थित रहना होगा।

नोट :– उपरोक्त इच्छा कि अभिव्यक्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी लातेहार जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त, लातेहार।

PR.NO.309335 Social Welfare,Women and Child Development(23-24):D

## कार्यालयः– जिला परिषद, लातेहार।
### सैरात की बन्दोबस्ती वर्ष 2023–24
### सूचना

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | पूर्व वर्ष की बन्दोबस्ती की राषि | जमानत की राषि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कार्तिक पूर्णिमा पशु मेला बालुमाथ। | बालुमाथ | 27/10/2023 | 12:00 PM | 12,01,000.00 | 1,20,500.00 |

नोट :–

1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर दिनांक 28/10/2023 को अपराहन् 12:00 बजे तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः दिनांक 30/10/2023 को अपराहन् 12:00 बजे बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार।

PR 309339 Rural Development(23-24)D

## कार्यालय गुमला नगर परिषद, गुमला
### आम–सूचना
### स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को देखते हुए दुर्गा पूजा 2023 के अवसर पर "स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता" के माध्यम से पूजा पंडाल के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जाना है। पूजा एवं त्योहारों के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ एवं पंडालों के इर्द–गिर्द ठोस अपशिष्ट का बढ़ना आम बात है। जिसको कम करने का उत्तरदायित्व आम नागरिकों का भी है। उक्त प्रयास में आगामी दुर्गा पूजा में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु "स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता" का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। निकाय अंतर्गत आने वाले पूजा पंडालों की स्वच्छता का मूल्यांकन दिनांक 20 से 24 अक्टूबर 2023 के दौरान निकाय द्वारा गठित टीम / समिति के द्वारा नीचे दिए गए तालिका में अंकित मापदण्डों के आधार पर किया जाएगा।

मपदण्ड निम्नवत है :–

| क्र० सं० | मापदंड | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1 | Single Use Plastic का प्रयोग निषेध। | 10 |
| 2 | प्रसाद वितरण हेतु कागज, पत्ता अथवा बायोडिग्रेडेबल सामग्री का प्रयोग। | 10 |
| 3 | पूजा पंडालों/ परिसरों में सफाई हेतु सफाई मित्र की भागीदारी। | 10 |
| 4 | पूजा पंडालों/परिसरों में गीले तथा सूखे कचरे को पृथक रखने हेतु पर्याप्त संख्या में हरा एवं नीला कूड़ेदानों की व्यवस्था एवं प्रयोग। | 10 |
| 5 | स्वच्छता संबंधी विज्ञापन पटों की व्यवस्था। | 10 |
| 6 | जुलुस के दौरान न्यूनतम प्लास्टिक अपषिष्ट उत्पादन। | 10 |
| 7 | विसर्जन घाट पर न्यूनतम अपशिष्ट उत्पादन। | 10 |
| 8 | पूजा पंडालों में प्रवेष व निकासी द्वार अलग–अलग एवं महिला तथा पुरूष हेतु अलग–अलग कतार की व्यवस्था। | 10 |
| 9 | पूजा पंडालों के आसपास वाहन पार्किंग की व्यवस्था। | 10 |
| 10 | पूजा समितियों के द्वारा किए गए इनोवेटिव वर्क। | 10 |
| | कुल अंक | 100 |

पर्व / त्योहार के अवसर पर नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु निकाय स्तर से "स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता" का आयोजन किया जा रहा है तथा उपरोक्त मापदंडों के आधार पर रैंकिंग करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले पूजा पंडालों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस संदर्भ में जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में WhatsApp No. 8271826868 पर या नगर परिषद, गुमला कार्यालय के SBM कोषांग में संपर्क कर सकते हैं।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद्, गुमला

PR 309327 District(23-24)#D

**आस्था** | दुर्गा पूजा की शुरुआत भंडरा थाना के पूर्व प्रभारी डी लाल ने की थी

# भंडरा में दुगार्पूजा का इतिहास 42 वर्ष पुराना

**कुलदीप कच्छप। भंडरा**



भंडरा में दुर्गा पूजा का इतिहास 42 वर्ष पुराना है। 42 वर्ष पूर्व भंडरा थाना के प्रभारी डी लाल ने दुर्गा पूजा की शुरुआत की थी। थाना प्रभारी के साथ गांव के सभी लोगों का सहयोग दुर्गा पूजा में होता था। सभी लोग बढ़-चढ़ कर इसमें अपनी सहभागिता निभाते थे। उस समय मां दुर्गा की प्रतिमा रांची से ट्रक में लोड कर लायी जाती थी। दुर्गा पूजा पुराना थाना के सामने मनायी जाती थी, जहां आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते थे। पूजा को लेकर लोगों में काफी उत्साह होता था। पूजा पूरी शुद्धता व भक्तिभाव के साथ की जाती थी। पूजा के दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो जाता था और मूर्ति विसर्जन के बाद लोगों को ऐसा एहसास होता था मानो मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन नहीं किया, बल्कि अपनी बेटी की विदाई की है। दशहरा के बाद कई दिनों तक पूरे क्षेत्र में वीरानगी छायी रहती थी। लोग काम धंधा करने नहीं जाते थे। कालांतर में स्थल परिवर्तन होता गया। कुछ दिनों तक ठाकुरबाड़ी प्रांगण में भी दुर्गा पूजा होती थी। वर्तमान में भंडरा में दो जगह पंडाल निर्माण कर दुर्गा पूजा की जाती है। वर्तमान में थाना के सामने व मुख्य पथ एसबीआइ के पास मूर्ति स्थापित कर मां दुर्गा की पूजा की जाती है। लगभग 17 वर्षों से भंडरा में विजयदशमी के उपलक्ष्य पर रावण दहन का कार्यक्रम दुर्गा पूजा समिति की ओर से की जाती है, जिसमें आसपास के लोग की सहभागिता होती है। दशहरा के उपलक्ष्य में रावण दहन स्थल ठाकुरबारी प्रांगण में मेला के समीप होता है। भंडरा थाना के मसमानो में एक जगह, भौरो में दो जगह, बेदाल में एक जगह, भीट्ठा में एक जगह पंडाल निर्माण कर दुर्गा पूजा की जाती है। भंडरा थाना के समीप भव्य पंडाल निर्माण किया जा रहा है।

### मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा

**लोहरदगा।** रांची की विशेष कार्य पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, ईवीएम/वीवीपैट, मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, झारखण्ड, गीता चौबे, की अध्यक्षता में लोहरदगा जिला के सभी एईआरओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ के साथ मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। बैठक में नोडल पदाधिकारी द्वारा एसएसआर-2024 कार्यक्रम में सभी महत्वपूर्ण प्रपत्रों को भरे जाने का तरीका, आवश्यक दस्तावेज के जरिये सत्यापन, मौका सत्यापन, मतदाता और उसके पता का सत्यापन, मतदाता सूची का जीरो एरर के साथ सत्यापन कार्य, बीएलओ/बीएलओ सुपरवाईजर/एईआरओ/ईआर के कार्य की जानकारी दी गई। इस बैठक में बीएलओ के स्तर से सभी महत्वपूर्ण कार्य, मतदान के दौरान बीएलओ का कार्य, मतदाता सूची का विखण्डीकरण, किसी भी मतदान केंद्र में न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं संबंधी जानकारी दी गई।

## गागर में सागर

### डॉमिनोज ने मटन और चिंगरी पिज्जा की शुरूआत की

**रांची।** पूजा सीजन में पिज्जा चेन, डॉमिनोज ने पहली बार भारत में मटन और चिंगरी पिज्जा की शुरूआत की है। डोमिनोज ने ऑथेंटिक बांग्ला और पूर्वी क्षेत्रीय व्यंजनों से प्रेरित 3 नए पिज्जा के साथ 6 स्वादिष्ट पिज्जा का अपना कलेक्शन प्रदर्शित किया है। स्थानीय लोग अब पिज्जा में कोशा मांगशो, चंपारण मटन और मलाई चिंगरी के स्वादिष्ट क्षेत्रीय स्वाद का आनंद ले सकते हैं। शाकाहारी भी क्षेत्रीय मेनू के हिस्से के रूप में कोशा वेज, चंपारण वेज और मलाई पनीर के पारंपरिक स्वाद का आनंद ले सकते हैं। पिज्जा की यह श्रृंखला पारंपरिक पाक व्यंजनों का सहज मिश्रण है, जो एक स्वादिष्ट और यादगार भोजन अनुभव का वादा करती है। नॉन- वेजिटेरियन पिज्जा रेंज - कोशा मांगशो, चंपारण मटन और मलाई चिंगरी 399 रुपये से शुरू होती है और हमारे शाकाहारी ग्राहकों के लिए, वेजिटेरियन पिज्जा रेंज-कोशा वेज, चंपारण वेज और पनीर मलाई 299 रुपये से शुरू होती है। ग्राहक अब 17 अक्टूबर से भारत के पूर्वी हिस्से जैसे पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, असम, ओडिशा, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में हमारे किसी भी डॉमिनोज स्टोर में जाकर स्वाद ले सकते हैं।

### भारत में 2023 में इस्पात की मांग में 8.6% की वृद्धि देखने को मिलेगी



**नई दिल्ली।** भारत में इस्पात की मांग के 2023 में 1.8 प्रतिशत की समग्र वैश्विक वृद्धि के मुकाबले 8.6 प्रतिशत की स्वस्थ वृद्धि" दर्ज करने की उम्मीद है। वर्ल्डस्टील ने मंगलवार को यह बात कही। वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन (वर्ल्डस्टील) ने अनुमान लगाया गया है कि वैश्विक इस्पात मांग 2023 में 1.8 प्रतिशत बढ़ेगी। 2022 में इसमें 3.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी। 2024 में मांग के 1.9 प्रतिशत बढ़कर 184.91 करोड़ टन तक पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय अर्थव्यवस्था उच्च ब्याज दर के दबाव के बावजूद स्थिर बनी हुई है और इस्पात की मांग के कारण इसकी उच्च वृद्धि गति जारी रहने की उम्मीद है। वर्ल्डस्टील इकोनॉमिक्स कमेटी के चेयरमैन मैक्सिमो वेदोया ने कहा कि स्टील की मांग पर उच्च मुद्रास्फीति और ब्याज दर का असर दिख रहा है। उन्होंने कहा कि सख्त मौद्रिक नीति के विलंबित प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, निकाय को 2024 में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में इस्पात की मांग में सुधार धीमा रहने की उम्मीद है। उभरती अर्थव्यवस्थाओं के विकसित देशों की तुलना में तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।

### ट्राइडेंट पर इनकम टैक्स का छापा, कंपनी के कई ऑफिसों में चल रही छानबीन

**नई दिल्ली।** देश की बड़ी टेक्सटाइल कंपनी ट्राइडेंट ग्रुप पर इनकम टैक्स विभाग ने छापेमारी की है। कंपनी के कई ऑफिस लोकेशनों पर आईटी डिपार्टमेंट के अधिकारी पहुंचे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आयकर विभाग ने ग्रुप के देशभर में स्थित कई ऑफिसों पर रेड की है। बता दें, ट्राइडेंट ग्रुप ऊन, होम टेक्सटाइल, पेपर-स्टेशनरी, केमिकल्स वगैरह की एक बड़ी मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है। इसके मध्य प्रदेश, बुधनी, बरनाला और धौला और पंजाब में कई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट हैं। इस खबर के बीच कंपनी के शेयरों में गिरावट देखी जा रही है। ळ१ील्ल३ छ३ि. मंगलवार की सुबह 10:45 के आसपास 36.30 रुपए प्रति शेयर के आसपास ट्रेड कर रहा था। इनमें 0.85 अंक या 2.29% की गिरावट आई थी। बता दें, करीब एक साल पहले ट्राइडेंट ग्रुप करोड़ो के हेरफेर के मामले में चर्चा में आया था।

### मारुति के निदेशक मंडल ने जापानी की कंपनी से शेयर खरीद पर समझौते को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया के निदेशक मंडल ने सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन से सुजुकी मोटर गुजरात (एसएमजी) का पूर्ण अधिग्रहण करने के लिए शेयर खरीद समझौते पर आगे बढ़ने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी ने 10 रुपए प्रति शेयर के भाव पर 12,84,11,07,500 शेयर हासिल करने के लिए एसएमसी और एसएमजी के साथ शेयर खरीद तथा सदस्यता समझौता (एसपीएसए) निष्पादित किया है, जो 12,841.1 करोड़ रुपए की कुल खरीद पर एसएमसी के स्वामित्व वाली एसएमजी की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व करता है। शेयरधारकों की मंजूरी के लिए मतदान बुधवार से शुरू होगा और एक महीने तक चलेगा। इस अधिग्रहण के बाद सुजुकी मोटर गुजरात (एसएमजी) उसकी (एमएसआई) पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बन जाएगी।

### कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

nagarparishadlohardaga@gmail.com

**सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय पत्रांक–1949, दिनांक–04.10.2023, PR 308396 Lohardaga(23-24)_D के द्वारा निकाली गई Notice Inviting Short Tender (e-Tender Reference No. LNP/10/2023-24) अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा।

PR309379 (Lohardaga) 23-24 (D)

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा

ई–निविदा सूचना सं0–RDD/SD/GARHWA/12/2023-24

CORRIGENDUM (शुद्धि पत्र)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0– RDD/SD/GARHWA/ 12/2023-24, PR 309176 Rural Development (23-24)_D द्वारा प्रकाशित निविदा में अपरिहार्य कारणवश कंडिका (क्रमांक)–05 में आंशिक संशोधन करते हुए पूर्व NIT के निविदा आमंत्रित की जाती है, शेष कंडिकाएँ यथावत् बनी रहेंगी।

5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 27.10.2023 अपराहन 2:00 बजे के स्थान पर 28.10.2023 अपराहन 2:00 बजे पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.–02
गढ़वा।

PR 309377 Rural Development(23-24)D

## पीएम मोदी ने गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई से चर्चा की

# दिल्ली में होने वाली एआई समिट के लिए किया आमंत्रित



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गूगल और अल्फाबेट के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) सुंदर पिचाई से डिजिटल माध्यम से बातचीत की है। पीएम मोदी ने टेक्नोलॉजी सेक्टर की दिग्गज कंपनी गूगल की भारत में इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विस्तार में भाग लेने की योजना पर चर्चा की। नई दिल्ली में दिसंबर 2023 में भारत द्वारा आयोजित होने वाले एआई शिखर सम्मेलन को लेकर भी पीएम मोदी और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई के बीच चर्चा हुई। पीएम मोदी ने गूगल को आने वाले एआई समिट में ग्लोबल पार्टनरशिप में योगदान देने के लिए भी आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत में क्रोमबुक्स की मैन्यूफैक्चरिंग के लिए 'एचपी' के साथ गूगल की साझेदारी की तारीफ की। पीएमओ ने कहा, प्रधानमंत्री ने गूगल की 100 भाषा पहल की तारीफ की और आटीर्फीशियल इंटेलीजेंस से जुड़े सॉल्यूशंस को भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने की कोशिशों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने गूगल को गुड गवर्नेंस के लिए एआई सॉल्यूशंस पर काम करने के लिए भी प्रेरित किया। पीएम मोदी ने गांधीनगर में गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट) में ग्लोबल फिनटेक संचालन केंद्र खोलने की गूगल की स्कीम का स्वागत किया।

### समाहरणालय, गढ़वा
### (जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

**–: अति अल्पकालिन निविदा सूचना**

गढ़वा जिला में राज्य योजनान्तर्गत कम्बल एवं वस्त्र वितरण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये जिला में निर्धन, दिव्यांग, विधवा, भूमिहीन, निःसहाय, वृद्ध, वृद्धा एवं भिक्षुकों के बीच मुफ्त कम्बल वितरण करने हेतु GeM portal के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। क्रय किये जाने वाले कम्बल की अनुमानित संख्या लगभग 38020 (अडतीस हजार बीस) अदद है, यह संख्या घट–बढ़ सकती है। कम्बल की विवरणी निम्नवत है :–

| क्र० सं० | सामग्री का नाम | साईज | वजन | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | कम्बल ( ऊनी ) | 90''X 60'' | 02 कि०ग्रा० (न्यूनतम) | 3''X3'' Dimension का (झारखण्ड सरकार, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, रॉची) **Logo** सभी कम्बलों में लगाना अनिवार्य होगा। |

निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 27.10.2023 को 5:00 PM तक निर्धारित है। उपरोक्त निविदा की शर्ते एवं विवरणी **GeM Portal (https://gem.gov.in)** तथा **www.garhwa.nic.in** पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 309389 Women, Child Development & Social Security(23-24)#D

### कार्यालय,
### असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

**सूचना**

एतद् द्वारा श्री अरविन्द कुमार सिंह, प्रयोगशाला प्रावैधिक, पता–ग्राम–अनतपुर, पोस्ट–माधोपुर, थाना–चण्डी, जिला–नालन्दा, बिहार को सूचित किया जाता है कि :–

1. निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखंड, रॉची के पत्रांक 1921(23) दिनांक 19.08.2023 द्वारा माह फरवरी– 2016 से लगातार सेवानिवृति की तिथि 31.01.2023 तक आपकी अनाधिकृत अनुपस्थिति एवं अन्य गठित आरोप की जॉच हेतु झारखण्ड पेंशन नियमावली 43 परन्तुक क(II) के तहत् दण्ड अधिरोपित करने हेतु नियम–17 में विर्णत प्रक्रिया में निहित प्रावधानुसार विभागीय कार्यवाही संचालित है।
2. आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही का संचालन हेतु डा0 डी0 पी0 सक्सेना, उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखंड, रॉची, संचालन पदाधिकारी तथा अधोहस्ताक्षरी को उपस्थापन पदाधिकारी नामित है।
3. उक्त विभागीय कार्यवाही में बचाव–बयान समर्पित करने हेतु समाचार–पत्र, PR 306123 (Health, Med Edu and Family Welfare)2023-24(D), PR 306626 (Health, Med Edu and Family Welfare)2023-24(D) ,oa PR 30711 (Health, Med Edu and Family Welfare)2023-24(D) द्वारा सूचना प्रकाशित कराया गया था, किन्तु आप उक्त सुनवाई में निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं हुए हैं।
4. डा0 डी0 पी0 सक्सेना, उप निदेशक–सह–संचालन पदाधिकारी, स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वास्थ्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 403(D) दिनांक 07.10.2023 द्वारा आपके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही में बचाव–बयान समर्पित करने की अंतिम तिथि, दिनांक 18.10.2023 को पूर्वाह्न 11.30 बजे निर्धारित की गई है।

निदेशानुसार, श्री अरविन्द कुमार सिंह को निदेश दिया जाता है कि उक्त विभागीय कार्यवाही की सुनवाई में निर्धारित अंतिम तिथि, दिनांक 18.10.2023 को पूर्वाह्न 11.30 बजे संचालन पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर, बचाव–बयान पक्ष साक्ष्य सहित समर्पित करना सुनिश्चित करें। उक्त में बचाव बयान पक्ष समर्पित नहीं करने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि गठित आरोप के संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है। ऐसी स्थिति में संचालन पदाधिकारी द्वारा एकतरफा निर्णय लिया जाएगा, जिसमें विरूद्ध आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.309330 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 03/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।

दिनांक–16.10.2023

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/DALTONGANJ /06/2023-24 | ग्राम झाबर में मलय नदी से यादव टोला होते हुए मोहन यादव के घर तक पथ निर्माण । (1.25कि0मी0) | 128.968 लाख | एक करोड़ अठाईस लाख छियांबे हजार आठ सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 2 | EE/RWD/DALTONGANJ /07/2023-24 | ग्राम कौड़िया में नन्दु सिंह के घर जोरकट मुन्नी सिंह के घर तक पथ निर्माण कार्य। (1.66कि0मी0) | 168.344 लाख | एक करोड़ अड़सठ लाख चौतीस हजार चार सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 3 | EE/RWD/DALTONGANJ /08/2023-24 | ग्राम हिसरा उर्फ पोखराहा टोला भुसड़ीया गारू रोड से अमरिका सिंह के घर होते हुए परहिया टोला तक पथ निर्माण कार्य। (1.200कि0मी0) | 138.039 लाख | एक करोड़ अड़तीस लाख तीन हजार नौ सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 4 | EE/RWD/DALTONGANJ /09/2023-24 | ग्राम कुंडेलवा मुख्य नहर से मथुरा सिंह के घर होते हुए पुल तक पथ निर्माण। (1.005कि0मी0) | 96.34 लाख | छियान्बे लाख चौतीस हजार रू0 मात्र | 06 माह | प्रथम |
| 5 | EE/RWD/DALTONGANJ /10/2023-24 | पकरिया मोड़ से झोंकीनाला तेलियादोहर तक पथ निर्माण । (0.950कि0मी0) | 79.857 लाख | उन्नासी लाख पच्चासी हजार सात सौ रू0 मात्र | 06 माह | प्रथम |
| 6 | EE/RWD/DALTONGANJ /11/2023-24 | ग्राम धावाडीह पी0सी0सी0 रोड से लेकर शमषान घाट होते हुए कसमार सीवान तक पथ निर्माण कार्य । (2.83कि0मी0) | 277.223 लाख | दो करोड़ सत्तहतर लाख बाईस हजार तीन सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 7 | EE/RWD/DALTONGANJ /12/2023-24 | ग्राम दरवा मेन रोड से सरेंगदाग होते हुए बनजारी तक पथ निर्माण । (3.95कि0मी0) | 388.302 लाख | तीन करोड़ अठ्ठासी लाख तीस हजार दो सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 28.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 11.11.2023 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 13.11.2023 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 309320 Rural Development(23-24)#D

### रुपया पांच पैसे की बढ़त के साथ 83.22 प्रति डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे की बढ़त के साथ 83.22 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी कोष की सतत निकासी के कारण रुपया एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। वैश्विक बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती ने निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.24 प्रति डॉलर के भाव पर खुला और फिर 83.22 पर पहुंच गया। जो पिछले बंद स्तर से पांच पैसे की बढ़त है। सोमवार को रुपया 83.27 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## कोलंबिया राष्ट्रपति को हमास का समर्थन पड़ा भारी

**एजेंसी। तेल अवीव**

हमास के हमलों के बाद गाजा पट्टी की इजराइली घेराबंदी की तुलना नाजी जर्मनी की कार्रवाइयों से करने के कोलंबिया के राष्ट्रपति के ऑनलाइन संदेशों को लेकर दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद तेज हो गया । हमास का समर्थन करने पर इजराइल ने कोलंबिया को सैन्य साजोसामान का निर्यात रोक दिया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने गाजा में कार्रवाई को लेकर इजराइल की आलोचना की है। साथ ही उन्होंने कहा है कि उनका देश इजराइल के साथ राजनयिक संबंधों को निलंबित कर सकता है। वहीं उनके विदेश मंत्री ने सुझाव दिया है कि इजराइल के राजदूत को देश छोड़ देना चाहिए। रविवार को प्रकाशित एक बयान में, इजराइल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सोशल मीडिया मंच एक्स' पर कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो का हालिया बयान यहूदी विरोधी भावनाओं को भड़काता है और कोलंबिया में रह रहे यहूदी समुदाय की सुरक्षा को खतरा है।" इजरायली सरकार ने कहा कि कोलंबिया के राजदूत को एक बैठक में बुला कर बता दिया गया।

### कार्यालय :– जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू
### मेदिनीनगर, पलामू, पिन – 822101

Email ID - daopalamu1@gmail.com

**प्रेस - विज्ञप्ति**

**आवश्यक–सूचना**

पलामू जिले के कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मुल्य (MRP) निम्न प्रकार है :–

| Sl. No | Company | UREA Ind./Imp. | DAP Ind./Imp. | MOP | SSP | Complex 20:20:0:13 | Complex 12:32:16 | Complex 16:16:16 | Complex 14:28:00 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | 1200.00 | - | - | - |
| 2 | NFL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL/KRIBHCO | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | - | 645.00 | 1470.00 | - | - | 1550.00 |
| 6 | IPL | 266.50 | 1350.00 | 1700.00 | | 1250.00 | - | 1250.00 | - |
| 7 | MATIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | HURL | 266.50 | - | | | | | | |
| 9 | PPL | - | 1350.00 | - | - | 1250.00 | - | - | - |
| 10 | SAI | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - |

नोट :–
1. यूरिया की प्रति बोरी 45 KG Packsize की होती है एवं शेंष उर्वरकों की बोरी 50 KG Packsize होती है।
2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित MRP से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनिकी प्रबंधक, जिले के जिला कृषि कार्यालय तथा संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय में इसकी शिकायत की जा सकती है।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू।

PR 309350 (District) 23-24 (D)

### जिला अभियंता का कार्यालय
### जिला परिषद्, लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण-सूचना**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 19 वर्ष 2023–24

**स्व अर्जित आय मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 26.10.2023 (कार्यालय अवधि में)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 27.10.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 27.10.2023 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड बालूमाथ अन्तर्गत बस पडाव, में नाली, शौचालय, सोकपीट, पी0सी0सी0 एवं अन्य कार्य। | 605500.00 | 12500.00 | 1250.00 | 02 माह |

8. परिमाण विपत्र का मूल्य जो सचिव, जिला परिषद, लातेहार के पदनाम से देय होगा, जो भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा।
9. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकते है।
10. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. जिला परिषद, लातेहार के मासिक बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार संबंधित प्रखण्ड के संवेदकों को कार्य आवंटित किया जाएगा।
12. अग्रधन की राशि जिला अभियंता, लातेहार के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए संलग्न किया जाना आवश्यक होगा। अग्रधन के रूप जमा की जानेवाली राशि N.S.C/F.D जो 03/05 वर्षीय की होगी एवं किसी भी डाकघर/राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा से निर्गत ही मान्य होगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद, लातेहार

PR 309342 Rural Development (23-24)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गढ़वा
### सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114

Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**1st Call**

निविदा सूचना संख्या–DWSD/GAR-16/2023-24 दिनांक–17.10.2023

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 28/10/2023 को 12:30 बजे अपराह्न तक।
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 07/11/2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य Online Submit करने की तिथि एवं समय :– 07/11/2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in पर ऑनलाईन के माध्यम से।
6. निविदा खोलने की सम्भावित तिथि एवं समय :– 08/11/2023 को 05:00 बजे अपराह्न।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
8. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क न0. :– 9973003856
10. ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन न0. :– 0651–2490920

| क0 सं0 | कार्य का नाम | ग्रुप नम्बर | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of **Gravel Packed tube well** of 300x125 mm dia and **60 mtrs (av.) depth complete (by Mechanical Rotary Rig Machine** with mud pump mounted on Truck) and D.T.H. Rig machine with installation of india Mark-II Hand pump on turnkey basic in different location in Garhwa district for the year 2023-24. | GAR/GPT/ 60 mtr-01 | 40 Nos | 58,91,206.00 | 1,18,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/GPT/ 60 mtr-02 | 40 Nos | 58,91,206.00 | 1,18,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/GPT/ 60 mtr-03 | 40 Nos | 58,91,206.00 | 1,18,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/GPT/ 60 mtr-04 | 26 Nos | 38,29,284.00 | 77,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/GPT/ 60 mtr-05 | 14 Nos. | 20,61,922.00 | 42,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |

नोट –(1) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(2) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट न0- http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
(3) झारखण्ड सरकार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉची–4 का आदेश ज्ञापांक 120, रॉची दिनांक 03.10.2023 द्वारा प्राप्त आदेश के आलोक में।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गढ़वा

PR 309395 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

ज्ञान की बात
राष्ट्रीय नवीन मेल

ज्ञान के बाद यदि अहंकार का जन्म होता है, तो वह ज्ञान अज्ञानता से भी नीचे है, किंतु ज्ञान के बाद यदि नम्रता का जन्म होता है, तो वहीं ज्ञान सर्वश्रेष्ठ है।
- अज्ञात



# जागृत शक्तिपीठ है रजरप्पा

**शक्ति** पीठ उन स्थानों पर हैं जहां सती माता के अंग गिरे हैं। सिद्वपीठ किसी भी भगवान की किसी भी स्थान पर हो सकती है। झारखंड के रजरप्पा का मंदिर जागृत शक्तिपीठ के रूप में पूरी दुनिया में जाना जाता है। जंगलों, पहाड़ियों और नदियों से घिरा क्षेत्र, जगह-जगह साधना करते लोग, मंत्रोच्चार से गूंजता वातावरण, हवन कुंडों से उठती ज्वाला। यह रजरप्पा है। यहां है करीब छह हजार साल पुराना बताया जाने वाला मां छिन्नमस्तिका का मंदिर पौराणिक आख्यानों के साथ-साथ साधकों-तपस्वियों की मान्यता है कि छिन्नमस्तिका का यह धाम असम के कामरूप कामाख्या के बाद दूसरे सबसे जागृत शक्तिपीठ है। हर साल की तरह इस बार भी शारदीय नवरात्र पर तप-साधना के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से भक्तों, तंत्र साधकों और अघोरियों का जुटान हुआ है। रांची से करीब 85 किलोमीटर दूर रजरप्पा में हर नवरात्रि और अमावस्या की तिथि में यहां पूरे देश भर से शक्ति यानी देवी के उपासक जुटते हैं। इनमें सबसे ज्यादा तादाद झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के साधकों की होती है। इस बार भी यहां भारी भीड़ उमड़ी है। मान्यता है कि सच्चे मन से आज भी मांगी गई मुराद मां पूरा करती हैं। मंदिर के पुजारी की मानें तो राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की रजरप्पा मंदिर में गहरी आस्था रही है। वह झारखंड की राज्यपाल रहते हुए कई बार यहां आ चुकी हैं।उसी समय यह ऐलान हो चुका था कि वह भारत की राष्ट्रपति बनेगीं। आज सबके सामने है कि वह देश की राष्ट्रपति हैं। कहने का अभिप्राय यह कि पूजा व पाठ कभी बेकार नहीं जाते हैं। ईश्वर भी कहते हैं कि तुम जितना भी अहंकार कर लो,होगा वही जो मैं चाहूंगा। लेकिन मनुष्य थोड़ी सी सफलता पर अहंकार से भर जाता है। वैसे व्यक्ति को आईना दिखाते हैं मंदिर। खास कर जागृत मंदिरों में नवरात्र के मौके पर हर व्यक्ति को अवश्य जाना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं होता है। दूसरी तरफ ऐसे मंदिरों की तरफ सरकार के द्वारा व्यापक सुरक्षा के प्रबंध होने चाहिए। बहरहाल इस मंदिर के पुजारी अजय पांडा ने कहा कि उनका और रामगढ़ के अन्य लोगों का मानना है कि राष्ट्रपति मुर्मू पहली आदिवासी राष्ट्रपति बनने के बाद एक बार अवश्य अपनी जीत के बाद देवता का आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर का दौरा करेंगी, जिसमें उनकी गहरी आस्था है। व्यस्तता और बड़ी जवाबदेही की वजह से शायद उनका ध्यान इस ओर नहीं गया है,लेकिन धर्म में आस्था रखने वाले लोगों की मानें तो राष्ट्रपति मुर्मू अवश्य यहां आयेगीं। इसके बाद मंदिर का और विकास होगा। छिन्नमस्तिके मंदिर प्रक्षेत्र में नेपाल और भूटान के अलावा जर्मनी सहित चेक गणराज्य से हर साल कई पर्यटक पहुंचते हैं। कारण प्राचीन मान्यताओं के अनुसार यह स्थान मेधा ऋषि की तपस्थली के रूप में जाना जाता रहा है। हालांकि उनसे जुड़ा कोई भौतिक अवशेष यहां नजर नहीं आता। यह मंदिर दामोदर नद और भैरवी नदी के संगम के किनारे त्रिकोण मंडल के योनि यंत्र पर स्थापित है, जबकि पूरा मंदिर श्रीयंत्र के आकार में है। मां छिन्नमस्तिके को पौराणिक ग्रंथों में बताये गये 10 महाविद्या में से एक माना जाता है। यह देवी का रौद्र स्वरूप है। मंदिर में उत्तरी दीवार के साथ रखे शिलाखंड पर दक्षिण की ओर मुख किये छिन्नमस्तिका की प्रतिमा स्थित है। कुछ साल पहले मूर्ति चोरों ने यहां मां की असली प्रतिमा को खंडित कर आभूषण चुरा लिए थे। इसके बाद यह प्रतिमा स्थापित की गई है।

**रांची से करीब 85 किलोमीटर दूर रजरप्पा में हर नवरात्रि और अमावस्या की तिथि में यहां पूरे देश भर से शक्ति यानी देवी के उपासक जुटते हैं। इनमें सबसे ज्यादा तादाद झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के साधकों की होती है। इस बार भी यहां भारी भीड़ उमड़ी है।**

# नारी शक्ति के नये युग का स्वागत





अर्जुन राम मेघवाल

**लोकतांत्रिक** व्यवस्था में किसी भी उल्लेखनीय बदलाव के लिए सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय विशेष महत्व रखता है। यह समावेशी बदलाव लाने की सामूहिक भावना को दर्शाता है। हाल ही में भारत ऐसे ऐतिहासिक निर्णयों का साक्षी बना है जिनकी गूंज विश्व भर में सुनाई दे रही है, इनमें से एक है भारत की अध्यक्षता में आयोजित किये गये जी 20 शिखर सम्मेलन में सभी सदस्य देशों द्वारा दिल्ली घोषणा पत्र को सर्वसम्मति से स्वीकार करना तथा दूसरा है नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित होना। एक बार फिर, जबकि वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य अनेक संदर्भों में भारी उथल-पुथल का सामना कर रहा है, उसी दौर में लोकतंत्र की गौरवमयी जननी भारत के मुकुट में एक और रत्न जुड़ गया है। नये संसद भवन के पहले विधायी एजेंडे ने यह माहौल बना दिया है कि महिलाओं के नेतृत्व में राष्ट्र की विकास यात्रा को और अधिक तेज गति प्रदान की जा सकती है। महिलाओं द्वारा राष्ट्र के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लंबे समय से की जा रही मांग को पूरा करते हुए मोदी सरकार ने संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए प्रतिबद्ध होकर नारी शक्ति वंदन विधेयक को संसद में पारित कराया है। ऐसा कहा जाता है, सरलता में ही सुंदरता है, और यही स्थिति इस बात में दिखाई देती है कि केंद्र और राज्य स्तर पर प्रतिनिधि संस्थानों में महिलाओं की उचित भागीदारी निर्धारित करने वाले महिला आरक्षण विधेयक को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में लागू होते हुए देखने में इस देश की महिलाओं ने 27 वर्षों तक इंतजार किया है। बहुत ही सरल रूप में हम यह कह सकते हैं कि नारी शक्ति जो आधी आबादी का गठन करती है, की लोकतांत्रिक प्रतिनिधि संस्थानों में हिस्सेदारी न्यूनतम थी और यह स्थिति प्राकृतिक नियम के विरुद्ध थी। बाध्यकारी सामाजिक मान्यताओं ने निर्णय की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी को सीमित कर दिया तथा समाज द्वारा लिए गये निर्णयों का अनुपालन करने के लिए वह काफी हद तक बाध्य कर दी गईं। इन चुनौतियों के बीच, इस दृष्टिकोण के विरोध में अनेक अपवाद सामने आये, महिलाएं अपने पर थोपी गईं बाध्यकारी वर्जनाओं से बाहर निकलीं तथा आज के समय में महिलाओं ने हर क्षेत्र में देश को गौरवान्वित किया है। अब मोदी सरकार ने इस नैतिक कर्तव्य को सम्मानपूर्वक प्राथमिकता दी है तथा शीर्ष निर्णय कर्ता के रूप में महिलाओं की भूमिका को मान्यता देकर एक ऐतिहासिक गलती को दुरुस्त करने की दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाई है। विधायी क्षेत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम द्वारा प्रस्तावित लैंगिक न्याय महिलाओं के सम्मान को समग्र रूप में बल प्रदान करेगा तथा संतुलित नीति निर्माण के लिए समुचित परिस्थिति सृजित होगी। यह एक विडंबना परंतु सत्य है कि संयुक्त राज्य अमेरिका को स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद महिलाओं को समान मतदान का अधिकार देने में 144 साल लग गये। ब्रिटेन में महिलाओं को मताधिकार उनके द्वारा दृढ़ निश्चय पूर्वक दशकों तक मताधिकार की एक बड़ी लड़ाई लड़ने तथा एक विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद उत्पन्न हुई परिस्थितियों में दिया गया। हमारे पूर्वज दूरदर्शी थे और उन्होंने आजादी के तुरंत बाद महिलाओं के लिए मतदान का अधिकार सुनिश्चित किया। अब देश की

**महिलाओं द्वारा राष्ट्र के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लंबे समय से की जा रही मांग को पूरा करते हुए मोदी सरकार ने संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए प्रतिबद्ध होकर नारी शक्ति वंदन विधेयक को संसद में पारित कराया है।**

**इन दिनों**

स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्ष पूरे होने पर मनाये जा रहे अमृत महोत्सव के युग को चिह्नित करते हुए भारत ने महिलाओं के लिए मताधिकार सुनिश्चित करने से आगे बढ़ते हुए उनके लिए संसद और विधान सभाओं में प्रतिनिधित्व का अधिकार भी सुनिश्चित किया है। पूज्य बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संविधान सभा में 25 नवंबर 1949 को दिये गये अपने ऐतिहासिक भाषण में बोलते हुए विशेष रूप से यह पूछा था कि कब तक हम विरोधाभासों का यह जीवन जीते रहेंगे। इस अवसर पर उन्होंने देश को सामाजिक तथा आर्थिक असमानताओं के प्रति आगाह किया था। पिछले 9 वर्षों के दौरान मोदी सरकार द्वारा देश के निर्धन वर्ग के लोगों तथा आम जनता के कल्याण को ध्यान में रखकर लागू की जा रही नीतियों से उन विरोधाभासों को समाप्त किया जा रहा है। इस बात का यह प्रमाण है कि इस अवधि के दौरान देश के 13.5 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आ गये हैं। ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक व्यक्ति, एक वोट तथा एक मूल्य की भावना को साकार करने की दिशा में उठाया गया एक और कदम है। एक अन्य दृष्टिकोण के आधार पर भारतीय दार्शनिक मूल्यों से हमें यह ज्ञात होता है कि स्त्री और पुरुष गुणों का सही संतुलन आंतरिक शांति, सद्भाव एवं व्यक्तिगत संतुष्टि प्रदान करके आत्म-साक्षात्कार की स्थिति उत्पन्न करता है। भौतिक दुनिया में, यही स्थिति सामाजिक ताने-बाने को मजबूत कर सकती है तथा इस धरती को मानव जाति के रहने के लिए एक सुंदर स्थान बनाने की दिशा में हमारे शेष लक्ष्यों को प्राप्त कर सकती है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम सामूहिक लक्ष्यों की प्राप्ति तथा मानवता के कल्याण के लिए महिलाओं में मौजूद उनकी ईश्वर प्रदत्त क्षमता का कितना उपयोग कर सकते हैं। महिलाओं में मौजूद दृढ़ता, रचनात्मकता, त्याग, ममता, करूणा, दया, समर्पण तथा विश्वास जैसे सहज गुण उन्हें नेतृत्व करने की विशिष्ट क्षमता प्रदान करते हैं तथा इसके लिए उन्हें शीर्ष प्रबंधन स्कूलों एवं विश्वविद्यालयों से नेतृत्व पाठ्यक्रम प्रमाणपत्र लेने की आवश्यकता नहीं है। बस आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें उनका उचित स्थान दिया जाये तथा ऐसा करने मात्र से ही उनके क्षमता निर्माण को व्यापक बल मिलेगा तथा वे दूसरों द्वारा अनुकरण के लिए एक आदर्श मॉडल भी बनेंगी। संविधान (128वां संशोधन) अधिनियम मोदी सरकार के लिए कोई राजनीतिक कदम नहीं है, बल्कि यह विश्वास का प्रतीक है। जुलाई 2003 में, भाजपा ने रायपुर में आयोजित की गई राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में संसद तथा राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण का एक प्रस्ताव पारित किया था। बाद में पार्टी द्वारा संगठन स्तर पर इस प्रयास को अमल में लाया गया तथा इसे अपने घोषणा पत्र में भी शामिल किया गया। अब यह पूरे देश के लिए बदलाव का एक माध्यम बन गया है। संसद का विशेष सत्र बुलाना तथा सर्वसम्मति-आधारित निर्णय के लिए सभी राजनीतिक दलों को राजी करना एक कठिन कार्य था, जिसे सरकार ने इस विषय की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए काफी सावधानीपूर्वक किया है। पहले इस नेक काम का विरोध करने वाले कुछ राजनीतिक दलों का इस विधेयक के लिए सहमत होना उनकी इच्छा से नहीं हुआ है बल्कि ऐसा करना उनकी राजनीतिक मजबूरी है।

**केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री तथा बीकानेर से लोकसभा सांसद**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी*

***कहा*** है कि उस समय सतलोक आदि अमर लोकों की रचना परमेश्वर कबीर जी ने कर रखी थी। उन दिनों मैं परमेश्वर के तख्त (सिहांसन) के निकट अर्थात उनके पास खवासा (नौकर) था मैं उसी समय से अमर शरीर धारण किये था। मैं शरीर का पाजी ( धारण करने वाल पाजी का अर्थ अज्ञानी भी होता है ) तथा परमात्मा का (दास) गुलाम सेव ( सेवादार ) था। ऋग्वेद मंडल संख्या 9 सूक्त संख्या 86 श्लोक 26, ऋग्वेद मंडल संख्या 9 सूक्त संख्या 54 श्लोक 3, ऋग्वेद मंडल संख्या 9 सूक्त 86 मंत्र संख्या 26-27, ऋग्वेद मंडल संख्या 9 सूक्त 54 मंत्र न. 3, यजुर्वेद अध्याय 29 मंत्र न. 25) और भगवद गीता अध्याय 8 श्लोक 3 और 8,9,10, अध्याय 15 श्लोक 17, अध्याय 13 श्लोक 15-17 और 33) आदि भी इस बात का प्रमाण देते हैं कि कबीर परमेश्वर ही पूज्य हैं। और केवल कबीर परमात्मा ही मुक्ति के प्रदाता है। इसी तरह के सबूत पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब, पवित्र कुरान शरीफ (सूरत अल फुरकान 25: 52-59, सूरह अल अंबिया 21:104, सूरह-अल-इखलास श्लोक 1-4) और साथ ही पवित्र बाइबिल 36.5 रूढ़िवादी यहूदी बाइबिल - में भी स्पष्ट रूप से लिखे हुए हैं। अतः सिद्ध होता है कि केवल कविदेव ही पूज्य हैं। **निष्कर्ष :** उपरोक्त प्रमाण सिद्ध करते हैं कि धर्मराज (यम) जी काल ब्रह्म के एक ब्रह्मांड में मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्त हैं, जो सभी प्राणियों का लेखा-जोखा करते हैं, वह स्वयं कसाई काल के जाल में फंसे हैं। वह स्वयं भी जन्म और मृत्यु के दुष्चक्र में है। गरुड़ प्रकरण धर्मराज की लाचारी साबित करता है कि : वह आत्माओं की उम्र नहीं बढ़ा सकते जबकि सर्वोच्च परमात्मा /सतपुरुष समर्थ परमात्मा है। वह कुछ भी कर सकते हैं। वह सच्चे उपासकों की उम्र भी बढ़ा सकते हैं।

*(क्रमशः)*

# अजन्में बच्चे के अधिकारों की रक्षा का बड़ा मानवीय फैसला



ललित गर्ग

***सुप्रीम*** कोर्ट की चौखट पर कभी-कभी नैतिक एवं मानवीय मूल्यों से जुड़े मुद्दे भी विचाराधीन आते हैं, भारतीय न्यायालय की विशेषता रही है कि वह ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए अनूठे फैसले लेकर मानवीय एवं नैतिक मूल्यों को मजबूती दी है। ऐसे ही एक मामले में अजन्मे बच्चे की नैतिकता के आधार पर पैरवी खुद सुप्रीम कोर्ट ने करते हुए एक मिसाल कायम की है। सुप्रीम कोर्ट ने छब्बीस सप्ताह का गर्भ गिराने की मांग करने वाली याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी है कि चूंकि भ्रूण का विकास सामान्य है इसलिए उसे जन्म लेना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि बच्चे की स्थिति एक दम सही है और उसे जन्म मिलना ही चाहिए। अदालत कह चुकी है कि महिला यदि चाहे तो पैदा होने वाले बच्चे को जन्म के बाद सरकार को सौंप सकती है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान कुछ दिन पहले सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड ने कहा था कि बेशक मां की स्वायत्तता बड़ी है, पर यहां अजन्मे बच्चे के लिए कोई भी पैरवी नहीं कर रहा है जो उसके अधिकारों की बात कर सके। निश्चित ही भारतीय न्यायालय के सम्मुख यह अपने आप में एक अनूठा मामला है जिसमें एक अजन्मे शिशु के अधिकारों के लिए सर्वोच्च न्यायालय नैतिक आधार पर पक्षकार बना है। शादीशुदा महिला को 26 हफ्ते का गर्भ गिराने की मंजूरी देने का फैसला वापस लेने की केंद्र की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने पिछले बुधवार को खंडित फैसला सुनाया था। बेंच में जस्टिस हिमा कोहली ने कहा था कि कौन-सी अदालत कहेगी कि एक भ्रूण के दिल की धड़कनों को रोका जाय। मैं गर्भपात की मंजूरी नहीं दे सकती। वहीं, जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि कोर्ट को महिला के फैसले का सम्मान करना चाहिए, जो गर्भ को गिराना चाहती है। अलग-अलग राय होने पर पर मामला बड़ी बेंच को भेजा गया था। अब कोर्ट के सम्मुख जहां महिला के सुरक्षित एवं स्वस्थ रहने के अधिकार का मामला था वहीं एक अजन्मे बच्चे के अधिकार का भी मामला था। कोर्ट ने दोनों के बीच संतुलन स्थापित करते हुए जो फैसला लिया, वह कानून से ज्यादा मानवीय दृष्टि से लिया गया फैसला है। अदालत का यह फैसला निश्चित ही मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखकर आया है। एक तथ्य यह भी है कि दुनिया भर में गर्भपात के उदार कानून की मांग को लेकर आंदोलन का दौर भी जारी है। खास तौर से यह आंदोलन उन महिलाओं का पक्षधर है जो अवांछित गर्भ ठहर जाने के कारण गैर-कानूनी गर्भपात का सहारा लेकर अपनी जान तक खतरे में डाल देती हैं। मोटे तौर पर सवाल सिर्फ महिलाओं का उनके शरीर पर अधिकार का ही नहीं है बल्कि गर्भ में पल रहे शिशु के जिंदा रहने के अधिकार का भी है। इस तथ्य को भी ध्यान में रखना आवश्यक होगा कि हमारे देश में कानूनी प्रतिबंध के बावजूद कन्या भ्रूण हत्या के मामले सामने आते ही रहते हैं। जरूरत इस बात की है कि अजन्मे बच्चों के हकों की भी चिंता की जाए और गर्भ में ही ऐसे अजन्मे बच्चों को मार देने के प्रचलन पर नियंत्रण की भी पुख्ता व्यवस्था हो। ताजा मामले में कई सवाल खड़े हुए हैं कि क्या एक अजन्मे बच्चे को भी एक आम के बराबर कुछ अधिकार मिलते हैं। सबसे पहला सवाल तो यही उठता है कि क्या भ्रूण एक कानूनी व्यक्ति है या नहीं? इस सवाल का जवाब इस आधार पर दिया जा सकता है कि भ्रूण में जीवन है या नहीं? भारतीय कानूनों में जीवन और मृत्यु से जुड़े कई प्रावधान हैं। भारत के आपराधिक कानून के अनुसार, गर्भावस्था की अवधि के लिए बच्चा मां के पास होता है और भ्रूण के रूप में बच्चे का जीवन होता है। अगर कोर्ट और कानून भ्रूण के रूप में बच्चे का जीवन स्वीकार करते हैं तो उसके कुछ संविधानिक अधिकार भी होते हैं।


**शादीशुदा महिला को 26 हफ्ते का गर्भ गिराने की मंजूरी देने का फैसला वापस लेने की केंद्र की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने पिछले बुधवार को खंडित फैसला सुनाया था।**

**अधिकार**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# भारतीय कृषि व्यवस्था का कायाकल्प



डॉ. विपिन कुमार

***कृषि*** भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसने हमारे आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृति और आध्यात्मिक प्रगति में एक महान भूमिका निभायी है। हम कृषि को एक उत्सव के रूप में मनाते हैं। हमारे किसान बंधुओं ने अपनी संस्कृति में वनों, पहाड़ों, नदियों, पशुधन, जीव-जंतुओं को एक दैवीय स्थान दिया है। क्या प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा का ऐसा अनुपम उदाहरण आपने कहीं देखा है? केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और सीजीआईएआर द्वारा हाल ही में 'अनुसंधान से प्रभाव तक : न्याय संगत और लचीली कृषि-खाद्य प्रणालियां' विषय में एक चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया और इस दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भी मंच साझा किया। इस सम्मेलन में वैश्विक स्तर पर कोरोना महामारी के कृषि-खाद्य प्रणालियों पर प्रभाव और इसमें लैंगिक असमानता से संबंधित चुनौतियों को उजागर करने का प्रयास किया गया। आज जलवायु परिवर्तन के कारण पूरे मानव जाति का अस्तित्व संकट में है। इस वजह से हमारा खाद्य उत्पादन भी बुरी तरह से बाधित हो रहा है। ऐसे में हमें कृषि-खाद्य प्रणालियों से संबंधित खतरों से निपटने के लिए इसके दुष्चक्र को तोड़ना ही होगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आज के समय में कृषि संबंधित गतिविधियों में महिलाओं की बेहद सक्रिय भागीदारी है। लेकिन हमने एक लंबे समय तक उन्हें निर्णय लेने वालों की भूमिका निभाने से वंचित रखा है। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में अन्य क्षेत्रों की तरह कृषि के क्षेत्र में भी नारी सशक्तिकरण को एक नया बल मिला है। प्रधानमंत्री मोदी यह भली-भांति समझते हैं कि यदि हमें कृषि के क्षेत्र में समावेशी विकास के लक्ष्य को हासिल करना है, तो हमें नारी सशक्तिकरण पर ध्यान देना ही होगा। इसके लिए भारत सरकार द्वारा महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना, राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन जैसे कई पहलों की शुरूआत की गई और इसका हमें बेहद सकारात्मक परिणाम देखने के लिए मिल रहा है। परंतु, स्वतंत्रता प्राप्ति के दशकों बाद भी किसानों को हमारे अर्थनीति में कोई विशेष महत्व नहीं दिया गया। उन्हें कृषि संबंधित संकटों से उबारने का कोई प्रयास नहीं किया गया। यह वास्तव में अत्यंत पीड़ादायक है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों की इस पीड़ा को समझते हुए, कृषि को बढ़ावा देने के लिए कई अतिरिक्त प्रयास किये, जिसका प्रतिफल आज पूरे देश में देखने के लिए मिल रहा है। चाहे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हो या प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का सुरक्षा कवच हो, चाहे 10 हजार नये एफपीओ बनाने का मामला हो या एक लाख करोड़ रुपये का एग्री इंफ्रा फंड स्थापित करने का मुद्दा हो, चाहे किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को 20 लाख करोड़ रुपये का ऋण बेहद आसानी से उपलब्ध कराने का विषय हो, चाहे पशु पालकों- मस्त्य पालकों को केसीसी से जोड़ने का प्रश्न हो, प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय कृषि व्यवस्था की कायापलट करने के लिए कई ऐतिहासिक प्रयास किये हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे किसान बंधुओं के समग्र विकास के लिए 'बीज से बाजार तक' के दृष्टिकोण के साथ अपने कदम बढ़ाये हैं और उनके इस संकल्प को धरातल पर क्रियान्वित करने में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कोई कसर नहीं छोड़ी। इसके लिए दोनों ही प्रशंसा के पात्र हैं। केंद्रीय सत्ता में आने के बाद, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हमेशा किसानों की आमदनी को बढ़ावा देने, खेती के आदान को कम करने और किसानों को अधिकतम सुविधाएं प्रदान करने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कार्य किया है। तथ्य बताते हैं कि वर्ष 2013-14 की तुलना में हमारा वर्तमान कृषि बजट 5.6 गुणा अधिक है।

**आज जलवायु परिवर्तन के कारण मानव जाति का अस्तित्व संकट में है। इस वजह से हमारा खाद्य उत्पादन भी बाधित हो रहा है। ऐसे में हमें कृषि-खाद्य प्रणालियों से संबंधित खतरों से निपटने के लिए इसके दुष्चक्र को तोड़ना ही होगा।**

**कृषि व्यवस्था**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# यू-ट्यूब पर व्यूज बढ़ाने में अब एआई करेगा आपकी मदद, आप भी कमा सकेंगे लाखों रुपये

आपने लोगों को यू-ट्यूब से अच्छा पैसा कमाते हुए देखा होगा। बता दें कि यूट्यूब ऑनलाइन कमाई का ना सिर्फ बेहतरीन जरिया है, बल्कि लोग इसके जरिए अपनी प्रतिभा को भी दिखा सकते हैं। ऐसे में आप भी इन तरीकों से यूट्यूब से अच्छा पैसा कमा सकते हैं। आपने लोगों को यू-ट्यूब से अच्छा पैसा कमाते हुए देखा होगा। बता दें कि यूट्यूब ऑनलाइन कमाई का ना सिर्फ बेहतरीन जरिया है, बल्कि लोग इसके जरिए अपनी प्रतिभा को भी दिखा सकते हैं। साथ ही इस तरीके से आप अच्छी-खासी कमाई भी कर लेते हैं। कई लोग कमाई के साथ ही फेमस होने के लिए भी यूट्यूब का सहारा लेते हैं। ऐसे में अगर आप भी यू-ट्यूबर बनकर पैसे कमाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको यूट्यूब चैनल बनाने और किस तरह से आप उस पर किस तरह का कंटेंट डाल सकते हैं, इसके बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि अब इसमें आप अककी भी मदद ले सकते हैं। आइए जानते हैं कि यू-ट्यूब से कमाई करने के आपको किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

### यू-ट्यूब पर शुरू करें अपना चैनल

आपको बता दें कि यूट्यूब से कमाई करने का सबसे पहला स्टेर अपना यूट्यूब चैनल खोलना है। यूट्यूब चैनल खोलने के लिए अपनी जीमेल आईडी से यूट्यूब पर लॉगिन करें। अब सर्च बार की दांयी तरफ अकाउंट होगा। यहां पर माय चैनल पर क्लिक कर उसका कोई अच्छा सा नाम रख दें। ध्यान रखें कि आपके यूट्यूब चैनल का नाम थोड़ा सा यूनिक होना चाहिए। साथ ही यह भी ध्यान रखें कि उस नाम का कोई अन्य चैनल ना बना हो।




### कंटेट का रखें खास ख्याल

हर रोज लाखों वीडियो यूट्यूब पर अपलोड होते रहते हैं। ऐसे में आप जो भी कंटेट यूट्यूब पर डालते हैं, उसका यूनिक होना जरूरी होता है। क्योंकि आपका वीडियो जितनी ज्यादा यूनिक होगा, उतना ही वीडियो पर व्यूज आते हैं। यूनिक आइडिया और यूजर फ्रैंडली कंटेट का इस्तेमाल कर आपके वीडियो पर अच्छू व्यूज आएंगे। साथ ही वीडियो क्वालिटी का खास ख्याल रखें। क्योंकि अगर वीडियो क्वीलिटी अच्छी नहीं होती है, तो लोग इसे देखना कम पसंद करते हैं।

### ऐसे बढ़ेंगे व्यूज

आप जब भी अपने यूट्यूब चैनल पर कोई वीडियो अपलोड करते हैं, तो उसका डिस्क्रिप्शन लिखना ना भूलें। साथ ही टैगिंग करने के साथ ऐसे कीवर्ड डालिये, जिनसे आपको वीडियो सर्च में आएगा। सर्च में आपका वीडियो आना व्यूज बढ़ाने का यह एक अहम जरिया होता है। वीडियो अपलोड के समय ज्यादा से ज्यादा टैग डालें। साथ ही टॉपिक से रिलेटेड कीवर्ड का इस्तेमाल करें।

### कमाई की शर्त

यूट्यूब ने मोनेटाइजेशन प्रोग्राम के नियम बदल दिए हैं। मोनेटाइजेशन के लिए आप तब तक अप्लाई नहीं कर सकते हैं, जब तक चैनल पर 10 हजार तक व्यूज नहीं हो जाते हैं। 10 हजार व्यूज होने के बाद आप 'मॉनेटाइजेशन' पर क्लिक करें। फिर इसमें आपको अपनी ईमेल आइडी डालें। इस तरह से अप्लाई करने के करीब 2 दिन बाद आपको मोनेटाइजेशन का अप्रूवल मिल जाएगा।

### एआई से लें मदद

आपने देखा होगा कि आजकल एआई की मदद से लोग अपने काम करने के तरीके को आसान बना रहे हैं। अकटूल्स का इस्तेमाल लगभग हर वेबसाइट में किया जाने लगा है। जिसकी वजह से टेक्निकल काम भी आसानी से हो जाते हैं। ऐसे में आप भी अक वीडियो जनरेट करने वाले टूल की मदद से नए-नए वीडियो जनरेट कर सकते हैं। वहीं अगर आपको ऐसा लगता है कि आप कैमरा फेस न करने के ट्रेंड में पीछे रह गए हैं, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसे में आप अकटूल की मदद से बिना एंकर किए आप अपना वीडियो बना सकते हैं। यूट्यूब ने अपने एनुअल 'मेड ऑन यूट्यूब' इवेंट में क्रिएटर्स के लिए कई नए अक-पॉवर्ड टूल की घोषणा की। इस घोषणा के बाद आने वाले समय में आप यूट्यूब पर एआई-जनरेटेड फोटो और वीडियो बैकग्राउंड, म्यूजिक सर्च और एआई वीडियो आदि का ऑप्शन मिलेगा। नए फीचर में अब किसी वीडियो को कई भाषा में डब कर सकते हैं। इससे आप आसानी से अपने वीडियो को अच्छे से अपलोड कर व्यूज कमा सकेंगे।

# नीट एग्जाम पहली बार में क्रैक करना चाहते हैं एग्जाम तो ऐसे करें तैयारी



नीट यूजी 2024 की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को एग्जाम डेट, परीक्षा पैटर्न और किस तरह से तैयारी करनी चाहिए। साथ ही उनकी तैयारी कैसे होनी चाहिए। यह सारी बातें हम आपको इस आर्टिकल में बता रहे हैं। जिससे आप बिना किसी समस्या के आसानी से एग्जाम क्रैक कर सकते हैं। अगर आप मेडिकल की तैयारी कर रहे हैं और साल 2024 में नीट यूजी की परीक्षा देना चाहते हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि NTA ने नीट यूजी 2024 परीक्षा के सिलेबस में कुछ बदलाव किए हैं। नीट यूजी 2024 की परीक्षा 5 मई 2024 को आयोजित की जाएगी। ऐसे में इस परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को एग्जाम डेट, परीक्षा पैटर्न और किस तरह से तैयारी करें, इस बारे में जानकारी होनी चाहिए।

**क्या है नीट एग्जाम :** नीट का फुल फॉर्म राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा है। यह परीक्षा NTA की तरफ से आयोजित की जाती है। नीट एक तरह की इंडिया प्री-मेडिकल टेस्ट है। दंत चिकित्सा संस्थानों और भारतीय चिकित्सा संस्थानों में MBBS और BDS डिग्री के लिए एक प्रवेश परीक्षा है। जिसे NTA द्वारा संचालित किया जाता है। इस एग्जाम को पास करने के बाद ही छात्र को MBBS कॉलेज में एडमिशन मिलता है।

**कब होगी परीक्षा :** NTA द्वारा जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक 5 मई 2024 को नीट यूजी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस एग्जाम से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए NTA की ऑफिशियल वेबसाइट neet.nta.nic.in पर भी विजिट कर सकते हैं।

**जानिए परीक्षा पैटर्न :** NTA के जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक इस बार नीट यूजी के सिलेबस में कुछ बदलाव हुए हैं। बता दें कि इस बार छात्र अगर आप 50 फीसदी भी नंबर लाते हैं तो भी वह मेडिकल कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं। वहीं अगर आप एससी, एसटी और ओबीसी-एनसीएल कैटेगरी में आते हैं। तो 40% नंबर आने पर भी आपका एडमिशन MBBS के लिए हो जाएगा।

**इतनी सीटों पर मिलेगा एडमिशन :** नीट एग्जाम क्लियर करने के बाद आप अपने नंबरों के हिसाब से मेडिकल कॉलेज में एडमिशन पा सकते हैं। इसके लिए 101188 MBBS सीटे हैं।

### ऐसे करें तैयारी

**लक्ष्य करें निर्धारित :** अपने लक्ष्य को पाने के लिए आपको डेली, वीकली और मेंथली स्टडी गोल सेट करने होंगे। यह गोल पूरी तरह से व्यवहारिक होने चाहिए। साथ ही यह भी देखते चलें कि आपके द्वारा पढ़े गए विषय कितना तैयार हो गए हैं। स्टडी के ट्रैक पर बने रहने के लिए आवश्यकतानुसार अपने लक्ष्यों को पूरा करें।

**स्वास्थ्य को दें प्राथमिकता :** बता दें कि NEET की तैयारी एक लंबी और कठिन यात्रा है। इसकी तैयारी के लिए स्वस्थ शरीर और हेल्दी दिमाग की जरूरत होती है। इसके लिए आप रोजाना ध्यान व व्यायाम का सहारा भी ले सकते हैं। मॉक टेस्ट दें और इस दौरान सीधे बैठने की कोशिश करें। नींद से समझौता ना करें और ज्यादा लंबे स्डटी ऑवर न रखें।

**प्रैक्टिस पर दें ध्यान :** तय समय में प्रैक्टिस पेपर सॉल्व करने की कोशिश करें। इसके लिए टाइम मैनजमेंट स्ट्रैटजी बनाएं। क्योंकि जैसे-जैसे एग्जाम की डेट पास आती जाती है, तो लोग टाइम मैनेजमेंट पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। अगर आप सही से प्रैक्टिस करेंगे तो परीक्षा के दिन समस्या नहीं होगी।

❖ अनन्या मिश्रा

# 12वीं के बाद मेडिकल, इंजीनियरिंग के अलावा इन फील्ड में बना सकते हैं करियर

लोगों को लगता है की अच्छे मार्क्स लाने से और महंगी यूनिवर्सिटी या कॉलेज से ही पढ़ने से भविष्य चमक उठेगा। लेकिन ऐसा नहीं है। ये सभी बातें आज गलत साबित हो रही हैं। 12वीं के बाद अक्सर बच्चे और उनके माता-पिता सोचते हैं की अगर कम मार्क्स आये तो फ्यूचर अच्छा कैसे बनेगा। इसका हल निकाल सकते हैं ये कुछ चुनिंदा कोर्स। ये कोर्स 12वीं करने के बाद आसानी से किए जा सकते हैं। तो आइये बात करते हैं ऐसे करियर ऑप्शन की जिसमे जल्दी नौकरी मिल सकती है और फ्यूचर भी बिलकुल ब्राइट होगा। यहां तक की इन कोर्स को करने के बाद खुद का बिजनेस भी शुरू किया जा सकता है। जिसमे खूब कमाई होगी।



**इंटीरियर डिजाइनिंग :** यह कोर्स क्रिएटिव लोगों के लिए बहुत अच्छा है। अगर किसी को सजावट के कामों में मन लगता है और डिजाइनिंग, पेंटिंग में अच्छा हाथ आजमाना चाहते हैं तो इंटीरियर डिजाइनिंग ऐसे लोगों के लिए बेहद अच्छा कोर्स साबित होगा। इसमें कैंडिडेट्स डिप्लोमा भी कर सकते हैं। डिप्लोमा इन इंटीरियर डिजाइनिंग एक तरह का शॉट टर्म कोर्स है। इसको करने के बाद कैंडिडेट्स अपनी खुद की कंपनी भी खोल सकते हैं।

**एनीमेशन और मल्टीमीडिया कोर्सेज :** इस फील्ड में शोहरत और पैसा दोनों भरपूर हैं। एनीमेशन और मल्टीमीडिया कोर्स वैसे तो महंगे होते हैं, लेकिन अगर ये किसी अच्छे इंस्टीट्यूट से किया जाए तो करियर के लिए एक बेहतरीन ऑप्शन होगा। इसमें कैंडिडेट्स डिप्लोमा कोर्स भी करके करियर की शुरूआत कर सकते हैं। अगर कोई कैंडिडेट काफी ज्यादा क्रिएटिव है तो वो फ्रीलांस काम भी इसमें शुरू कर सकता है।

**कंप्यूटर प्रोग्रामिंग :** टेक्निकल चीजों में रुचि रखने वाले और खासकर साइंस फील्ड से जुड़े लोग यह इस ऑप्शन को चुन सकते हैं। अगर किसी को कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, वेबसाइट, सॉफ्टवेयर या ऐप बनाने में दिलचस्पी है तो इसमें डिप्लोमा कोर्स करके भी अपने करियर की शुरूआत कर सकते हैं। इस शार्ट टर्म कोर्स को करने के बाद नौकरी भी जल्दी मिलेगी।

**योग में करियर :** देश के हर व्यक्ति का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। स्वस्थ रहने के लिए कई लोग जिम जाते हैं तो कोई लोग योग का सहारा लेते हैं। आजकल लोगों में योग काफी लोकप्रिय हो गया है। ऐसे में योग को एक करियर के तौर पर भी अपनाया जा सकता है। इस कोर्स में थ्योरी के साथ साथ प्रैक्टिकल भी बहुत जरूरी है। तभी एक अच्छा करियर बन पायेगा।

**जिम इंस्ट्रक्टर :** फिटनेस में रुचि रखने वाले लोग इस करियर को अपना सकते हैं। एक जिम इंस्ट्रक्टर और ट्रेनर बन कर लोगों को फिट रहने में मदद कर सकते हैं। लेकिन अगर किसी कैंडिडेट को इसमें इंटरेस्ट हो तभी इस फील्ड में करियर शुरू करें। कोई भी कैंडिडेट करीब 6 से 8 महीने के कोर्स में किसी भी बड़ी जिम में ट्रेनर या इंस्ट्रक्टर के तौर पर नौकरी पा सकता है।

## सूडोकु नवताल- 6856

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6855 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**18 अक्टूबर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.01 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | वृश्चिक | 08.15 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 10.31 बजे से |
| बुध | कन्या में | मकर | 12.37 बजे से |
| गुरु | मेष में | कुंभ | 14.23 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मीन | 15.56 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 17.26 बजे से |
| राहु | मेष में | वृष | 19.07 बजे से |
| केतु | तुला में | मिथुन | 21.05 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 23.18 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | सिंह | 01.34 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 03.46 बजे से |

**बुधवार** 2023 वर्ष का 291 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्थी 01.13 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा 21.01 बजे को समाप्त। **योग** आयुष्मान 08.18 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 13.23 बजे तदनन्तर विष्टि 01.13 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 03.3 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 09° 26' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871770 **जूलियन दिन** 2460235.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 02 **विशेष** विनायक चतुर्थी, तुला संक्रांति।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7918



**बाएँ से दाएँ**

1. प्रार्थना, खुशामद-4
4. श्मशान, शवदाहगृह-4
6. भ्रमर, चक्र-3
8. कामदेव, सुंदर-3
9. चांदी-3
11. सितारा-2
13. राजकुमार, मनोज कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-5
15. हालात, तबियत-2
16. फिजूल, व्यर्थ-3
18. डिपो-3
19. गमन, विदा-3
20. झगड़ा, अनबन-4
22. लुंगी-4

**ऊपर से नीचे**

1. आलता, माहुर-4
2. घाटा, नुकसान-2
3. कमल, जलज-3
4. अभिष्ट इच्छा, चाह-5
5. टक्कर, मुठभेड़-4
7. रात्रि, निशा-3
10. जरुरतमंद-5
12. हाथी साधने वाला-4
14. तरंग, हिलोर-3
17. कसरत, परेड-4
18. विश्राम, राहत-3
21. मार्ग, पथ-2

### शब्द पहेली -7917 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | फ | री | ह | | क | ल | र | व |
| क | | छ | ल | क | प | ट | | र |
| रा | ख | | | म | | | बं | दा |
| र | त | | प | ल | क | | दा | न |
| | र | स | ना | | मा | ख | न | |
| त | ना | | ह | म | ल | | वा | स |
| ल | क | | | ग | | | ज | ल |
| ध | | म | न | र | ख | ना | | बा |
| र | म | जा | न | | त | क | दी | र |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। सुख-आनंद कारक समय है।

**वृष राशि :** मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम।

**मिथुन राशि :** व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

**कर्क राशि :** आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**सिंह राशि :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**कन्या राशि :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**तुला राशि :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।

**वृश्चिक राशि :** आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**धनु राशि :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**मकर राशि :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**कुंभ राशि :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मीन राशि :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### छग के बीजापुर में मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने कुख्यात नक्सली को किया ढेर

**बीजापुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के मद्देड़ इलाके में सुरक्षाबलों ने मंगलवार सुबह मुठभेड़ में एक कुख्यात नक्सली को ढेर कर दिया। यह मुठभेड़ बंदेपारा के जंगल में हुई। तीन-चार नक्सलियों और कोबरा बटालियन के दो जवानों के जख्मी होने की भी सूचना है। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि मुठभेड़स्थल से एक नक्सली का शव बरामद किया गया है। संभवतः यह नक्सली नेता डीवायसीएम नागेश का शव है। मगर इसकी पुष्टि होनी बाकी है। मुठभेड़स्थल से एके-47 भी बरामद हुई है। सुरक्षा बलों को जंगल में एरिया कमेटी प्रभारी डीवायसीएम नागेश, सचिव एसीएम बुचन्ना, एसीएम विश्वनाथ के अलावा 15-20 सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद बीजापुर से डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं सीआरपीएफ 170 की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली। मंगलवार सुबह बंदेपारा के जंगल में जवानों को देखकर नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद जवानों ने मोर्चा संभाला। दोनों ओर से करीब एक घंटे तक फायरिंग हुई। इस दौरान एक नक्सली ढेर हो गया। इसके बाद सर्चिंग ऑपरेशन तेज कर दिया गया।

### पुणे में कंटेनर में आग लगी, चार लोगों की मौत, दो झुलसे

**मुंबई।** पुणे जिले में मुंबई-बेंगलुरु हाइवे पर नवले ब्रिज और स्वामीनारायण मंदिर के पास बीती रात दो कंटेनरों की टक्कर के बाद एक में आग लग गई। इस हादसे में कंटेनर के केबिन में बैठे चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग झुलस गए। दोनों का इलाज नजदीकी अस्पताल में हो रहा है। मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। पुलिस के अनुसार सोमवार देररात एक कंटेनर मुंबई की ओर आ रहा था। स्वामीनारायण मंदिर के पास पीछे से तेज रफ्तार आ रहे कंटेनर से इसकी टक्कर हो गई। इससे आगे वाला कंटेनर पलट गया और पीछे वाले कंटेनर में आग लग गई थी। कंटेनर के केबिन में छह लोग सफर कर रहे थे। मामले की छानबीन की जा रही है।

### महाराष्ट्र में 3.3 तीव्रता का भूकंप

**सतारा।** महाराष्ट्र के सतारा जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। हालांकि इसमें अभी तक किसी भी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक सोमवार की रात 11:36 बजे महाराष्ट्र के सतारा में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.3 मापी गई है। इसका केंद्र जमीन के अंदर पांच किलोमीटर गहराई में था। समाचार लिखने तक कहीं से किसी भी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

### मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने मंगलवार को मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने 16 अक्टूबर को ईडी से पूछा था कि मनीष सिसोदिया के खिलाफ आरोप तय करने पर अब तक बहस शुरू क्यों नहीं हुई। किसी को इस तरह आप जेल में नहीं रख सकते। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि हम आम आदमी पार्टी को भी इस मामले में आरोपित बनाने पर विचार कर रहे हैं। पहले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ईडी पर बड़े सवाल उठाते हुए पूछा था कि सरकारी गवाह के बयान पर कैसे भरोसा करेंगे। क्या ये बयान कानून में स्वीकार्य होगा। क्या ये कही सुनी बात नहीं है। कोर्ट ने कहा था कि सब सबूतों के आधार पर होना चाहिए वरना जिरह में ये केस दो मिनट में गिर जाएगा। सुनवाई के दौरान 5 अक्टूबर को मनीष सिसोदिया के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि सिसोदिया को पैसे मिलने का कोई सबूत नहीं है। विजय नायर से सिसोदिया का कोई संबंध नहीं था। नायर पार्टी का कार्यकर्ता था और वह आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था। उन्होंने कहा कि सिसोदिया 26 फरवरी से जेल में हैं।

# एक दशक में प्रमुख बंदरगाहों की क्षमता हुई दोगुनी : मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की समुद्री क्षमता को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा है कि इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए हम नीतिबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं। इसी के फलस्वरूप पिछले एक दशक में प्रमुख बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हो गई है। बंदरगाहों पर कंटेनरों के टर्न-अराउंड समय में तेजी से कमी आई है। प्रधानमंत्री मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट (जीएमआईएस) 2023 के तीसरे संस्करण के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुंबई में आयोजित यह शिखर सम्मेलन देश के समुद्री क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए एक



उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है। प्रधानमंत्री ने ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट के तीसरे संस्करण में सभी का स्वागत किया। उन्होंने याद किया कि जब 2021 में शिखर सम्मेलन हुआ था तो कैसे पूरी दुनिया कोविड महामारी की अनिश्चितताओं से जूझ रही थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक नई दुनिया आज आकार ले रही है। बदलती विश्व व्यवस्था में प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि दुनिया नई आकांक्षाओं के साथ भारत की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट से जूझ रही दुनिया में भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है और वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन जाएगा। वैश्विक व्यापार में समुद्री मार्गों की भूमिका को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कोरोना के बाद की दुनिया में एक विश्वसनीय वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतिहास गवाह है कि भारत की समुद्री क्षमताओं से हमेशा दुनिया को फायदा हुआ है। मोदी ने पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र किया। उन्होंने प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे पर ऐतिहासिक जी-20 के देशों की सर्वसम्मति के परिवर्तनकारी प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जैसे अतीत के सिल्क रूट ने कई देशों की अर्थव्यवस्था बदल दी, वैसे ही यह गलियारा भी वैश्विक व्यापार की तस्वीर बदल देगा। मोदी ने कहा कि इसके तहत नेक्स्ट जेनरेशन मेगा पोर्ट, इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांस-शिपमेंट पोर्ट, द्वीप विकास, अंतर्देशीय जलमार्ग और मल्टी-मॉडल हब जैसे कार्य किए जाएंगे, जिससे व्यावसायिक लागत में कमी आएगी और पर्यावरणीय गिरावट से लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार होगा और नौकरियां पैदा होंगी।

## समलैंगिक शादियों को मान्यता देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार कर दिया है। समलैंगिक विवाह पर चार जजों सीजेआई, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस एस रवींद्र भट्ट और जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस हिमा कोहली की बेंच ने बंटा हुआ फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समलैंगिक साथ रह सकते हैं, लेकिन विवाह को मान्यता नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि स्पेशल मैरिज एक्ट में बदलाव करने का अधिकार केवल संसद के पास है, इसलिए केंद्र सरकार को एलजीबीटीक्यू समुदाय के साथ भेदभाव रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया।

इस मामले पर फैसला सुनाते हुए चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि समलैंगिक जोड़े को भी सामान्य लोगों की तरह उनको उनका अधिकार मिलना चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा कि यह तर्क सही नहीं है कि समलैंगिक कपल्स बेहतर पैरेंट नहीं हो सकते। इसी कोई स्टडी नहीं है कि सामान्य कपल बेहतर पैरेंट होते हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि समलैंगिक कपल्स को विवाह करने का अधिकार है। समलैंगिक कपल को भी बच्चा गोद लेने का अधिकार है। चीफ जस्टिस ने कहा कि समलैंगिकता सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव में कृषि कार्य में काम करने वाली एक महिला भी समलैंगिक हो सकती है। चीफ जस्टिस ने कहा कि ये कहना कि विवाह की संस्था स्थिर और अपरिवर्तनीय है, सही नहीं है। विवाह की व्यवस्था में कानून के द्वारा बदलाव किया गया है। चीफ जस्टिस ने कहा कि स्पेशल मैरिज



एक्ट में बदलाव करने का अधिकार केवल संसद के पास है। कोर्ट को संसद के अधिकार क्षेत्र में दखल देने में सावधानी बरतनी चाहिए। संविधान बेंच के सदस्य जस्टिस संजय किशन कौल ने चीफ जस्टिस के फैसले पर अपनी सहमति जताई। जस्टिस एस रविंद्र भट्ट ने चीफ जस्टिस के फैसले से असहमति जताते हुए कहा कि समलैंगिक जोड़े को बच्चा गोद लेने का अधिकार नहीं दिया जा सकता। जस्टिस हीमा कोहली ने जस्टिस एस रविंद्र भट्ट के फैसले से सहमति जताई। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर दस दिनों तक सुनवाई करने के बाद 11 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कहा था कि जेंडर की अवधारणा परिवर्तनशील हो सकती है, लेकिन मां और मातृत्व नहीं। कोर्ट ने कहा था कि एक बच्चे का कल्याण सर्वोपरि होता है। देश का कानून विभिन्न कारणों से गोद लेने की अनुमति प्रदान करता है। यहां तक कि एक अकेला व्यक्ति भी बच्चा गोद ले सकता है। ऐसे पुरुष या महिला, एकल यौन संबंध में हो सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर आप संतानोत्पत्ति में सक्षम हैं तब भी आप बच्चा गोद ले सकते हैं। जैविक संतानोत्पत्ति की कोई अनिवार्यता नहीं है।

## भाजपा में शामिल हुए महाराणा प्रताप के वंशज और करनी सेना के दिवंगत अध्यक्ष के बेटे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राजस्थान विधानसभा चुनाव में बढ़त बनाने के लिए भाजपा लगातार प्रदेश के प्रभावी नेताओं को पार्टी में शामिल कर रही है। मंगलवार को महाराणा प्रताप के वंशज विश्वराज सिंह और करनी सेना के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह कालवी के बेटे भवानी सिंह कालवी ने भाजपा का दामन थाम लिया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह और लोक सभा सांसद दिया कुमारी ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में इन दोनों नेताओं को भाजपा में शामिल कराया। दोनों नेताओं का भाजपा में स्वागत करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि राजस्थान में बदलाव



तय है। चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद यह जॉइनिंग हो रही है और इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि राजस्थान में इनका बड़ा योगदान रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का जो संकल्प लिया है, उसमें राजस्थान की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होने वाली है और राजस्थान को विकसित राजस्थान बनाने में आज की इस जॉइनिंग की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी।

## फेसलेस कर निर्धारण के लिए गांधी परिवार व आप की याचिकाएं स्थगित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, आम आदमी पार्टी (आप) और कई धर्मार्थ ट्रस्टों द्वारा उनके कर निर्धारण को फेसलेस मूल्यांकन से केंद्रीय वृत्त की ओर स्थानांतरित करने के खिलाफ दायर याचिकाओं को स्थगित कर दिया। न्यायमूर्ति खन्ना और न्यायमूर्ति एस.एन.वी.भट्टी की पीठ ने सुनवाई 7 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले 3 अक्टूबर को, तबादलों के खिलाफ कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा दायर याचिकाओं का जिक्र करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि यदि व्यक्तियों के बीच क्रॉस-लेनदेन होता है तो केंद्रीय मूल्यांकन की आवश्यकता हो सकती है। गांधी परिवार और उनसे जुड़े ट्रस्टों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अरविंद दातार ने कहा कि भगोड़े हथियार डीलर संजय भंडारी के मामले में तलाशी के कारण, आयकर अधिकारियों ने इन सभी को प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के कारण पूरक मामलों के रूप में टैग किया है। गांधी परिवार ने कहा है कि भंडारी समूह के मामलों से उनका कोई लेना-देना नहीं है और उनके मामलों में तलाशी या जब्ती की कोई घटना नहीं हुई है।

# तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने भाजपा सांसद निशिकांत के विरुद्ध किया मुकदमा


**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

उद्योगपति रुइया के लिए कई तरह से उपयोगी के तौर पर चर्चित रहे भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के विरूद्ध तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उन्होंने उसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, एक वकील व कई सोशल मीडिया प्लेटफार्मों तथा मीडिया हाउस को अपने (मोइत्रा) विरूद्ध अपमानजनक सामग्री पोस्ट करने से रोकने की अपील की। याचिका में महुआ मोइत्रा ने अपील की है कि उनके खिलाफ किसी भी कथित फर्जी पोस्ट करने, प्रसारित या प्रकाशित करने से रोका जाए। दिल्ली हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई सप्ताह के अंत तक हो सकती है। मालूम हो कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के विरूद्ध एक जांच समिति गठित करने और उन्हें सदन से 'तत्काल निलंबित' करने की मांग की है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है। निशिकांत का आरोप है कि महुआ ने उद्योगपति हीरानंदानी को लाभ पहुंचाने वाले सवाल संसद में पूछती हैं, और उसके बदले में पैसे या उपहार लेती हैं। जबकि तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा का कहना है कि उद्योगपति गौतम अडानी पर विदेश से कम दाम पर कोयला लाकर देश में कई गुना महंगे दाम पर बेचने का मामला प्रमुख विदेशी वित्तीय अखबारों में प्रमाण सहित छपा है। चीन व गल्फ कंट्री के दो धंधेबाजों ने भी अडानी कंपनी में मारीशस व अन्य कई जगह से हजारों करोड़ रुपये लगाया है। वह रकम किसका है, कैसे आया, इसकी जांच कहां तक पहुंची, इस सबके बारे में संसद में लगातार सवाल उठाकर सरकार व संबंधित मंत्रालयों को पत्र लिख जवाब मांगती रही हैं। उसका जवाब नहीं देकर, उनके विरूद्ध कार्रवाई नहीं करके, उल्टे मेरा मुंह बंद कराने व डराने के लिए इस तरह का हथकंडा अपनाया जा रहा है। क्योंकि अडानी इस तरह के मामले में केंद्र का वरदहस्त होने की बात कही जा रही है। और केन्द्र सरकार को कोई लपेटे तो उसको छोड़ा नहीं जा रहा है। किसी न किसी तरह से लपेट कर सबक सिखाने की कोशिश हो रही है।




## बहुचर्चित फिल्म 'गडकरी' का ट्रेलर रिलीज

**'हाईवे मैन ऑफ इंडिया'** के नाम से मशहूर नितिन जयराम गडकरी के जीवन पर आधारित फिल्म 'गडकरी' जल्द रिलीज होगी। इस फिल्म का ट्रेलर लॉन्च समारोह हाल ही में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, भारतीय क्रिकेटर उमेश यादव और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में नितिन गडकरी का किरदार निभाने वाले राहुल चोपड़ा ने 'गडकरी' अंदाज में आकर दर्शकों का दिल जीत लिया। ट्रेलर की शुरूआत 'गडकरी' से 'रोडकारी' तक के सफर से होती है। फिल्म के ट्रेलर में उनके बचपन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवक, चुनाव में हार, जानलेवा हमला, सामाजिक सरोकार सभी पहलुओं को दिखाया गया है। इसमें नितिन गडकरी की निजी जिंदगी के सफर की भी झलक मिलती है। इसके बाद भारत के पहले एक्सप्रेस-वे का सफर, सबसे कम लागत में इसे बनाने का फैसला और इसके लिए जो संघर्ष करना पड़ा वह भी इस ट्रेलर में नजर आता है। दिलचस्प बात यह है कि इस ट्रेलर में नितिन गडकरी के साथ-साथ शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे भी नजर आ रहे हैं।




## रश्मि देसाई ने गरबा के प्रति अपना निस्वार्थ प्रेम साझा किया



**अभिनेत्री** रश्मि देसाई के लिए नवरात्रि का मतलब सिर्फ फैंसी कपड़े पहनना नहीं बल्कि गरबा करना भी है। अभिनेत्री नृत्य प्रेमी हैं, और उन्हें इस समय का हमेशा इंतजार रहता है। अभिनेत्री रश्मि देसाई ने कहा, "नवरात्रि आ गई है और मैं वास्तव में शांत नहीं रह सकती। जब मैं यह कहती हूं तो विश्वास करें, पिछले कुछ वर्षों में, मैंने गरबा के हर चरण में महारत हासिल कर ली है। मेरे अंदर का नृत्य प्रेमी हमेशा साल के इस समय का इंतजार करता है और मैं मुझे यह पसंद है।" अभिनेत्री ने कहा, मेरे लिए, नवरात्रि का मतलब अपने परिवार और दोस्तों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना है। ठीक यही मैं इस साल भी करने जा रही हूं। भगवान की कृपा और आशीर्वाद से यह व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए एक अच्छा साल रहा है।

## रणनीति

### भारतीय सेना खरीदेगी आठ लैंडिंग अटैक क्राफ्ट

# पाक-चीन सीमा पर निगरानी में होगी आसानी

**सर क्रीक एरिया व ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सुरक्षित रखने में मिलेगी मदद**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेना चुनौतीपूर्ण समुद्री वातावरण में तेजी से प्रतिक्रिया देने के लिए लैंडिंग क्राफ्ट और तेज गश्ती नौकाओं के साथ सर क्रीक क्षेत्र में रणनीतिक क्षमताओं को बढ़ाएगी। सेना ने आठ लैंडिंग अटैक क्राफ्ट और 'मेक इन इंडिया इन डिफेंस' कार्यक्रम के तहत छह तेज गश्ती नौकाएं हासिल करने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे भारतीय सेना को पाकिस्तान और चीन सीमाओं पर उन्नत नौकाओं के साथ तटीय अभियानों में बढ़त हासिल होगी। भारतीय सेना ने 06 फास्ट पेट्रोल बोट और 08 लैंड क्राफ्ट की खरीद के लिए एक आरएफआई जारी किया है। सेना



ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि लैंड क्राफ्ट को सर क्रीक क्षेत्र और ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन में वाहन, सामग्री के परिवहन, नाव गश्ती और सीमित खोज और बचाव के लिए तैनात किया जाना है। इसी तरह सर क्रीक क्षेत्र सहित समुद्र और जल निकायों पर निगरानी, गश्त और अवरोधन के लिए तेज गश्ती नौकाओं को तैनात किया जाना है।

भारतीय सेना के एक अधिकारी ने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में क्रीक क्षेत्रों और नदी घाटियों में खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए सेना समुद्री या नदी तट का उपयोग किए बिना जल निकायों के अंदर और बाहर आने में सक्षम होना चाहती है। इनके खरीदने का मकसद सर क्रीक क्षेत्र, ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन और सुंदरबन डेल्टा क्षेत्रों में अपने अभियानों को रणनीतिक बढ़त दिलाना है। भारत और पाकिस्तान की सीमा पर स्थित सर क्रीक क्षेत्र लंबे समय से भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बिंदु, सीमा पार घुसपैठ और तस्करी गतिविधियों का केंद्र रहा है।

पाकिस्तान की समुद्री सीमा अरब सागर से मिलती है, जहां इसके जलमार्गों के जटिल नेटवर्क की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए विशेष समुद्री बल की आवश्यकता होती है, ताकि चुस्त और तीव्र प्रतिक्रिया दी जा सके। सेना की लैंडिंग क्राफ्ट और तेज गश्ती नौकाओं से समुद्री परिवहन को सक्षम करने के साथ ही विभिन्न इलाकों में तेजी से तैनाती करके प्रतिक्रिया दी जा सकेगी। इसके अतिरिक्त ये क्राफ्ट सैनिकों और सामग्रियों की आवाजाही को आसान बनाएंगी, जिससे महत्वपूर्ण परिदृश्यों में समय पर सुदृढ़ीकरण और रसद सहायता सुनिश्चित की जा सकेगी।

इसके अलावा ये क्राफ्ट गश्त करने और तटीय क्षेत्रों में निगरानी और सुरक्षा बढ़ाने में भी माहिर होंगी। यह रणनीतिक खरीद सर क्रीक एरिया और ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सुरक्षित करने में भारतीय सेना के रुख के अनुरूप है, जिससे घुसपैठ और तस्करी जैसी अवांछित गतिविधियों की संभावना कम होगी। एकीकृत नेविगेशन सूट से लैस सेना की लैंडिंग क्राफ्ट को सभी गतिशील और स्थिर संपर्कों, समुद्र तट सुविधाओं, नेविगेशनल सहायता और बंदरगाह प्रतिष्ठानों के लिए डिजाइन किया गया है, जो ऑपरेटरों के लिए व्यापक स्थितिजन्य जागरुकता सुनिश्चित करता है। इसमें लगा रडार स्वचालित पहचान प्रणाली, ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) और हेडिंग सेंसर सहित विभिन्न सेंसर से डेटा को एकीकृत करता है।

## मद्रास हाईकोर्ट ने सुबह 4 बजे विजय-स्टार 'लियो' मूवी शो रखने की याचिका पर आदेश पारित करने से किया इनकार

**मद्रास** हाईकोर्ट ने मंगलवार को तमिल सुपर स्टार 'थलपति' विजय की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लियो' की 19 अक्टूबर को सुबह 4 बजे स्क्रीनिंग के लिए मेकर्स की अपील पर फैसला देने से इनकार किया। महाधिवक्ता आर. शनमुगसुंदरम और राज्य लोक अभियोजक मोहम्मद अली जिन्ना के कड़े विरोध के बाद जज अनिता सुमंत ने मामले में आदेश पारित करने से परहेज किया। हालांकि, कोर्ट ने मेकर्स को 19-24 अक्टूबर तक सुबह 7 बजे के शो के संबंध में अपने अनुरोध के साथ राज्य सरकार से संपर्क करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अनिता सुमंत ने आदेश में कहा कि सुबह 9 बजे से 1.30 बजे के बीच पांच शो चलाने में आने वाली कठिनाइयों पर विचार करने के बाद तमिलनाडु राज्य गृह (सिनेमा) विभाग को फिल्म के निमार्ताओं और तमिलनाडु थिएटर मालिकों के संघ के साथ चर्चा करने का निर्देश दिया गया। फिल्म के निमार्ता सेवन स्क्रीन स्टूडियोज के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के. रामचंद्रन ने अपनी अपील में कहा कि विजय की बहुत बड़ी फैन




फॉलोइंग है और फिल्म 'लियो' के ट्रेलर को रिलीज के सात दिनों में 51 मिलियन से अधिक लोगों ने देखा। उन्होंने शाहरुख खान की फिल्मों 'पठान' और 'जेलर' का उदाहरण भी दिया, जो मुंबई में छह से सात शो और दिल्ली में छह शो में रिलीज हुई थीं। मद्रास उच्च न्यायालय की न्यायाधीश, न्यायमूर्ति अनिता सुमंत ने सोमवार को सुनवाई मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी थी क्योंकि तमिलनाडु के महाधिवक्ता ने यह सत्यापित करने के लिए समय मांगा था कि फिल्म शो को विनियमित करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है या नहीं।

## गागर में सागर

### रिम्स में डायलिसिस सेवा की हुई शुरूआत



**रांची।** रिम्स में पीपीपी मोड पर संचालित डायलिसिस यूनिट की शुरूआत हो गई है। मंगलवार से भर्ती मरीजों के लिए डायलिसिस शुरू हो गई है। रिम्स निदेशक डॉ राजीव गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक हीरेंद्र बिरुआ, चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, नेफ्रोलॉजी की एचओडी डॉ प्रज्ञा घोष ने निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ट्रायल बेसिस में सिर्फ भर्ती मरीजों की डायलिसिस की जा रही है। ओपीडी बेसिस पर विधिवत उद्घाटन के बाद सेवा शुरू की जाएगी। 25 बेडों पर डायलिसिस की सेवा शुरू की जाएगी।

### बस्ता रहित शिक्षा के लिए मास्टर ट्रेनरों की कार्यशाला शुरू

**रांची।** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं परीक्षण परिषद (जेसीईआरटी) में मंगलवार को पूर्व व्यावसायिक शिक्षा एवं बस्ता रहित गतिविधियों पर जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। यह कार्यशाला 19 अक्टूबर तक चलेगी। कार्यशाला में प्रत्येक जिले से तीन तीन मास्टर ट्रेनर शामिल होंगे, जो प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने अपने जिलों में शिक्षकों को दो दिनों का प्रशिक्षण देंगे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कार्यक्रम समन्वयक स्वपनिल कुजूर ने उपस्थित शिक्षकों को स्कूली बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा के प्रति मार्गदर्शित करने एवं विभिन्न कौशल से पारंगत प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों के संपूर्ण विकास पर जोर दिया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनरों को 11 तरह के व्यावसायिक शिक्षा पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें विशेष तौर पर बच्चों को इंडस्ट्रियल विजिट पर ले जाने का भी निर्देश दिया गया।

### प्रदेश भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को दी बधाई

**रांची।** भाजपा झारखंड के नव मनोनीत नेता विधायक दल अमर कुमार बाउरी को झारखंड विधानसभा सचिवालय द्वारा नेता प्रतिपक्ष की मान्यता प्रदान किए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बधाई दी है। मरांडी ने कहा कि भाजपा सदन में राज्य के लोक कल्याणकारी मुद्दों, जनहित के सवालों तथा हेमंत सरकार की विफलताओं को और मजबूती के साथ उजागर करेगी। भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, विनोद शर्मा, सुनील सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, अपर्णा सेन गुप्ता, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, शमीर्ला रजक, मुनेश्वर साहू, रीता मिश्रा, कोषाध्यक्ष दीपक बंका, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, सूरज चौरसिया सहित प्रदेश के पदाधिकारियों एवं मोर्चा अध्यक्षों ने भी अमर बाउरी को बधाई दी है। प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी अभी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सांगठनिक प्रवास पर हैं। वे 18 अक्टूबर की शाम चार बजे सेवा विमान से रांची हवाई अड्डा पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से बाउरी प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे, जहां प्रदेश के नेता और कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे।

### डीएसपीएमयू में माइक्रोबायोलॉजी साइंस एग्जिबिशन और रंगोली प्रतियोगिता

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के माइक्रोबायोलॉजी तथा वनस्पति विज्ञान विभाग एवं माइक्रोबायोलॉजी सोसाइटी आफ इण्डिया के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को माइक्रो बायोलॉजी साइंस एग्जिबिशन तथा रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विविध आयामों से लोगों को परिचित कराया। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग 150 विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शनी एवं रंगोली प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा लोगों के समक्ष आती हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी ओर से इस प्रकार के कार्यक्रमों के लिए हर संभव सहयोग करेगा। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. नमिता सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की वैज्ञानिक क्षमता का विकास होता है। स्नातकोत्तर वर्ग में माडल प्रस्तुति में एम.एससी. माइक्रोबायोलॉजी के तृतीय सेमेस्टर की निधि सिंह, अर्चना कुमारी, जयशीला मराण्डी और रिंकू कुजूर को माइक्रोबियल फ्यूल सेल के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। एम.एससी. पर्यावरण विभाग के द्वितीय सेमेस्टर के अभिषेक कुमार शर्मा, गिरीश मंडल और देव कुमार को प्लाउडीकल्चर के लिए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

### 185 साल पुराना है रांची में दुर्गा पूजा का इतिहास

**रांची।** राजधानी में दुर्गा पूजा का इतिहास करीब 185 वर्ष पुराना है। सबसे पहले वर्ष 1839 में मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की शुरूआत रातू किला में हुई थी। इसके बाद 1882 में जिला स्कूल परिसर में दुर्गोत्सव मनाया गया। ठीक एक वर्ष 1883 में दुगार्बाड़ी में पूजा शुरू हुई जो, आज भी जारी है। महानगर दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राय चौधरी ने बताया कि दुगार्बाड़ी के आस पास रहनेवाले कुछ बंगाली परिवार ने यह जमीन पूजा स्थल के लिए दान में दी थी। इसके बाद यहां मंडप का निर्माण हुआ। बाद में मंदिर की स्थापना हुई। यहीं से अन्य जगहों पर दुर्गोत्सव मनाने का सिलसिला शुरू हुआ। 1970 के करीब राजधानी में पंडालों की संख्या बढ़ने लगी। रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार चौधरी ने कहा कि पहले दुगार्बाड़ी के अलावा ढ़िबरी पट्टी, महावीर चौक दुर्गा मंदिर, कोकर और बिहार क्लब में दुर्गा पूजा मनायी जाती थी।

# रांची में अब हो सकेगा कैंसर के मरीजों का फ्री इलाज

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड में रांची पहला जिला होगा, जहां के सदर अस्पताल में कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों का इलाज करेंगे। कैंसर मरीजों के लिए यह बड़ी बात है कि अब जिला मुख्यालय में ही कैंसर मरीजों का मुफ्त इलाज हो पायेगा। जिला में कैंसर के इलाज के लिए डॉक्टर नहीं होने के कारण पहले इलाज नहीं हो पाता था। अस्पताल के पांचवें तल्ले पर डेडिकेटेड कैंसर वार्ड होगा। यहां कैंसर के मरीज का डे केयर के साथ ही मेडिकल, सर्जिकल अंकोलॉजी के साथ एक ही छत के नीचे उपचार होगा। अभी रक्त विकार से जुड़े मरीज का ओल्ड बिल्डिंग के तीसरे तल्ले पर इलाज होता है। दुर्गा पूजा के बाद सुबह 11 बजे से दोपहर के 3:00 बजे तक कैंसर मरीजों के लिए ओपीडी सेवा के साथ ही वार्ड में भर्ती की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इससे रिम्स में रोगियों का दबाव काफी हद तक कम हो जायेगा। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, अब मरीजों को डे केयर में कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी के साथ टारगेटेड थेरेपी जैसी उपचार की सुविधा मिलेगी। आयुष्मान कार्डधारियों के कैंसर मेडिकल मैनेजमेंट सहित अन्य पैकेज में यह सेवा मुफ्त होगी। निजी संस्थानों में एक कीमोथेरेपी पर महंगी दवा के अलावा 5-7 हजार रुपये का खर्च आता है। एक मरीज को ऑपरेशन के पहले से बाद तक औसतन 12 कीमोथेरेपी से गुजरना पड़ता है। वार्ड के अंदर अत्याधुनिक उपकरणों के साथ ही ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड होंगे। मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर में ऐनेस्थिस्ट की मौजूदगी में कैंसर की छोटी और मध्यम दर्जे की सर्जरी भी की जा सकेगी।

# 72 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दीन दयाल विरुद्ध संभारी हरहु नाथ मम संकट भारी जो यह पढ़े हनुमान चालीसा हुए सिद्धि साखी गौरीसा तुलसीदास सदा हरि चेरा कीजै नाथ हृदय महु डेरा के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 72 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 72 वा कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ । सुनील मोदी आशा मोदी ने हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना संतरा फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की । मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित की। सुनील मोदी आशा मोदी ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया । श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया । पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई । सभी भक्तजनों को केसरिया पेडा चना गुड़ संतरा फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया । इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया स्नेह पोद्दार श्याम सुंदर जोशी आदि उपस्थित थे।

# रांची में भाजयुमो ने अमृत कलश में पवित्र मिट्टी संजोया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर ने मंगलवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश में पवित्र मिट्टी एकत्रित किया। इसमें बरियातू के डीएवी पब्लिक स्कूल, सेंट्रल एकेडमी स्कूल के छात्र और नृत्य प्रशिक्षण केंद्र के कलाकारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य वीके पांडेय, सेंट्रल एकेडमी स्कूल की प्राचार्य सुतपा भट्टाचार्य, नृत्य प्रशिक्षण ₹डांस वांसर₹ के निदेशक शिवम मनोहर ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहीदों की कुबार्नी को सहेजने के लिए अमृत वाटिका के निर्माण का निश्चय किया है। अमृत वाटिका के निर्माण के लिए देश के प्रत्येक घर से मिट्टी संग्रह करने का मुख्य उद्देश्य है कि शहीदों के स्मृति के लिए वाटिका में देश के हर व्यक्ति का योगदान हो। इस मौके पर मुख्य रूप से अमित कुमार, अनूप पांडेय, पल्लवी कुमारी, अंकिता चौरसिया, राखी सिंह, लक्ष्मी बाला आदि कई लोग उपस्थित थे।

### निजी स्कूलों में दुर्गा पूजा की छुट्टी 20 और सरकारी स्कूलों में 21 से 25 अक्टूबर तक

**रांची।** शहर के सभी स्कूलों में दुर्गा पूजा की छुट्टी की घोषणा कर दी गयी है। प्राइवेट स्कूलों में षष्ठी यानी 20 अक्टूबर से होगी। मिशन स्कूलों में भी 20 अक्टूबर से अवकाश रहेगा। निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को छह दिनों का अवकाश मिलेगा, जबकि सरकारी स्कूलों को पांच दिनों का अवकाश मिल रहा है। सरकारी स्कूलों में महासप्तमी यानी शनिवार 21 अक्टूबर से अवकाश रहेगा। सभी स्कूलों में 25 को अवकाश समाप्त हो जाएगा। मंगलवार 24 अक्टूबर को रावण दहन होगा और गुरुवार 26 अक्टूबर से सभी स्कूल अपने निर्धारित समय से चलेंगे।डीएवी समूह के स्कूलों सहित अन्य निजी स्कूलों में षष्ठी से अवकाश की घोषणा की गयी है। इससे पूर्व कई स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। पंचमी को अधिकांश स्कूलों में नवरात्र पर मां के विभिन्न स्वरूपों की प्रस्तुति की जाएगी। इसमें नाट्य मंचन और रावण वध का आयोजन होगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0-02,गढ़वा।**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GARHWA/13/2023-24_RE(2nd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के बड़गड़ प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–उगरा में कनहर नदी पर पुल का निर्माण कार्य। | 8,73,06,600.00 | 17,46,132.00 | 10000.00 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.10.2023 से दिनांक 30.10.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–01.11.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।

PR 309387 (Rural Development) 23-24 (D)



**कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार।**
**(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**"अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना– 02/2023–24"**

लातेहार जिलान्तर्गत अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए खाद्य–अखाद्य सामग्री, हरी साग–सब्जी, पठन–पाठन सामग्री एवं उपस्कर–बर्त्तन आपूर्त्ति करने हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक– 01.11.2023 को 01:00 बजे अपराह्न तक परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लातेहार के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है।

निविदा दिनांक– 01.11.2023 को 03:30 बजे अपराह्न में अध्यक्ष क्रय समिति के कार्यालय कक्ष में निविदादाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। निविदा का **"तकनीकी बिड"** एवं **"वित्तीय बिड"** अलग–अलग होगा। तकनीकी बिड विधिवत् पाए जाने के उपरांत ही संबंधित निविदादाता का वित्तीय बिड खोला जाएगा।

**(क) निम्नलिखित दस्तावेज तकनीकी अहर्त्ता पूर्ण करने के लिए अनिवार्य होगा। वांछित सभी दस्तावेजों को एक लिफाफा में जिसके ऊपर तकनीकी बिड अंकित हो, डालकर उसे सील बंद करके जमा करना होगा।**

1) निविदादाताओं को निविदा के साथ अग्रधन की राशि के रूप में जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार के पदनाम से 2,00,000/– (दो लाख) रूपये का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा।
2) GST का वित्तीय वर्ष 2023–24 का अद्यतन GSTR-1 एवं GSTR-3B जमा करना अनिवार्य होगा।
3) वित्तीय वर्ष 2022–23 का आयकर रिर्टन (Assesment Year 2023-24) जमा करना अनिवार्य होगा।
4) उपायुक्त द्वारा निर्गत आचरण प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
5) खाद्यान्न सामग्री आपूर्ति हेतु निविदादाता को खाद्य सुरक्षा अनुज्ञप्ति प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6) निविदादाता को काली सूची में दर्ज नहीं होने का शपथ–पत्र अनिवार्य रूप से मूल प्रति में जमा करना होगा।
7) खाद्य–अखाद्य सामग्री आपूर्ति करने का अनुभव प्रमाण–पत्र, संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8) निविदादाताओं का न्यूनतम टर्नओवर 150.00 (एक करोड़ पचास लाख रूपये) होना अनिवार्य होगा, जिसके लिए विगत एक वर्ष का ऑडिट रिपोर्ट जमा करना अनिवार्य होगा।
9) खाद्य–अखाद्य, पठन–पाठन एवं उपस्कर–बर्त्तन सामग्रियों का नमूना लाना अनिवार्य होगा।
10) निविदा में आमंत्रित सामग्री हेतु GST में निबंधन होना अनिवार्य होगा।
11) किसी भी निविदा को स्वीकृत करने, संशोधित करने तथा निविदा को अंशतः या पूर्णतः रद्द करने का अधिकार अध्यक्ष, क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा, जिसपर किसी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**(ख) वित्तीय निविदा :– वित्तीय बिड का लिफाफा अलग से सील बंद कर जमा करना होगा।**

1) निविदादाताओं को खाद्य–अखाद्य सामग्री, पठन–पाठन सामग्री एवं उपस्कर बर्त्तन के लिए अलग–अलग सामग्रियों से संबंधित दर सभी करों सहित लिफाफे में मुहरबंद कर जमा करना अनिवार्य होगा।
2) निविदा समर्पित कर देने के बाद प्रस्तुत कोई दर मान्य नहीं होगा।

नोट:– आपूर्त्ति किये जाने वाले सामग्रियों की सूची लातेहार जिला के **Website (latehar.nic.in)** से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 309353 (Welfare) 23-24 (D)



**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा**
**पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा**
PHONE - 06526-222396 Email-mdmloh@rediffmail.com

**आवश्यक सूचना**

**जिले के सरकारी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में SurPlus शिक्षकों के स्थानान्तरण पोर्टल पर विवरणी अपलोड किये गये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना।**

विभागीय सचिव के आदेशानुसार, जिले के सरकारी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के स्थानान्तरण की प्रक्रियाधीन है। जिले के कतिपय शिक्षक–शिक्षिकाएँ जो अधिशेष **(SurPlus)** शिक्षक के रूप में चिन्हित् है, उनके द्वारा अबतक पोर्टल में स्थानान्तरण हेतु वांछित छः विद्यालयों का विकल्प नहीं दिया गया है एवं वैसे शिक्षक जो **SurPlus** के रूप में चिन्हित् परतु शिक्षक स्थानान्तरण पोर्टल में आवेदन नहीं किया है, उनके लिए एक अन्तिम अवसर देते हुए राज्यस्तरीय कार्यालय से दिनांक 16.10.2023 से 20.10.2023 तक पोर्टल खोला जा रहा है। आवेदन अथवा वांछित विकल्पों के अभाव में ऐसे सभी शिक्षकों का **Random Selection** के द्वारा किसी भी विद्यालय में स्थानान्तरण **software** के माध्यम से कर दिया जायेगा।

उक्त के आलोक में वैसे संबंधित सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं को निदेश दिया जाता है कि शिक्षक स्थानान्तरण पोर्टल पर दिनांक 20.10.2023 तक विवरणी अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे जिसकी सूचना अधिकारिक बेवसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर प्रकाशित की जा रही है।

जिला शिक्षा अधीक्षक
लोहरदगा

PR 309364 Lohardaga (23-24)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 04/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेजों के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है ।
दिनांक–16.10.2023

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/01/23-24 | मनातू | 1 | मनातू से टनरवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | 1361.25 | तेरह करोड़ एकसठ लाख पच्चीस हजार रूपये | 09 माह | प्रथम |
| | | मनातू | 2 | मनातू चक मुख्य पथ से बिहार बॉर्डर भाया रहेया नवडीहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | मनातू | 3 | बी0टी0 रोड रबदा से मंझौली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | मनातू | 4 | छकनाडीह से टरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | मनातू | 5 | पदमा से बजलपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | मनातू | 6 | अब्दुलडीह से तेतरडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| 2 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/02/23-24 | निलाम्बर पिताम्बर | 1 | सांगबार मेन रोड से हरिजन टोला, डैम कुवरबांध तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | 1476.373 | चौदह करोड़ छिहत्तर लाख सैंतीस हजार तीन सौ रूपये। | 09 माह | प्रथम |
| | | निलाम्बर पिताम्बर | 2 | पटखोलीया से डबरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | पांकी | 3 | पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड डंडार कला से डंडार खुर्द तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | | | | |
| | | पांकी | 4 | पांकी बराज से लोहरसी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | पांकी | 5 | तेतराई पक्की सड़क से ग्राम टईया, बसरिया हरिजन टोला होते हुए बांकी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| 3 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/03/23-24 | पांकी | 1 | लोहरसी से गांगो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 1232.794 | बारह करोड़ बतीस लाख उन्नासी हजार चार सौ | 09 माह | प्रथम |
| | | पांकी | 2 | तेतराई पांकी रोड मुलागंज, बहुराहा से बसरिया नाहर भाया बसरिया कब्रिस्तान (पांकी से बसरिया भाया धुब) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | पांकी | 3 | बंदुवार आर0सी0डी0 रोड से कोनवाई बाजार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | | | | |
| 4 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/04/23-24 | छतरपुर | 1 | गुरारी से कोकरो तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | 1800.12 | अठारह करोड़ बारह हजार रूपये । | 09 माह | प्रथम |
| | | छतरपुर | 2 | बी0टी0 पथ मदनपुर से कचनपुर तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | छतरपुर | 3 | मुरूमदाग से सिलदाग खुर्द तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | छतरपुर | 4 | सिलदाग से लोहराही तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | छतरपुर | 5 | पी0डब्लू0डी0 पथ से करमा कला तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | छतरपुर | 6 | लठेया से कुई तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | छतरपुर | 7 | गुरारी मोड़ से पलवा तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | छतरपुर | 8 | आर0ई0ओ0 पथ से देवगम धाम तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | छतरपुर | 9 | T06 से तेनुडीह तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| 5 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/05/23-24 | छतरपुर | 1 | बारा (सिंघना) से लालगढ़ा भाया रिसीयपा एवं कउअल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 1442.08 | चौदह करोड़ बैयालीस लाख आठ हजार रूपये। | 09 माह | प्रथम |
| | | छतरपुर | 2 | बी0टी0 पथ रबदा से कोरामी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| 6 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/06/23-24 | चैनपुर | 1 | सलतुआ से बहेरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | 1262.214 | बारह करोड़ बासठ लाख एक्कीस हजार चार सौ रूपये। | 09 माह | प्रथम |
| | | चैनपुर | 2 | पी0डब्लू0डी0 पथ लादी पथ से पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ लादी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | रामगढ़ | 3 | रामगढ़ कुण्डपानी रोड से आदर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | रामगढ़ | 4 | बेड़मा मेन रोड से मजार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | रामगढ़ | 5 | रामगढ़ (उलडण्डा) से कुन्डपानी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | चैनपुर | 6 | चट्टीपार से देवी मंदिर होते हुए षिव मंदिर पुल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | | | | |
| | | रामगढ़ | 7 | बोरहट से पंचायत भवन होते हुए रामगढ़ (कुण्डपानी) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | | | | |
| | | चैनपुर | 8 | चांदो से अलखडीहा होते हुए अवसाने तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | चैनपुर | 9 | झरीवा (बन्दुआ) से गरदा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| 7 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/07/23-24 | हैदरनगर | 1 | जपला हैदरनगर पी0डब्लू0डी0 रोड से हैदरनगर स्टेषन भाया बिंदु बीघा चौकड़ी तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | 1548.353 | पन्द्रह करोड़ अड़तालीस लाख पैतीस हजार तीन सौ | 09 माह | प्रथम |
| | | हुसैनाबाद | 2 | नौडीहा से काजीनगर तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हैदरनगर | 3 | हैदरनगर पंसा रोड रहमानिया मोड़ से कबराकला तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हैदरनगर | 4 | हैदरनगर बेरवा रोड से जमुवा तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हैदरनगर | 5 | जपला मोहम्मदगंज मेन रोड से कुकही तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हैदरनगर | 6 | जपला मोहम्मदगंज पी0डब्लू0डी0 रोड खरडिहा से मोखरकला भाया कुदवा लोहापुरवा तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य। | | | | |
| | | मोहम्मदगंज | 7 | गोड़ाडीह से भाली तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य। | | | | |
| | | मोहम्मदगंज | 8 | T05 सोनबरसा मोड़ से बीरधवर तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य। | | | | |
| 8 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/08/23-24 | हुसैनाबाद | 1 | जपला छतरपुर पी0डब्लू0डी0 रोड से गडुराही भाया मोहम्मदाबाद तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | 1993.94 | उन्नीस करोड़ तिरांबे लाख चौरांबे हजार रूपये | 09 माह | प्रथम |
| | | हुसैनाबाद | 2 | दंगवार रोड से पोखराही तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हुसैनाबाद | 3 | जपला दंगवार रोड से दादरा गांव तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हुसैनाबाद | 4 | इटबांध से कोदवरिया घाट तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हुसैनाबाद | 5 | जपला छतरपुर मेन रोड से अलीनगर तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हुसैनाबाद | 6 | जपला छतरपुर पी0डब्लू0डी0 23 कि0मी0 कामगारपुर मोड़ से गम्हारबीघा मेन रोड भाया कामगारपुर तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हुसैनाबाद | 7 | जपला छतरपुर मेन रोड से हिरासिकनी तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हैदरनगर | 8 | हैदरनगर परता पथ से खरगड़ा तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | हैदरनगर | 9 | हैदरनगर परता रोड से सोनपुरवा तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य । | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 28.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 11.11.2023 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 13.11.2023 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –.06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR309318 (Rural Development)23-24*D

### वनडे विश्व कप 2023 : नीदरलैंड की ऐतिहासिक जीत

# दक्षिण अफ्रीका को 38 रन से हराया

**एजेंसी। धर्मशाला**

वनडे विश्व कप के 15वें मैच में दक्षिण अफ्रीका को नीदरलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 245 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 207 रन बना पाई और मैच 38 रन से हार गई।इस विश्व कप में यह दूसरा बड़ा उलटफेर है। इससे पहले अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को हराया था। बारिश से बाधित इस मैच में दोनों पारियों से सात-सात ओवर कम कर दिए गए थे। ऐसे में 43 ओवर के इस मैच में नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट खोकर 245 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 42.5 ओवर में 207 रन ही बना सकी और मैच 38 रन से हार गई।

वनडे विश्व कप 2023 इंग्लैंड के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम भी उलटफेर का शिकार हुई है। दक्षिण अफ्रीका को नीदरलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। इस विश्व कप में यह अफ्रीका की तीन मुकाबलों में पहली हार है। इससे पहले इस टीम ने श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया को हराया था, लेकिन नीदरलैंड की टीम बड़ा उलटफेर करने में सफल रही। बारिश के कारण मैच देरी से शुरू हुआ और दोनों पारियों से सात-सात ओवर की कटौती हुई। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। नीदरलैंड की शुरूआत कुछ खास नहीं थी। 82 रन पर आधी टीम पवेलियन लौट गई थी। इसके बाद कप्तान एडवर्ड्स ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ मिलकर बेहतरीन साझेदारियां की और अपनी टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।





### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 6 | +1.821 |
| न्यूजीलैंड | 3 | 3 | 0 | 6 | +1.604 |
| सा. अफ्रीका | 3 | 2 | 1 | 4 | 1.385 |
| पाकिस्तान | 3 | 2 | 1 | 4 | -0.137 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.084 |
| अफगानिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.652 |
| बांग्लादेश | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.699 |
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.734 |
| नीदरलैंड्स | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.993 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.532 |

### स्कोर बोर्ड

| नीदरलैंड्स | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विक्रमजीत सिंह | 2 | 16 | 0 | 0 |
| मैक्स ओ'डाउड | 18 | 25 | 4 | 0 |
| कॉलिन ऐकरमैन | 12 | 25 | 1 | 0 |
| बास डलीडे | 2 | 7 | 0 | 0 |
| साइब्रैंड एंगलब्रेख्त | 19 | 37 | 1 | 1 |
| एन अनिल तेजा | 20 | 25 | 3 | 0 |
| स्कॉट एडवर्ड्स | 78 | 69 | 10 | 1 |
| लोगन वैन बीक | 10 | 27 | 1 | 0 |
| रुलॉफ वैन डर मर्व | 29 | 19 | 3 | 1 |
| आर्यन दत्त | 23 | 9 | 0 | 3 |

**अतिरिक्त :** 32, **कुल :** 245/8 (43 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-22, 2-24, 3-40, 4-50, 5-82, 6-112, 7-140, 8-204 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** लुंगिसानी एनगिडी 9-1-57-2, मार्को यानसन 8-1-27-2, कगिसो रबाडा 9-1-56-2, जेराल्ड कट्जी 8-0-57-1, केशव महाराज 9-0-38-1

| साउथ अफ्रीका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तेम्बा बवूमा | 16 | 31 | 2 | 1 |
| क्विंटन डिकॉक | 20 | 22 | 3 | 0 |
| रासी वान दर दुसें | 4 | 7 | 0 | 0 |
| एडन मारक्रम | 1 | 3 | 0 | 0 |
| हेनरिक क्लासेन | 28 | 28 | 4 | 0 |
| डेविड मिलर | 43 | 52 | 4 | 1 |
| मार्को यानसन | 9 | 25 | 0 | 0 |
| जेराल्ड कट्जी | 22 | 23 | 2 | 1 |
| केशव महाराज | 40 | 37 | 5 | 1 |
| कगिसो रबाडा 9 | 6 | 0 | 1 | |
| लुंगिसानी एनगिडी 7 | 24 | 0 | 0 | |

**अतिरिक्त :** 08, **कुल :** 207/10 (42.5 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-36, 2-39, 3-42, 4-44, 5-89, 6-109, 7-145, 8-147, 9-166, 10-207. डीआरएस
**गेंदबाजी :** आर्यन दत्त 5-1-19-0, लोगन वैन बीक 8.5-0-60-3, कॉलिन ऐकरमैन 3-0-16-1, पॉल वैन मीकरेन 9-0-40-2, रुलॉफ वैन डर मर्व 9-0-34-2, बास डलीडे 8-0-36-2

# रोहित शर्मा एक 'आदर्श कप्तान' हैं : रिकी पोंटिंग





**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने वर्ल्ड कप में भारत के शानदार प्रदर्शन के लिए रोहित शर्मा की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और उन्हें 'आदर्श कप्तान भी कहा है। भारत ने पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर दमदार जीत के साथ अपने 2023 विश्व कप अभियान की शानदार शुरूआत की है। तीन जीतों ने रोहित की अगुवाई वाली टीम को टेबल में शीर्ष पर पहुंचा दिया है। भारत के इस शानदार प्रदर्शन में रोहित शर्मा की अहम भूमिका रही है। चाहे बल्लेबाजी हो या कप्तानी, हिटमैन शानदार लय में नजर आ रहे हैं। पोंटिंग ने आईसीसी से कहा, रोहित बहुत शांत स्वभाव का है। वह जो कुछ भी करता है उसमें बहुत शांत रहता है। आप उसके खेलने के तरीके में भी यह देख सकते हैं। वह काफी शांत स्वभाव का बल्लेबाज भी है और मैदान के अंदर और बाहर भी वह इसी तरह का है। दिसंबर 2021 से सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों में विराट कोहली के बाद भारत की कप्तानी रोहित शर्मा ने संभाली है। पोंटिंग का दावा है कि रोहित भारत के लिए सही कप्तान हैं क्योंकि वे अपने घरेलू मैदान पर प्रमुख प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिससे कोहली को अपनी प्रमुख बल्लेबाजी भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। भारत ने आखिरी बार क्रिकेट विश्व कप तब जीता था जब टूर्नामेंट 2011 में तीन देशों में आयोजित किया गया था। भारत ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में साथी मेजबान श्रीलंका को हराया था। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग को लगता है कि इस बार ट्रॉफी भारत के पास आने वाली है।

### 141वें आईओसी सत्र के तीसरे और आखिरी दिन की बैठक

# 8 नये आईओसी सदस्यों का हुआ चयन

**एजेंसी। मुंबई**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने मंगलवार को मुंबई में चल रहे 141वें आईओसी सत्र के तीसरे और आखिरी दिन के बैठक के दौरान आगामी सत्र के लिए आठ नए आईओसी सदस्यों का चयन किया, जिसमें चार महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। आईओसी ने एक बयान में कहा, भारत के मुंबई में 141वें आईओसी सत्र की बैठक में आज आठ नए आईओसी सदस्य चुने गए, जिनमें चार महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं, जिससे आईओसी सदस्यता में महिलाओं का अनुपात 41.1 प्रतिशत हो गया है। यह आईओसी की उदाहरण के साथ नेतृत्व करने की महत्वाकांक्षा और शासन संरचनाओं में महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाए जाने को ध्यान में रखते हुए किया गया है। मुंबई में एक समारोह में सदस्य के रूप में मतदान के बाद ऑस्कर विजेता हॉलीवुड अभिनेत्री मिशेल येओह (बॉन्ड गर्ल) को भी आईओसी के सदस्य के रूप में चुना



गया। वह मुंबई में ओलंपिक समिति की बैठक के दौरान प्रस्तावित आठ नए सदस्यों में से एक थीं। इसके बाद सत्र ने सदस्यता में शामिल होने के लिए इजराइल के येल अराद को चुना। अराद, एक सेवानिवृत्त जूडोका, इजराइल की पहली ओलंपिक पदक विजेता हैं, जिन्होंने बार्सिलोना 1992 में ओलंपिक खेलों में रजत पदक जीता था। उन्हें नवंबर 2021 में इजराइल की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जिससे वह यह पद संभालने वाली पहली महिला बन गईं। हंगरी के खेल प्रशासक बालाज फर्जेस और पेरू की ओलंपियन सेसिलिया रोक्साना टैट विलाकोर्टा को भी सदस्यता के लिए चुना गया। दो उम्मीदवारों, स्वीडन से पेट्रा सॉलिंग, अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) की अध्यक्ष, और कोरिया गणराज्य से अंतरराष्ट्रीय स्केटिंग संघ (आईएसयू) के अध्यक्ष जे-यूल किमको अंतरराष्ट्रीय महासंघ (आईएफ) के भीतर उनके कार्यों के आधार पर चुना गया। इस बीच, ट्यूनीशिया के मेहरेज बौसयेने को कॉमेट नेशनल ओलंपिक ट्यूनीशिया के अध्यक्ष के रूप में सदस्यता के लिए चुना गया। इन चुनावों से आईओसी सदस्यों की कुल संख्या 107 हो गई है। गौरतलब है कि इससे पहले सोमवार को आईओसी ने घोषणा की थी कि क्रिकेट 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों का हिस्सा होगा और 128 साल बाद इस बहु-खेल प्रतियोगिता में वापसी करेगा। शनिवार को मुंबई में आईओसी सत्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। यह सत्र आईओसी के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक के रूप में कार्य करता है। ओलंपिक खेलों के भविष्य के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय आईओसी सत्र में लिए जाते हैं।

## श्रीलंका ने धनुष्का गुणतिलके पर से प्रतिबंध हटाया



**कोलंबो।** क्रिकेट श्रीलंका ने मंगलवार को धनुष्का गुणतिलका पर आस्ट्रेलिया में यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया है जिससे राष्ट्रीय टीम में उनकी वापसी का मार्ग प्रशस्त हुआ है। एक विज्ञप्ति में कहा गया, श्रीलंका क्रिकेट की स्वतंत्र जांच समिति ने उन पर नवंबर 2022 में लगाया गया प्रतिबंध पूरी तरह से हटाने की सिफारिश की है। न्यू साउथ वेल्स की जिला अदालत ने उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया है और वह 3 अक्टूबर को श्रीलंका लौट आए हैं।' इसमें कहा गया, अब वह राष्ट्रीय टीम के लिए खेल सकते हैं।' नवंबर 2022 में गुणतिलका पर आस्ट्रेलिया में एक महिला ने कथित यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये थे।

# यूरो 2024 क्वालीफायर में पुर्तगाल ने बोस्निया-हजेगोविना को 5-0 से हराया

**एजेंसी। साराजेवो**

पुर्तगाल ने सोमवार को यूईएफए यूरो 2024 क्वालीफायर के ग्रुप जे में बोस्निया और हजेगोविना (बीआईएच) पर 5-0 से जीत हासिल की। पुर्तगाल के तरफ से स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने दो, ब्रूनो फर्नांडिस, जोआओ कैंसलो और जोआओ फेलिक्स ने 1-1 गोल किया।

पुर्तगाल ने मैच में जोरदार शुरूआत की और क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मैच के पांचवें मिनट में ही पेनल्टी के जरिये गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। मैच के 20वें मिनट में रोनाल्डो ने मैच का अपना दूसरा गोल करते हुए पुर्तगाल की बढ़त 2-0 कर दी। इसके बाद मैच के 25वें मिनट में ब्रूनो फर्नांडिस ने एक और गोल कर अपनी टीम की बढ़त 3-0 कर दी। इस गोल के सात मिनट बाद जोआओ कैंसलो ने गोल कर पुर्तगाल की बढ़त 4-0 कर दी।

मध्यांतर से चार मिनट पहले



मैच के 41वें मिनट में जोआओ फेलिक्स ने गोल कर बढ़त 5-0 कर दी। पुर्तगाली टीम मध्यांतर तक 5-0 से आगे रही। मध्यांतर के बाद दोनों टीमों के बीच काफी बेहतरीन फुटबॉल का नजारा देखने को मिला, हालांकि दोनों ही टीमें गोल करने में असफल रहीं और पुर्तगाल ने मैच 5-0 से अपने पक्ष में किया।

पुर्तगाल अब आठ जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि बीआईएच पांचवें स्थान पर खिसक गया है, जिससे उसने अगली गर्मियों में जर्मनी में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने का मौका खो गया है।

## तीन मैचों का प्रतिबंध झेल रहे नाचो फर्नांडीज को मिली राहत



**मैड्रिड।** स्पेनिश फुटबॉल महासंघ की अपील समिति ने सेंट्रल डिफेंडर नाचो फर्नांडीज पर लगे तीन मैचों के प्रतिबंध को घटाकर दो मैचों का कर दिया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नाचो इस सप्ताहांत सेविला के खिलाफ होने वाले मैच में नहीं खेल पाऐंगे, लेकिन वह एफसी बार्सिलोना के खिलाफ सीजन के पहले 'क्लासिको' के लिए उपलब्ध रहेंगे। यह रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी के लिए अच्छी खबर है, जो घुटने की चोट के बाद पूरे सीजन एडर मिलिटाओ के बिना रहे हैं, जबकि डेविड अलाबा अभी भी कमर की समस्या के कारण फिटनेस के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जिसने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय ब्रेक से पहले दरकिनार कर दिया था।

## हॉकी झारखंड का ट्रायल 21 को रांची में

**रांची।** 17 से 28 नवंबर तक तमिलनाडु में आयोजित 13वी हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023के लिए हॉकी झारखंड के पुरुष हॉकी टीम गठन के लिए खिलाड़ियों को चयन ट्रायल दिनांक 21अक्टूबर 2023 को पूर्वाहन 10.00बजे एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम बरियातू गर्ल्स हाई स्कूल रांची में होगी। इस चयन ट्रायल में झारखंड को कोई भी हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते है जो पूर्व से निबंधित है। चयन ट्रायल में जन्म प्रमाण पत्र,आधार कार्ड,हॉकी इंडिया की आई डी कार्ड लाना आवश्यक है।

# सनम सेखों ने जीती ड्रिफ्ट चैलेंज चैंपियनशिप

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**

भारत के ड्रिफ्ट चैंपियन के रूप में जाने जाने वाले सनम सेखों ने पहली ड्रिफ्ट चैलेंज में दबदबा बनाए रखा और देश की पहली तीन श्रेणियों में से दो में निर्विरोध जीत हासिल की। इसके अलावा मुदित ग्रोवर भी ड्रिफ्ट चैलेंज की सभी तीन श्रेणियों में पोडियम पर रहे। सेखों ने अपनी विशेष रूप से तैयार की गई लेक्सस जीएस 300 को कोनों के चारों ओर साइड में घुमाते हुए संतुलित और नियंत्रण में रखा। इसी तरह मुदित ने अपनी बीएमडब्लू ई46 में टायर-स्मोकिंग कार नियंत्रण में अपना



कौशल दिखाया। चंडीगढ़ के ड्राइवर ने 744 अंकों के साथ डी1 श्रेणी जीती, उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी जुगराज सिंह भुर्जी ने बीएमडब्ल्यू एम3 चलाकर केवल 476 अंक हासिल किए। मुदित ग्रोवर ने 286 अंकों के साथ बीएमडब्ल्यू में तीसरा स्थान हासिल किया। सेखों ने 460 अंक बनाए और मुदित ग्रोवर (262 अंक) और मुग्धा ग्रोवर के साथ मर्सिडीज सी200 के (156 अंक) चलाकर डी2 श्रेणी भी जीत ली और पोडियम पूरा किया। जापान से तानिगुची अत्सुशी, थाईलैंड से तनाकोर्न लेर्टयाओवर्ट और भारत से एलिस्टेयर ने जज की भूमिका निभाई और ड्राइवरों की लाइन, कोण, शैली और गति सहित कई मापदंडों को परखा। टायर की चौड़ाई के आधार पर तीन श्रेणियां - डी1, डी2 और ओपन रखी गई थीं। ऊ श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने वाली कारें 215-255 मिमी चौड़े टायरों पर चल रही थीं। डी2 श्रेणी में अधिकतम टायर की चौड़ाई 205 मिमी थी, जबकि सभी प्रतिस्पर्धी, चाहे उनके टायरों की चौड़ाई कुछ भी हो।

### खेल मंत्रालय ने एशियाई पैरा खेलों के लिए 303 एथलीटों

# 143 कोचों-सहायक कर्मचारियों को दी मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने चीन के हांगझू में 22 से 28 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई पैरा खेलों में भाग लेने के लिए 17 खेल विधाओं में कुल 303 खिलाड़ियों को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने एशियाई पैरा खेलों के दल का हिस्सा बनने के लिए कुल 143 कोचों, एस्कॉर्ट्स, अधिकारियों और सहायक कर्मचारियों को भी मंजूरी दे दी। मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, एथलीटों की सूची में 191 पुरुष और 112 महिला एथलीट



शामिल हैं, जिनमें से 123 एथलीटों के सबसे बड़े दल को एथलेटिक्स स्पधाओं के लिए मंजूरी दी गई है। 2018 में एशियाई पैरा खेलों के पिछले संस्करण में 13 खेल स्पधाओं में कुल 190 एथलीटों ने भाग लिया था, जहां भारत ने 15 स्वर्ण सहित कुल 72 पदक जीते थे।

### आयोजन — महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के सातवें संस्करण की रांची करेगा मेजबानी

# टूर्नामेंट हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण : बिछू देवी

**नवीन मेल संवददाता। रांची**

झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023, जो 27 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2023 तक होने वाली है, जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, महिला हॉकी के क्षेत्र में प्रत्याशा बढ़ रही है। भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर बिछू देवी खारीबाम, जो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पहली उपस्थिति की तैयारी कर रही हैं, ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट और वह भी घरेलू धरती पर खेलने को लेकर उत्साह व्यक्त किया है। 2022 में भारतीय टीम में पदार्पण करने वाली बिछू देवी ने कहा, मैं रांची में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुने जाने से रोमांचित हूं। यह मेरे लिए खुशी का क्षण है और मैं इस अवसर के लिए आभारी हूं। आगामी टूर्नामेंट में अपने सीनियर्स से मदद लेने के अलावा, मैं उस अनुभव का उपयोग करने के लिए उत्सुक हूं जो मैंने हांग्जो में



हाल ही में संपन्न एशियाई खेलों के दौरान हासिल किया था। इस बीच, बिछू देवी ने 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी में झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के महत्व पर जोर दिया और कहा, टूर्नामेंट हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में काम करेगा क्योंकि हम 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह कहने की जरूरत नहीं है कि हमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए अगले तीन महीनों तक वास्तव में कड़ी मेहनत करनी होगी, इसलिए, रांची में आगामी टूर्नामेंट हमारी प्रगति का आकलन करने और मजबूत विरोधियों के खिलाफ हमारी ताकत का परीक्षण करने के लिए आवश्यक है। महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के सातवें संस्करण की मेजबानी रांची में की जा रही है, जो अपने उत्साही हॉकी प्रशंसक आधार के लिए प्रसिद्ध शहर है। बिछू देवी स्थानीय समर्थन से उत्साहित हैं और उन्होंने कहा, रांची जोशीले हॉकी प्रशंसकों से भरी हुई है और हम उम्मीद कर रहे हैं कि वे बड़ी संख्या में स्टेडियम में हमारा उत्साह बढ़ाने आएंगे। हम प्रशंसकों से प्रेरणा लेंगे और मैदान पर अपना योगदान देने का लक्ष्य रखेंगे। हालाँकि बढ़ी हुई उम्मीदें दबाव लाती हैं, हम एक दूसरे को प्रेरित करने के लिए एक टीम के रूप में एकजुट होंगे।" गौरतलब है कि भारतीय महिला टीम ने 2016 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था और 2018 में अगले संस्करण में वह उपविजेता रही थी। इसलिए, टीम का लक्ष्य अच्छा प्रदर्शन जारी रखना और पोडियम पर समाप्त करना होगा। झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में मेजबान देश भारत के साथ-साथ चीन, जापान, मलेशिया, कोरिया और थाईलैंड सहित टीमों की एक मजबूत लाइनअप शामिल होगी।

तैयारियों और भारत की संभावनाओं के बारे में, 22 वर्षीय बिछू देवी ने अपना विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, हमारे पास हर स्तर तक जाने और उस मायावी ट्रॉफी को सुरक्षित करने की क्षमता है। हमारा दृष्टिकोण एक समय में एक मैच लेने का होगा और हम हमारे पिछले अनुभवों से सीख लेते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे, जैसे कि हाल ही में संपन्न एशियाई खेलों में चीन से सेमीफाइनल में हमारी हार थी। हालांकि, उस झटके के बावजूद, हमने जापान के खिलाफ कांस्य पदक मैच में विजयी वापसी करके अपनी टीम की गुणवत्ता का प्रदर्शन किया और यह उसी तरह की प्रेरणा हम महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपने साथ रखेंगे।' साथ ही, आगामी टूर्नामेंट में मेरा ध्यान चीजों को सरल रखने और शॉर्ट पासिंग, विरोधियों के पलटवार को नकारने और हमारे कोच द्वारा हमें सिखाए गए सभी आवश्यक पहलुओं जैसे बुनियादी सिद्धांतों पर महारत हासिल करने पर होगा।

# खेल विभाग चैंपियन एथलीटों से कोच के तौर पर सेवाएं लेगा

**नवीन मेल संवददाता। रांची**

राज्य सरकार पूर्व चैंपियन एथलीट खिलाड़ियों से कोच के तौर पर सेवा लेगी। इसके लिए झारखंड खेल प्राधिकरण ने नियुक्ति संबंधी विज्ञापन जारी करते दो नवंबर तक आवेदन मांगे हैं। इसके मुताबिक सात जिलों के खेलो इंडिया सेंटर्स में कोच के तौर पर पूर्व एथलीट खिलाड़ियों को कोच के तौर पर अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जाएगा। इनमें गिरिडीह, देवघर, लातेहार, गुमला, पाकुड़, जामताड़ा और लोहरदगा जैसे जिले शामिल हैं। इन सभी जिलों में अलग-अलग खेल के लिए खेलो इंडिया सेंटर में 1-1 कोच रखे जाएंगे। गिरिडीह जिले के जमुआ स्टेडियम स्थित खेलो इंडिया सेंटर में फुटबॉल के लिए एक कोच नियुक्त किया जाएगा। देवघर के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कुमैठा स्थित सेंटर में एथलेटिक्स के लिए एक, लातेहार के आवासीय स्पोर्ट्स सेंटर में एथलेटिक्स के लिए एक, गुमला के आवासीय एथलेटिक्स ब्वॉयज ट्रेनिंग सेंटर में भी एथलेटिक्स के लिए एक, पाकुड़ में जिला स्तरीय स्टेडियम (बैंक कॉलोनी) सेंटर में एथलेटिक्स के लिए एक कोच की जरूरत है। जामताड़ा में इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन के लिए एक और लोहरदगा में यूपीजी हाईस्कूल बिटपी सेंटर में वेबसाइट www.sajha.in से आवेदन संबंधी जानकारी लेकर जरूरी डाक्यूमेंट्स के साथ इसे मोराबादी, रांची स्थित साझा कार्यालय के पते पर दो नवंबर तक भेज देना होगा। चयनित अभ्यर्थियों को बाद में इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा।